


बालाघाट म.प्र. से प्रकाशित एवं बालाघाट, सिवनी (म.प्र.) एवं गोंदिया भंडारा (महा.) मे एक साथ प्रसारित हिन्दी दैनिक..

# जग प्रेरणा

बालाघाट - 25 मई 2026 | दिन - सोमवार | वर्ष-14 वां | पृष्ठ - 12 | अंक - 117 | मूल्य - 5 रुपये









# पाकिस्तान : बलूचिस्तान में शटल ट्रेन में विस्फोट, कम से कम 24 लोगों की मौत

कराची, (भाषा)।

***पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में रविवार को एक शटल ट्रेन में हुए शक्तिशाली विस्फोट में कम से कम 24 लोग मारे गए और कई अन्य घायल हुए हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। प्रतिबंधित संगठन बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने क्वेटा में हुए इस धमाके की जिम्मेदारी ली है।***



सरकारी समाचार एजेंसी एसोसिएटेड प्रेस ऑफपाकिस्तान (एपीपी) के अनुसार, यह शटल ट्रेन क्वेटा छावनी से रेलवे स्टेशन की ओर जा रही थी, तभी इसे चमन फाटक के पास निशाना बनाया गया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने संपर्क करने पर बताया कि मृतकों की संख्या 24 तक पहुंच चुकी है, हालांकि उन्होंने कहा कि यह आंकड़ा और बढ़ सकता है। उन्होंने कहा, ''चलती ट्रेन में हुआ धमाका बेहद शक्तिशाली था।'' क्वेटा के दो अलग-अलग अस्पतालों के कम से कम दो चिकित्सकों ने पुष्टि की कि शवगृह में 20 शव रखे गए हैं। इनमें से एक चिकित्सक ने कहा, ''मैं आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कह सकता, लेकिन सिविल अस्पताल और बोलान मेडिकल कॉलेज अस्पताल में हमारे पास 20 शव हैं।'' दोनों चिकित्सकों ने यह भी बताया कि महिलाओं और बच्चों समेत 50 से अधिक लोगों का दोनों अस्पतालों में उपचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कुछ शव और घायल क्वेटा जिला अस्पताल भी ले जाए गए हैं। बीएलए के एक प्रवक्ता ने दावा किया कि यह हमला उस समय किया गया जब ट्रेन छावनी क्षेत्र से सैन्यकर्मियों को ले जा रही थी। बलूचिस्तान प्रांत की सरकार के प्रवक्ता शाहिद रिंद ने पहले 14 मृतकों का आंकड़ा दिया था, जिसे बाद में बढ़ाकर उन्होंने मौतों की संख्या बढ़ने की पुष्टि की। उन्होंने फोन पर कहा, ''हम जल्द ही एक और मीडिया ब्रीफिंग देंगे, लेकिन मैं यह कह सकता हूं कि हताहत लोगों की संख्या बढ़ी है।'' सरकार ने इससे पहले बताया था कि मृतकों में फ्रंटियर कोर के तीन कर्मी शामिल हैं। पाकिस्तान के रेल मंत्री हनीफ अब्बासी ने कहा कि शटल ट्रेन में असैन्य यात्री भी सवार थे और धमाका इंजन तथा तीन डिब्बों में हुआ। टेलीविजन चैनलों ने प्रत्यक्षदर्शियों के हवाले से बताया कि उन्होंने विस्फोटक से भरी एक मिनीवैन को ट्रेन से टकराते हुए देखा, जिसके बाद धमाका हुआ। विस्फोट की तीव्रता से आसपास खड़े वाहनों के शीशे और नजदीकी इमारतों की खिड़कियां टूट गईं। अधिकारियों के अनुसार, बड़ी संख्या में यात्री ईद पर्व के लिए अपने गृह नगरों की ओर जाने के लिए रेलगाड़ियों का इंतजार कर रहे थे। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने घटना की निंदा करते हुए कहा, ''आतंकवाद की ऐसी कायरतापूर्ण घटनाएं पाकिस्तान के लोगों के संकल्प को कमजोर नहीं कर सकतीं।'' उन्होंने कहा, ''हम हर तरह के आतंकवाद को खत्म करने के अपने संकल्प पर अडिग हैं।'' रेलवे अधिकारियों ने बताया कि धमाके के बाद एहतियातन पेशावर जाने वाली जाफर एक्सप्रेस को क्वेटा रेलवे स्टेशन पर रोक दिया गया। प्रांत के गृह मंत्रालय के प्रवक्ता बाबर यूसुफजई ने कहा कि विस्फोट के बाद सभी संबंधित संस्थानों को 'हाई अलर्ट' पर रखा गया है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे सुरक्षा के लिए घटनास्थल के पास एकत्र न हों, ताकि राहत कार्य बिना बाधा के चल सके। बलूचिस्तान में पिछले कई वर्षों से ऐसे हमले होते रहे हैं। क्वेटा और पेशावर के बीच चलने वाली जाफर एक्सप्रेस को हाल के वर्षों में कई बार निशाना बनाया गया है, जिसमें मार्च में हुआ हमला सबसे भीषण था। सितंबर 2025 में मस्तुंग के दाश्त क्षेत्र में रेलवे ट्रैक पर हुए विस्फोट में जाफर एक्सप्रेस का एक डिब्बा नष्ट हो गया था और छह डिब्बे पटरी से उतर गए थे, जिसमें 12 यात्री घायल हुए थे।




# यूसीसी से आदिवासियों पर कोई असर नहीं पड़ेगा, दुष्प्रचार के झांसे में न आए : अमित शाह

नई दिल्ली, (भाषा)।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि प्रस्तावित समान नागरिक संहिता (यूसीसी) आदिवासियों को किसी भी तरह से प्रभावित नहीं करेगी। उन्होंने समुदाय से इस मुद्दे पर फैलाए जा रहे ''दुष्प्रचार'' के झांसे में न आने का आग्रह किया। आदिवासी नायक बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में जनजातीय सुरक्षा मंच द्वारा लाल किला मैदान में आयोजित 'जनजातीय सांस्कृतिक समागम' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि भाजपा शासित राज्यों में यूसीसी को लागू करने के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं, ताकि जनजातीय समुदायों को इसके दायरे से बाहर रखा जा सके। शाह ने कहा, ''अब एक साजिश शुरू हो गई है जिसमें दावा किया जा रहा है कि समान नागरिक संहिता आदिवासी समुदायों को उनकी संस्कृति, परंपराओं और अपने रीति-रिवाजों के अनुसार जीने के अधिकार से वंचित कर देगी।'' उन्होंने कहा, ''आज, इस मंच से, नरेन्द्र मोदी सरकार में गृह मंत्री के रूप में, मैं यह बिल्कुल स्पष्ट करना चाहता हूं कि यूसीसी का कोई भी प्रावधान आदिवासी समुदायों या वनवासी समाज पर थोपा नहीं जाएगा।'' शाह ने कहा कि जिन भी राज्यों में भाजपा सरकारों ने यूसीसी लागू किया है, मोदी सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि सभी आदिवासी समुदाय इसके दायरे से बाहर रहें। गृह मंत्री ने आदिवासी समुदायों से प्रस्तावित कानून से भयभीत न होने का आग्रह किया और लोगों से गांवों एवं वन क्षेत्रों में जागरूकता फैलाने की अपील की। उन्होंने कहा, ''मैं भ्रम फैलाने वाले सभी लोगों को बताना चाहता हूं कि यूसीसी किसी भी आदिवासी या वनवासी भाई या बहन की परंपराओं और रीति-रिवाजों में हस्तक्षेप नहीं करेगा।'' नक्सलवाद का जिक्र करते हुए शाह ने कहा कि देश इस समस्या से मुक्ति की ओर अग्रसर है, और दावा किया कि हिंसा के कारण दशकों से आदिवासी विकास प्रभावित हुआ है।



## 28 मई को होने वाली CUET (UG) 2026 परीक्षा स्थगित..

नई दिल्ली।

***CUET (UG) 2026 यानी कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों के लिए बड़ी खबर है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने 28 मई 2026 को आयोजित होने वाली CUET (UG) परीक्षा को स्थगित करने की घोषणा की है।***

यह एग्जाम दो शिफ्टों में आयोजित किया जाना था, लेकिन फिलहाल अब इसको टाल दिया गया है। एनटीए की तरफ से जारी ऑफिशियल नोटिफिकेशन के अनुसार, भारत सरकार की तरफ से ईद-उल-जुहा यानी बकरीद की छुट्टी की तारीख में बदलाव करने के बाद यह निर्णय लिया गया है। माना जा रहा है कि एनटीए ने त्योहार और अभ्यर्थियों की सुविधा का ख्याल करते हुए 28 मई की परीक्षा को स्थगित किया है। एनटीए ने अपने स्टेंटमेंट में यह साफ किया है कि जिन अभ्यर्थियों का एग्जाम 28 मई को निर्धारित था, उनके लिए परीक्षा की नई तारीख का ऐलान जल्द ही किया जाएगा।

एनटीए ने अभ्यर्थियों को सलाह दी है कि वे नियमित तौर पर उनकी ऑफिशियल वेबसाइट और अपडेट्स को चेक करते रहें।

आवश्यकता है..

बालाघाट शहर के प्रसिद्ध डिस्ट्रीब्यूटर वाधवानी फटाखा बाजार एवं विजय सेल्स में कार्य के लिये मार्केटिंग सेल्समेन, पुरुष एवं महिला कर्मचारी की आवश्यकता है।

संपर्क करे..

मो. 9425639000, 9300039839, 7693039839









दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

हसीब मोहम्मद सिवनी

मो. 7898530101





विज्ञापन आमंत्रित है..

संपर्क -

9329033433


# धनौरा में शराब माफियाओं के खिलाफ फूटा जन आक्रोश, ग्रामीणों ने खोला मोर्चा..





**जगप्रेरणा धनौरा।**

धनौरा क्षेत्र के ग्राम पंचायत सर्रा में अवैध शराब कारोबार के खिलाफ शनिवार को ग्रामीणों का गुस्सा खुलकर सड़क पर दिखाई दिया। गांव की महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों सहित करीब एक हजार ग्रामीणों ने एकजुट होकर शराब माफियाओं के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया और प्रशासन को दो टूक चेतावनी दी कि यदि अवैध शराब बिक्री पर तत्काल रोक नहीं लगी तो आंदोलन और उग्र किया जाएगा।

ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार शिकायतों और ज्ञापनों के बावजूद पुलिस एवं आबकारी विभाग द्वारा प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही, जिसके चलते गांव में फिर से खुलेआम कच्ची एवं पक्की शराब का कारोबार फल-फूल रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि शराब माफियाओं के हौसले इतने बुलंद हो चुके हैं कि अब गांव का माहौल खराब होने लगा है और दूर-दराज क्षेत्रों से शराबियों की आवाजाही बढ़ गई है। नशा मुक्ति अभियान से जुड़े कार्यकर्ताओं ने बताया कि वे लंबे समय से गांव-गांव जाकर गुप्त रूप से शराबबंदी को लेकर जनजागरण अभियान चला रहे हैं। सामाजिक कार्यकर्ताओं का कहना है कि बिना किसी प्रचार-प्रसार के समाज को नशामुक्त बनाने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं और लोग अब खुलकर इस मुहिम से जुड़ रहे हैं। शनिवार को नशा मुक्ति अभियान के संयोजक सुरेंद्र जैन, जनपद उपाध्यक्ष अर्जुन सिंह एवं पेसा एक्ट सेक्टर अध्यक्ष शिव उईके के नेतृत्व में ग्रामीणों ने पहले रेस्ट हाउस पहुंचकर घंसौर एसडीएम एवं धनौरा तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। इसके बाद महिलाएं एवं ग्रामीण नारेबाजी करते हुए विशाल रैली के रूप में थाना पहुंचे और थाना प्रभारी को भी ज्ञापन देकर कड़ी कार्रवाई की मांग की।

रैली में शामिल महिलाओं ने साफ शब्दों में कहा कि गांवों को शराब मुक्त बनाने के लिए अब आर-पार की लड़ाई लड़ी जाएगी। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि शराब माफियाओं पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन की जिम्मेदारी पूरी तरह शासन-प्रशासन की होगी। ग्रामीणों ने कहा कि आदिवासी समाज पहले ही सामूहिक रूप से शराबबंदी का निर्णय ले चुका है, लेकिन कुछ असामाजिक तत्व प्रशासनिक ढिलाई का फायदा उठाकर गांवों का माहौल खराब करने में लगे हुए हैं। लोगों ने स्पष्ट कहा कि किसी भी कीमत पर गांवों की युवा पीढ़ी को नशे की गिरफ्त में नहीं जाने दिया जाएगा।

# मध्य प्रदेश में मोहन यादव और शिवराजसिंह की चक्की में पीस रहा है अन्नदाता किसान..

## विधायक और सांसद मौन–धन सिंह ठाकुर..



**जगप्रेरणा सिवनी।**

राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के प्रांत महामंत्री द्वारा बताया गया कि गेहूं उपार्जन हुई उपार्जन पोर्टल पर स्लाट बुकिंग की समय सीमा बढ़ाना तकनीकी समस्याओं का निराकरण प्रभावित किसानों को ऑफलाइन टोकन की व्यवस्था - अन्य समस्याओं को लेकर राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ जिला सिवनी किसान-राजेश सोलंकी भूख हड़ताल पर बैठे हुए हैं मध्य प्रदेश शासन से प्रार्थना है कि किसानों के स्लाट बुकिंग की समय सीमा बढ़ाई जावे किसान समर्थन मूल्य पर अपनी उपज बेच सके सरकार को जगाने के लिए राई-नामक -का सद्बुद्धि हवन करेंगे

## किसान प्रदीप पटेल का कहना है

अनशन स्थल पर बैठे सभी किसानों ने निर्णय लिया है कि विगत दिन 25 5.26 दिन सोमवार को राई नामक का हवन करेंगे तंत्र बाधाओ से मुक्ति एवं मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव को सद्बुद्धि प्रदान करने के लिए हवन किया जाएगा, जिला अध्यक्ष प्रीतम सिंह ठाकुर द्वारा बताया गया है इसके बाद भी मध्य प्रदेश सरकार जागी नहीं तो उग्र आंदोलन भी हो सकता है जिसकी जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी।

उपस्थित किसानों में आक्रोश बढ़ रहा है और गर्मी के समय में 40 से 45 डिग्री सेल्सियस तापमान होने के बाद भी किसान अपनी उपज बेचने के लिए सड़कों पर ट्रैक्टरों से अनाज लगा हुआ लाइन लगाकर खड़ा हुआ है और सरकार तानाशाही रवैया अपना रही है खरीदी केदो में बारदाने की समस्या और सबसे बड़ी मुख्य समस्या है

स्लाट बुकिंग की समय सीमा तत्काल बढ़ाई जाए अन्यथा उग्र होगा आंदोलन राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ मध्य प्रदेश अध्यक्ष शोभाराम भलावी की उपस्थिति में यज्ञ हवन कार्य संपन्न होगा क्षेत्र एवं जिले के किसान प्रदीप पटेल विजय सिंह अमरोदिया अर्जुन सिंह अमरोदिया मानक लाल ठाकुर नीलू सोलंकी विक्की साहू निक्की साहू श्याम सिंह अम्रुदिया गोपाल पटेल प्रकाश आरोडिया तेज लाल अमरोदिया अशोक अमरोदिया सतीश ठाकुर विजेंद्र सोलंकी सुरजीत श्याम सिंह सुंदरलाल गट्टू लाल नरेंद्र अमरोदिया रामाधार मधु ठाकुर रामेश्वर चरण सिंह मुकेश साहू जगदीश दरिया दिल्ली सिंह पटेल दुर्गा शंकर पटेल डॉक्टर रविंद्र ठाकुर फूलमती भाई जाम सिंह ठाकुर सुंदरलाल सोमनाथ हरचंद मनीष जंगल सिंह दिनेश महेंद्र जय सिंह जितेश प्रभु मोहनलाल रामकृष्ण ठाकुर नीरज साहू सीताराम केसरी चंद शोभाराम नरेंद्र ठाकुर चिंतामणि ठाकुर आनंद ठाकुर डिलन ठाकुर जोर तारा कन्हैया लाल ठाकुर , कैलाश ठाकुर जीते सिंह ठाकुर भानु ठाकुर कन्हैया साहू आनंद ठाकुर प्रकाश ठाकुर भाटा अन्य सभी किसानों की उपस्थिति में हवन कार्य संपन्न होगा

# सिवनी विधानसभा प्रभारी देवेन्द्र पटेल का हुआ सिवनी आगमन..



**जगप्रेरणा सिवनी।**

मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर सिवनी विधानसभा प्रभारी देवेन्द्र पटेल का 20 मई 2026 को तीन दिवसीय संगठनात्मक दौरा कार्यक्रम के तहत सिवनी आगमन हुआ, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी के निर्देशानुसार श्री पटेल द्वारा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिवनी ग्रामीण एवं बंडोल ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त कांग्रेस पदाधिकारी व मंडलम कांग्रेस अध्यक्षो तथा वरिष्ठ कांग्रेस जनों की बैठक लेकर संगठन की मजबूती के लिए कांग्रेस पार्टी से आम जन को जोड़ने लिए आव्हान करते हुए कहा कि आप सभी ब्लॉक कांग्रेस एवं मंडलम कांग्रेस अध्यक्ष एवं पदाधिकारी गण प्रदेश एवं जिला कांग्रेस नेतृत्व की मंशानुरूप संगठन का कार्य निर्धारित समय पर पूर्ण करने का आव्हन किया साथ ही बैठक में उपस्थित कांग्रेस जन से अपील किया कि आप सभी कांग्रेस पदाधिकारी गण क्षेत्रीय समस्याओं को उठाने एवं भारतीय जनता पार्टी की जन विरोधी नीतियो के खिलाफआवाज बुलंद करे एवं महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की फसलों के सही दाम न मिलना, खाद एवं बीज संकट जैसे मुद्दो से आम जन को जागरूक करने का प्रयास करें। इसी क्रम में आज दिनांक 21 मई 2026 को दोपहर 2 बजे ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गोपालगंज की बैठक मातृधाम में आयोजित की गई बैठक में विशेष रूप से जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी, मोहनसिंह चंदेल, घनश्याम सनोडिया की उपस्थिति में बैठक सम्पन्न हुई एवं शाम 4 बजे मुंगवानी ब्लॉक की बैठक मुंगवानी में तथा रात्रि 8 बजे सिवनी नगर की बैठक जिला कांग्रेस कमेटी इंदिरा भवन सिवनी में बैठक लेकर ब्लॉक व नगर कांग्रेस, मंडलम कांग्रेस, क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेस नेता, सेक्टर, बूथ एवं बीएलए साथियों के साथ सयुक्त बैठक कर कांग्रेस संगठन को मजबूत करने की रणनीति पर विस्तृत चर्चा की गई।

विधानसभा प्रभारी श्री देवेन्द्र पटैल का संगठनात्मक दौरा कार्यक्रम समन्वयक जिला पंचायत सदस्य नितिन डेहरिया की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर सिवनी ग्रामीण ब्लॉक की बैठक में किशोरी कुंजाम, मंडलम अध्यक्ष सुदर्शन बघेल, सरदार बघेल, सतेन्द्र बघेल, डालचंद पप्पू पुसाम, बंडोल ब्लॉक अध्यक्ष संजय बघेल, मंडलम अध्यक्ष सिहोरा अनुज सक्सेना, विनोद पुरोहित, बांकी मंडलम अध्यक्ष परमानंद जंघेला, कलारबांकी मंडलम अध्यक्ष छिदामीलाल भलावी, सेक्टर अध्यक्ष नरेन्द्र बंजारा, रामकुमार जंघेला, सोशल मीडिया अध्यक्ष सतीष जंघेला, रीतेश पांडे, राजेश पांडे, तुलाराम डेहरिया, गोपालगंज ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कमलेश सनोडिया, विनित डेहरिया, शशिभूषण सिंह बघेल, लोकेश सनोडिया, संजय सनोडिया, अंकित जांवरे, पेशूराम सनोडिया, लक्ष्मन मर्सकोले, वीर जांवरे, उमेश चक्रवर्ती, राम सनोडिया, मुंगवानी ब्लॉक के वरिष्ठ कांग्रेसी शिवराम सनोडिया, ददुआ पटेल, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजू सनोडिया, सरपंच मोनू ठाकुर, गनेश सनोडिया, उमेश सनोडिया, बलराम डेहरिया, निरंजनसिंह ठाकुर, हरवंशसिंह ठाकुर, यशवंतसिंह ठाकुर, बालमुकुंद बघेल इसी क्रम में ग्राम मारबोडी में कांग्रेस जनों की बैठक ली गई जिसमें संदीप ठाकुर, निहाल राजपूत, स्वास्तिक ठाकुर की उपस्थिति रही।


न्यू लाईफ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल

डॉ. आमिर अंसारी

MBBS, MS (Gen. Surgery), FMAS, FISCP

डॉ. समरीन आमिर अंसारी

MBBS, DGO (KEM, Mumbai), FMAS

मिलने का समय

सुबह 10 से दोप. 1 बजे, शाम 4 से 7 बजे तक

विशेषज्ञ चिकित्सक सहित सुविधाएं उपलब्ध

पता- बड़ी ज्यारत डाल्डा फेक्ट्री रोड अकबर वार्ड सिवनी

मो.- 8817448039

मराठा स्पोर्ट्स

9284744867
9112026507
7006748047

• T-shirt
• Lower
• Short
• Shoes etc.

All Sports Items Available

नारायण लॉन के सामने क्रिडा संकुलन मरारटोली, गोंदिया


# दीनदयाल उपाध्याय जिला प्रशिक्षण महाभियान का गरिमामय समापन..

## ग्यारह सत्रों में वक्ताओं ने संगठन, विचारधारा और आधुनिक तकनीक पर दिया प्रभावी प्रशिक्षण..



**जगप्रेरणा सिवनी।**

भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 के अंतर्गत भाजपा जिला सिवनी का दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग 23 एवं 24 मई को स्थानीय दा ग्रेंड राजवाड़ा सेलेब्रेसन में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण वर्ग में कुल 11 महत्वपूर्ण सत्र आयोजित किए गए, जिनमें वरिष्ठ वक्ताओं ने संगठन विस्तार, वैचारिक प्रतिबद्धता, व्यक्तित्व विकास, बूथ प्रबंधन तथा आधुनिक तकनीक के प्रभावी उपयोग जैसे विषयों पर विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया साथ ही योग के संबंध में जानकारी प्रदान की गयी।

प्रशिक्षण वर्ग भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन की अध्यक्षता, वर्ग प्रभारी सत्यनारायण अग्रवाल, वर्ग संयोजक संतोष अग्रवाल तथा वरिष्ठ नेताओं एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में पूर्ण अनुशासन और संगठनात्मक गरिमा के साथ सम्पन्न हुआ। वर्ग का शुभारंभ ध्वजारोहण से तथा समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया। प्रशिक्षण वर्ग के जिला संयोजक संतोष अग्रवाल ने बताया कि 23 मई को आयोजित प्रशिक्षण वर्ग के उद्घाटन सत्र में पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं मंडला सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बालाघाट सांसद श्रीमती भारती पारधी, सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन एवं बरघाट विधायक कमल मर्सकोले वर्ग प्रभारी सत्यनारायण अग्रवाल तथा भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन सहित अन्य अतिथियों ने भारत माता, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ किया।

वंदे मातरम् एवं वर्ग गीत के साथ प्रारंभ हुए इस प्रशिक्षण वर्ग के प्रथम दिवस में छह विषयगत सत्र आयोजित किए गए। इसके अतिरिक्त समूह चर्चा का विशेष सत्र भी रखा गया, जिसमें पदाधिकारियों के दायित्वों एवं संगठनात्मक कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। रात्रिकालीन सत्र में सभी प्रशिक्षणार्थियों का परिचय तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के दौरान शतक फिल्म की प्रस्तुतियाँ भी हुईं। भाजपा जिला मीडिया विभाग की ओर से मनोज मर्दन त्रिवेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग में विभिन्न विषयों पर ग्यारह महत्वपूर्ण सत्र आयोजित किए गए, जिनमें विषय विशेषज्ञों एवं वरिष्ठ नेताओं ने कार्यकर्ताओं को वैचारिक, संगठनात्मक एवं तकनीकी रूप से प्रशिक्षित किया।

दूसरे दिन पांच महत्वपूर्ण सत्र आयोजित किए गए। सातवें सत्र में पूर्व विधायक नरेश दिवाकर ने 'हमारे सैद्धांतिक अधिष्ठान' विषय पर विस्तार से विचार रखे। इस सत्र की अध्यक्षता पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक दुबे ने की। आठवें सत्र में पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष बालाघाट रमेश भटेरे ने ÷कार्यविस्तार÷ विषय पर मार्गदर्शन दिया, जिसकी अध्यक्षता पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष प्रेम तिवारी ने की।

नौवें सत्र में पिछड़ा वर्ग बोर्ड की अध्यक्ष श्रीमती मौसम बिसेन ने 'बूथ प्रबंधन एवं स्थायी कार्य' विषय पर कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण जानकारी दी। इस सत्र की अध्यक्षता पूर्व विधायक श्रीमती शशि ठाकुर ने की। दसवें सत्र में पूर्व सांसद श्रीमती नीता पटेरिया ने 'तिहास और विकास' विषय पर विस्तार से अपने विचार रखे, जिसकी अध्यक्षता पूर्व विधायक डालसिंह मर्सकोले ने की।

इसके पश्चात आयोजित समापन सत्र 'अनुभव कथन' में सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन ने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग कार्यकर्ताओं के लिए सीखने का अत्यंत महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि अनुशासन, संगठन के प्रति समर्पण, विचारधारा के प्रति निष्ठा तथा राष्ट्रहित की भावना ही प्रशिक्षण का मूल उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण की उपयोगिता तभी सिद्ध होगी जब कार्यकर्ता संगठन के उद्देश्यों को अपने व्यवहार और कार्यशैली में उतारेंगे। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण वर्गों के आयोजन में पार्टी को अत्यधिक ऊर्जा और संसाधन लगाने पड़ते हैं, इसलिए प्रत्येक कार्यकर्ता का दायित्व है कि वह इसकी सार्थकता को अपने कार्यों से सिद्ध करे।

पूर्व सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन ने भी अनुभव साझा करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी का लक्ष्य केवल राजनीतिक सफलता नहीं बल्कि राष्ट्र के सर्वांगीण विकास और समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना है। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत कारणों को संगठन और राष्ट्रहित से ऊपर न रखना ही एक प्रशिक्षित कार्यकर्ता की वास्तविक पहचान है।

समापन एवं आभार प्रदर्शन उद्बोधन में भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन ने प्रशिक्षण वर्ग की आवश्यकता, महत्व एवं संगठनात्मक उपयोगिता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि योग्य, समर्पित एवं वैचारिक रूप से प्रतिबद्ध कार्यकर्ताओं के निर्माण में प्रशिक्षण वर्गों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने जानकारी दी कि वर्ग के लिए 178 प्रशिक्षणार्थियों का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जिसमें 170 पदाधिकारियों ने सहभागिता दर्ज की गई।

उन्होंने प्रशिक्षण वर्ग में मार्गदर्शन देने वाले सभी विषय वक्ताओं, व्यवस्थाओं में जुटे कार्यकर्ताओं तथा सहयोगकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वर्ग को भव्य एवं दिव्य स्वरूप प्रदान करने के लिए वर्ग प्रभारी सत्यनारायण अग्रवाल द्वारा उत्कृष्ट व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की गईं। वर्ग संयोजक की जिम्मेदारी भाजपा जिला महामंत्री संतोष अग्रवाल ने निभाई, जबकि वर्ग नियंत्रक लालमणी लालू राय ने संपूर्ण संचालन एवं व्यवस्थाओं का दायित्व संभाला। अन्य व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी भी विभिन्न जिम्मेदार कार्यकर्ताओं को सौंपी गई थी।

श्रीमती बिसेन ने सभी प्रशिक्षणार्थियों से अनुशासन एवं समय पालन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का आह्वान करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि यह प्रशिक्षण वर्ग न केवल कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणादायी सिद्ध होगा, बल्कि इसके उत्कृष्ट एवं सुव्यवस्थित आयोजन से प्रदेश स्तर पर सिवनी जिले की विशेष पहचान भी स्थापित होगी।

भाजपा जिला प्रभारी सत्यनारायण अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय में आधुनिक तकनीक का प्रभावी उपयोग करते हुए सरकार की उपलब्धियों को समाज तक पहुंचाना तथा संगठन का गुणात्मक एवं चतुर्दिक विस्तार करना समय की प्रमुख आवश्यकता है। उन्होंने प्रशिक्षण वर्ग के सफल एवं व्यवस्थित आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुये सफलतम व्यवस्थाओं को देने वाले जिम्मेदार कार्यकर्त्ताओं का सम्मान किया गया ।

कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन भाजपा जिला महामंत्री मुकेश बघेल एवं गजानंद पंचेश्वर, वर्ग नियंत्रक लालमणी लालू राय तथा भाजपा जिला मंत्री पीयूष दुबे द्वारा किया गया।

# केवलारी विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों की सौगात



**जगप्रेरणा कान्हीवाड़ा।**

केवलारी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत कटिया एवं ग्राम पंचायत जोरावरी (जटलापुर) में लाखों रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं शिलान्यास जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रजनी श्रीराम ठाकुर के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि एवं पंचायत पदाधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत कटिया में 15वें वित्त आयोग की राशि से लगभग 3 लाख रुपये की लागत से बनने वाले नवीन राशन दुकान **(PDS)** भवन का भूमिपूजन किया गया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री अधोसंरचना मद से स्वीकृत बाउंड्रीवॉल निर्माण कार्य एवं सांसद निधि से बनने वाले शांति धाम निर्माण कार्य की भी आधारशिला रखी गई।

वहीं ग्राम पंचायत जटलापुर के ग्राम जोरावरी में किसानों को आवागमन में हो रही समस्याओं के समाधान के लिए 15वें वित्त आयोग से स्वीकृत पुलिया निर्माण कार्य का भी भूमिपूजन किया गया। बताया गया कि पुलिया निर्माण से किसानों को खेतों तक पहुंचने में सुविधा मिलेगी और ग्रामीणों को बरसात के दिनों में राहत मिलेगी।

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रजनी श्रीराम ठाकुर ने कहा कि क्षेत्र का सर्वांगीण विकास एवं ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, भवन और आधारभूत सुविधाओं के विकास से आमजन को सीधा लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष श्रीराम ठाकुर, जनपद सदस्य श्रीमती प्रियंका शेर सिंह ऊईके, सरपंच नरेश ऊईके, उपसरपंच जयश्री ठाकुर, ड्यूटी सरपंच भूरा चंद्रवंशी, पूर्व सरपंच नारायण जावारे सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

इसके अलावा विपत चंद्रवंशी, मनोज ऊईके, सुभाष चंद्रवंशी, सोनू चंद्रवंशी, रज्जू बंजारा, उपसरपंच पप्पू चंद्रवंशी, पलारी मंडल प्रभारी सचेंद्र वर्मा, पंचायत सचिव आनंद साहू, कमलेश डहेरिया, उपयंत्री श्रीमती पूजा हेडाऊ, श्री वर्मा सहित समस्त पंचगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# लखनादौन पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी, अंतर्राज्यीय ट्रैक्टर चोर गिरोह का पर्दाफाश..

## मथुरा से गिरफ्तार 2 शातिर चोर, 10 लाख का ट्रैक्टर-ट्रॉली बरामद



**जगप्रेरणा लखनादौन।**

पुलिस अधीक्षक सिवनी कृष्ण लालचंदानी (भा.पु.से.) के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा तथा एसडीओपी लखनादौन अपूर्व भलावी के मार्गदर्शन में थाना लखनादौन पुलिस ने अंतर्राज्यीय ट्रैक्टर चोर गिरोह का पर्दाफाश कर 2 शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 10 लाख रुपये कीमत का जॉन डियर ट्रैक्टर मय ट्रॉली बरामद की गई है।

**घटना का विवरण..** दिनांक 31.03.2026 को प्रार्थी इमरत लाल विश्वकर्मा निवासी ग्राम बम्होडी, थाना लखनादौन ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि दिनांक 30.03.2026 की रात्रि उनके भांजे द्वारा हाईवे किनारे बम्होडी में खड़ा किया गया जॉन डियर कंपनी का ट्रैक्टर क्रमांक **MP22ZD958** मय ट्रॉली को कोई अज्ञात बदमाश चोरी कर ले गया। रिपोर्ट पर थाना लखनादौन में अपराध क्रमांक 150/2026, धारा 303(2) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

**पुलिस कार्रवाई..** वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर थाना प्रभारी लखनादौन निरीक्षक के.पी. धुर्वे के नेतृत्व में टीम गठित की गई। टीम द्वारा सीसीटीवी फुटेज एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर अज्ञात आरोपियों की पतासाजी शुरू की गई। जांच में 02 अज्ञात व्यक्तियों द्वारा ट्रैक्टर चोरी कर मथुरा, उत्तर प्रदेश की ओर ले जाने की जानकारी मिली। तकनीकी सहायता से संदिग्धों की पहचान कर पुलिस टीम ने नागपुर एवं तेलंगाना से हिरासत में लिया। सख्ती से पूछताछ करने पर आरोपियों ने ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी करना स्वीकार किया। आरोपियों की निशानदेही पर चोरी गया ट्रैक्टर मय ट्रॉली मथुरा (उ.प्र.) से बरामद किया गया।

**गिरफ्तार आरोपी..** देवीसिंह उर्फ देवू पिता चरनसिंह ठाकुर (राजपूत), उम्र 35 वर्ष, निवासी राधेश्याम कॉलोनी, जयसिंहपुरा, थाना गोविंद नगर, जिला मथुरा (उ.प्र.), अमित कुमार जाटव पिता बालकिशन जाटव, उम्र 19 वर्ष, निवासी ग्राम पिंगरी, थाना फरहद, जिला मथुरा (उ.प्र.)

**आपराधिक रिकॉर्ड..** गिरफ्तार आरोपी देवीसिंह के विरुद्ध पूर्व से उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ व मथुरा में हत्या के प्रयास, धोखाधड़ी आदि के प्रकरण पंजीबद्ध हैं। दोनों आरोपियों का पुलिस रिमांड प्राप्त कर अन्य वारदातों के संबंध में पूछताछ की जा रही है। **जप्त मशरूका..** जॉन डियर कंपनी का ट्रैक्टर क्रमांक **MP22ZD9587** मय ट्रॉली, कुल कीमत करीब 10 लाख रुपये।

**सराहनीय भूमिका..** इस कार्रवाई में थाना प्रभारी लखनादौन निरीक्षक के.पी. धुर्वे, सउनि प्रदीप शर्मा, सउनि देवेन्द्र जायसवाल (सायबर सेल), आर. अजय बघेल (सायबर सेल), आर. सूरज मेहरा, आर. लकेश पटले, आर. धनेश्वर यादव, आर. दीपेश मेहरा, आर. ओमप्रकाश धुर्वे, आर. शिवम बघेल की विशेष सराहनीय भूमिका रही।


कुंडली निर्माण, कुंडली मिलान, विवाह मुहूर्त, कुम्भ विवाह, वास्तु परामर्श, वास्तु शान्ति पूजन, पितृदोष, कालसर्प, अन्य ग्रहों की शांति पूजा एवं महामृत्युंजय अनुष्ठान, लक्ष्मी कुबेर अनुष्ठान, भैरव अनुष्ठान आदि के लिये संपर्क करें..
मार्गदर्शक
डॉ. अरविंदचन्द्र तिवारी
एसोसिएट प्रोफेसर कॉमर्स,
ज्योतिष पद्मविभूषण बालाघाट म.प्र.
ग्रहयोग भवन, नर्मदा नगर, शिव मंदिर चौक, बालाघाट
मो. 94251-38638
94067-38800

जग प्रेरणा
# शहर बालाघाट
● गर्रा ● भटेरा ● भरवेली ● हीरापुर ● कोसमी ● नवेगांव ● गोंगलई
सोमवार 25 मई 2026




दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
मनोज सचदेव
मो. 94258-22975

# ये हुई बात, अचानक अंधेरी रात में तड़के 4 बजे जिला चिकित्सालय पहुंचे कलेक्टर मृणाल मीना..

## किया आकस्मिक निरीक्षण, तीन आउटसोर्स कर्मचारियों की सेवा समाप्ति की कार्रवाई के दिये निर्देश







जगप्रेरणा बालाघाट।

*बालाघाट जिले के सर्वोच्च प्रशासनिक अधिकारी जिले के कलेक्टर मृणाल मीना हमेशा सार्वजनिक हितों के कार्यों के प्रति गंभीर और जवाबदेह होकर कार्य करते हैं। जब से श्री मीना ने बालाघाट में पदभार ग्रहण किया, समय समय पर अधिकारियों कर्मचारियों की मिटिंग लेने, जनसुनवाई में उपस्थित*

रहकर जनसमस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण करना, समय समय पर जिले में जिलाअस्पताल से लेकर ग्रामीण अंचल तक औचक निरीक्षण करते हुए खामियां पाई जाने पर चेतावनी एवं कार्यवाही देने का कार्य बखूबी जिला प्रमुख होने के नाते कलेक्टर मृणाल मीना ने कर दिखाया है, तथा प्रशासनिक सेवाओं को तटस्थता और जवाबदेही से पूर्ण करने की अपनी बुलंद ईच्छा शक्ति के चलते कलेक्टर मृणाल मीना ने अब वह काम भी कर दिखाया, जिसने जिले के प्रत्येक व्यक्ति के दिल को छु लिया, और हर कोई कह बैठा, ये हुई ना बात। जी हां, बालाघाट के कलेक्टर मृणाल मीना 24 मई को तड़के लगभग 4 बजे अचानक जिला चिकित्सालय पहुंच गए और अस्पताल की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला चिकित्सालय बालाघाट में मरीजों को बेड नहीं मिलने एवं जमीन पर सुलाए जाने की शिकायत उन्हें मिली, जिस पर उन्होंने संज्ञान लेते हुए सीधे सुबह 4 बजे ही जिला अस्पताल पहुंचने की जरुरत को समझा, और जिला अस्पताल का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर श्री मीना ने मेडिकल एवं महिला वार्ड का जायजा लिया। निरीक्षण में श्री मीना ने पाया कि वार्ड के सभी बेड भरे होने के कारण कुछ मरीजों का उपचार मेट्रेस बिछाकर किया जा रहा था। इस स्थिति पर उन्होंने नाराजगी जताई और अस्पताल प्रबंधन से तत्काल व्यवस्थाएं सुधारने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री मीना ने सिविल सर्जन डॉ. नीलय जैन, ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों एवं स्टाफसे अस्पताल की वास्तविक स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने भर्ती मरीजों से भी चर्चा कर उपचार एवं सुविधाओं के संबंध में फीडबैक प्राप्त किया। कलेक्टर श्री मीना ने फिर निर्देश दिए कि अस्पताल में भर्ती सभी मरीजों को आवश्यकता के अनुसार बेड उपलब्ध कराए जाएं तथा किसी भी मरीज को जमीन पर न सुलाया जाए। उन्होंने कहा कि मरीजों की समुचित देखभाल, समय पर उपचार एवं आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। साथ ही शासन के नियमानुसार सभी सुविधाएं मरीजों को प्रदान की जाएं।

### ड्यूटी पर सो रहे थे कर्मचारी..

गौरतलब है कि निरीक्षण के दौरान कलेक्टर मृणाल मीना ने यह भी पाया कि आउटसोर्स कर्मचारी एम.एस.डब्ल्यू. आविष्कार मेश्राम, कैलाश झलपे एवं गार्ड राधेश्याम बघेले ड्यूटी के दौरान सो रहे थे। इस शिकायत की पुष्टि करते हुण कलेक्टर श्री मीना ने तीनों की सेवा समाप्त करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री मीना ने अस्पताल में मरीजों के साथ आने वाले परिजनों के ठहरने के लिए भी अस्पताल परिसर में उचित स्थान पर व्यवस्था करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप भी उपस्थित रहे। गौरतलब है कि कलेक्टर मृणाल मीना के एक बार फिर जिला कलेक्टर के रुप में की गई कार्यवाही एवं सुबह 4 बजे किये गए औचक निरीक्षण किये जाने की सर्वत्र प्रशंसा की जा रही है।



SONO VIEW
DR. GHANSHYAM M. TURKAR
M.B.B.S., M.D., D.N.B., M.N.A.M.S.
Diplomate of National Board
Radiologist, Sonologist & Imagiologist
DR. PADMINI TURKAR
M.B.B.S., D.C.H.
बालरोग एवं नवजात शिशु विशेषज्ञ
FACILITIES AVAILABLE
SONOGRAPHY
■ Color Doppler ■ Power Doppler Imaging
■ B-flow Imaging ■ Tissue Harmonic Imaging
■ Transrectric & TV Sonography
■ Pediatric Sonography ■ Orbital Sonography
■ Breast, Thyroid, Scrotal Sonography
■ Neonatologist Neurosonogram
■ 2 D Echo Cardiography ■ Foetal Echo
■ Whole Body Ct Scan ■ Digital X-ray Digital Radiography System ■ M.R.I.
DIGITAL X-RAY
● 2D, 3D/4D High Resolution Sonography
● 2D Echo
● Colour Doppler
● Siemens Germany Multislice/Spiral High Resolution CT Scan
● M.R.I.
राष्ट्रीय क्षयरोग दुरीकरण कार्यक्रम अंतर्गत मुफ्त सोनोग्राफी, एक्स रे, सी.टी. स्कैन व एम.आर.आई. क्लिनिक
तुरकर SONOGRAPHY, X-RAY, C.T. SCAN, M.R.I. क्लिनिक
सिव्हिल लाईन, गोंदिया फोन - 07182- 231149, 234198, 236391
E-mail : sonoview@gmail.com
SONOGRAPHY C.T./M.R.I.

# ग्रीष्मकालीन पेयजल व्यवस्था को लेकर मुख्य सचिव ने की समीक्षा

## वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से कलेक्टरों और अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश





जगप्रेरणा बालाघाट।

मध्यप्रदेश के मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन ने 24 मई शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी जिलों की ग्रीष्मकालीन पेयजल व्यवस्था की समीक्षा की। बैठक में सभी जिलों के कलेक्टर, नगर पालिका अधिकारी एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी शामिल हुए। बालाघाट जिले से जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक सराफ संयुक्त कलेक्टर श्री राहुल नायक सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

मुख्य सचिव श्री जैन ने बैठक में कहा कि गर्मी के दिनों में पेयजल समस्या पर विशेष ध्यान देकर कार्य करने से स्थिति को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है। उन्होंने नगर पालिका अधिकारियों को निर्देशित किया कि आमजन को पानी की किल्लत का सामना न करना पड़े, इसके लिए पहले से सुनियोजित कार्ययोजना तैयार की जाए। उन्होंने सभी कलेक्टरों को निर्देश दिए कि जिले में संचालित पेयजल टैंकरों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि टैंकर केवल उन्हीं क्षेत्रों में भेजे जाएं जहां वास्तविक रूप से पानी की समस्या है। मुख्य सचिव ने कहा कि पेयजल आम नागरिकों की मूलभूत आवश्यकता है और इसकी उपलब्धता सुनिश्चित करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से समन्वय के साथ कार्य करते हुए गर्मी के मौसम में निर्बाध पेयजल आपूर्ति बनाए रखने के निर्देश दिए।

# मेडिकल लापरवाही का अगला शिकार कौन, चंद रुपयों के लिये जिंदगी से खिलवाड़ बंद करो,

## सरदार पटेल हॉस्पिटल मे सर्जरी के बाद 100 दिन से कोमा में पड़े युवक के साथ हुई मेडिकल लापरवाही के खिलाफ बालाघाट मे निकला कैंडल मार्च..

## परिजनों ने लगाए इलाज मे लापरवाही के आरोप..




जगप्रेरणा बालाघाट।

*हाथ में मामूली चोट लगने के बाद सर्जरी के उपरांत बालाघाट के सरदार पटेल मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में नगर के विवेक तिरपुड़े की हालत बिगड़ती चली गई, तथा सर्जरी के बाद विवेक कोमा में चला गया। वर्तमान में विवेका का नागपुर के एक अस्पताल के आईसीयू में उपचार चल रहा है, जहां पर विवेक तिरपुड़े जीवन और मौत के बीच संघर्ष कर रहा है।*

विवेक तिरपुड़े के उपचार में की गई लापरवाही के खिलाफ रविवार 24 मई को शाम 6 बजे, विवेक के परिजनों और समर्थकों ने 'जस्टिस फॉर विवेक तिरपुड़े' बैनर और 'मेडिकल लापरवाही का अगला शिकार कौन' चंद रुपयों के लिये जिंदगी से खिलवाड़ बंद करो की तख्तीयां लगाकर कैंडल मार्च निकाला, और मार्मिक अपील से नगर की जनता को भी झकझोर दिया। परिवार का कहना है कि विवेक की हालत अभी भी नाजुक बनी हुई है और वे न्याय मिलने तक अपनी आवाज उठाते रहेंगे।

गौरतलब है कि इस मामले में परिवारजनों ने डॉक्टरों और हॉस्पिटल के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज कराई, लेकिन अभी तक इस मामले में कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई है, जबकि इस घटनाक्रम के बाद कोमा में जीवन के लिये संघर्ष करते विवेक के प्रति संवेदनशीलता प्रकट करने आज 24 मई को बालाघाट शहर में विवेक तिरपुड़े के परिजनों और उनके साथ हमदर्दी रखने वालों ने कैंडल मार्च निकाला।

विवेक के भाई अमित तिरपुड़े ने बताया कि 100 दिन पहले डॉक्टरों ने 20 मिनट की सर्जरी के बाद विवेक के ठीक होने का दावा किया था, लेकिन अचानक तीन घंटे बाद अस्पताल ने परिवार को सूचित किया कि विवेक को हार्ट अटैक आया था और उसे सीपीआर दिया गया। तब से विवेक कोमा में हैं और उसे गले में छेद के माध्यम से भोजन दिया जा रहा है। विवेक ने बताया कि डॉक्टरों ने विवेक के ठीक होने के लिए तीन और महीने का समय दिया है, तथा नागपुर के डॉक्टर विवेक को बचाने के लिये अथक प्रयास कर रहे हैं। अमित तिरपुड़े ने हांलांकि पुलिस कार्रवाई पर विश्वास व्यक्त किया, लेकिन स्वास्थ्य विभाग की ओर से कोई कार्रवाई न होने पर नाराजगी भी व्यक्त की। अमित तिरपुड़े ने कहा कि इस मामले में कोई जिम्मेदारी नहीं लेना चाहता। हमारी मांग है कि मेडिकल लापरवाही के खिलाफसख्त कदम उठाया जाना चाहिये और एक मिसाल कायम करने की हमारी मांग है।

# फैमिली एवं सोसायटी इंगेजमेंट के तहत दर्ज की अभिभावकों ने रस्साकसी खेल में सहभागिता..



जगप्रेरणा बालाघाट।

*अभिभावकों को शिविर खेल प्रतियोगिता में सहभागिता से जोड़ने हेतु एवं ग्रीष्मकालील अवकाश का सदुपयोग करने हेतु आरोह 2026 अर्थात ÷ बढ़ते चलो के उद्देश्य को धेय में रखते हुए युवाओं के सर्वांगीण विकास के, सात उद्देश्यों*

को स्मरण में रखते हुए मध्य प्रदेश शासन खेल और युवा कल्याण विभाग बालाघाट एवं जिला रस्साकशी संघ एवं जिला कराटे प्रशिक्षण केंद्र, जिला एथलेटिक संघ के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय अभिभावकों को ग्रीष्मकालीन शिविर से जोड़ने के लिए फैमिली इंगेजमेंट एवं सोसायटी इंगेजमेंट के अंतर्गत खिलाड़ियों के अभिभावकों को मैदान से और खेल शिविर के घटकों से जोड़ने के लिए मूलना स्टेडियम फुटबॉल ग्राउंड में रस्साकसी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य अभिभावकों की फेमिली इंगेजमेंट को खेल शिविर में सहभागिता करने उद्देश्य से विगत दिवस खिलाड़ियों के अभिभावकों के मध्य रस्साकसी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें अभिभावक को ही भाग लेना अनिवार्य नियम था । उक्त आयोजन में स्टेडियम की विभिन्न खेल की खिलाड़ियों की अभिभावकों की सात टीमों ने भाग लिया।

उक्त अभिभावकों के मध्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान टीम व्यक्तित्व विकास एवं द्वितीय स्थान टीम फिट इंडिया मूवमेंट एवं तृतीय स्थान टीम खेल गतिविधियां एवं चतुर्थ स्थान टीम रचनात्मक गतिविधियां ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता का यह संदेश था कि शिविर के सातों घटकों के नाम से टीमों का नाम रखा गया । जिससे अभिभावक एवं खिलाड़ी खेल के साथ-साथ इन चरित्र निर्माण एवं सर्वांगीण विकास उद्देश्यों के मार्ग पर चलते हुए अपना सर्वांगीण विकास करें। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यातायात प्रभारी ईना राहंगडाले, विशिष्ट अतिथि जिला एथलेटिक संघ अध्यक्ष नरेश धुवारे एवं जिला खेल अधिकारी राहुल बारेसा, जिला जिला रस्साकसी संघ के अध्यक्ष अजय ठाकुर एवं रस्साकसी संघ सचिव शेलेन्द्र यादव, जिला कराते प्रशिक्षक एवं रस्साकसी कोच, रेफरी सजिन्द्र कृष्णन एवं वरिष्ठ पीटीआई श्री कमल तिलासे, ऐ बी फिटनेस प्रशिक्षक ओमप्रकाश दमाहे, कार्यालय प्रभारी धीरज डोंगरे ने अपनी उपस्थिति दर्ज की।

|| श्री जीणमाता की जय || || जय गुलाब बाबा नम: ||
प्रो. मनीष वर्मा, मो. 9425448126
मान्यता ऑटो पार्ट्स
सभी प्रकार की टू-व्हीलर गाड़ियों के स्पेयर पार्ट्स मिलते है एवं गाड़ियाँ सुधारी जाती है।

वार्ड नं. 17, महाराणा प्रताप चौक, शाह कॉम्पलेक्स, बालाघाट (म.प्र.)



दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

अजय रजक गढ़ी

मो. 84353 19391

जग प्रेरणा

# लालबर्रा/बैहर/परसवाडा

● कनकी ● बेहरई ● खमरिया ● मोहगांव धपेरा ● जाम ● कंजई ● नेवरगांव ● उकवा ● मलाजखंड ● लामटा ● चांगोटोला ● समनापुर

## शराब पीने के लिये रुपये नहीं देने पर पति ने पत्नी की गला दबाकर एवं डंडे से वार कर की हत्या..

### थाना मलाजखण्ड पुलिस ने अंधी हत्या का किया खुलासा..



जगप्रेरणा मलाजखंड।

***बालाघाट जिले के मलाजखंड थाना अंतर्गत 21/05/2026 को ग्राम बाकीगुड़ा, थाना मलाजखण्ड, जिला बालाघाट में एक महिला की संदिग्ध मृत्यु की सूचना पर थाना मलाजखण्ड पुलिस द्वारा तत्काल जांच प्रारंभ की गई।***

मौके पर एफएस.एल. एवं फॉरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य एकत्रित किये गये तथा शव का पोस्टमार्टम कराया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में महिला की मृत्यु गला दबाने से दम घुटने एवं सिर में गंभीर चोट लगने से होना पाया गया।

जांच के दौरान संदेह के आधार पर मृतिका के पति केशव धुर्वे से पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने अपनी पत्नी से शराब पीने के लिये रुपये मांगे थे, लेकिन पत्नी द्वारा रुपये नहीं देने पर दोनों के बीच विवाद हो गया।

विवाद के दौरान आरोपी ने गुस्से में आकर पत्नी का गला दबा दिया तथा पास में पड़े लकड़ी के डंडे से उसके सिर पर वार कर हत्या कर दी। घटना के बाद आरोपी ने शव को कमरे के अंदर बिस्तर पर लिटा दिया था ताकि किसी को संदेह न हो। पुलिस द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त लकड़ी का डंडा एवं अन्य सामग्री जप्त कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया है।

पुलिस ने जानकारी में बताया कि आरोपी केशव धुर्वे पिता धनसिंह धुर्वे, उम्र 50 वर्ष, निवासी वार्ड नं. 04 ग्राम बाकीगुड़ा, थाना मलाजखण्ड, जिला बालाघाट को गिरफ्तार करने की इस कार्यवाही में थाना प्रभारी मलाजखण्ड उप निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह जौनवार, उप निरीक्षक मनोज मांगरे, सउनि कलिराम उइके, सउनि सुलेखा मरकाम, प्रधान आरक्षक रतन सोनवाने, आरक्षक ब्रजलाल उइके, जितेन्द्र सेंगर, सामुएल कलेत, तोषेन्द्र एवं गणेश मेहरा की सराहनीय भूमिका रही।

## बिजाटोला में भारतीय मजदूर संघ की मासिक बैठक सम्पन्न, आशा कार्यकर्ताओं ने रोकी सेवा







जगप्रेरणा बिरसा/बालाघाट।

***भारतीय मजदूर संघ ब्लॉक तहसील बिरसा की मासिक बैठक आज ग्राम बिजाटोला में आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत सर्वप्रथम भारत माता की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर एवं संगठन गीत के साथ की गई।***

इसके बाद बैठक में क्षेत्र के श्रमिकों एवं आशा कार्यकर्ताओं की विभिन्न समस्याओं पर गंभीरता से चर्चा की गई। कार्यक्रम में संगठन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की सराहनीय उपस्थिति रही।

बैठक में आशा कार्यकर्ताओं ने समय पर वेतन श्च्डु4द्वद्गठ्ठ्ठ न होने, प्रोत्साहन राशि लंबित रहने तथा स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा उनकी समस्याओं की अनदेखी किए जाने का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। आशा कार्यकर्ताओं द्वारा जानकारी दी गई कि दिनांक 22/05/2026 से उन्होंने अपनी सेवाएं देना बंद कर दिया है और स्पष्ट किया है कि जब तक उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया जाएगा, तब तक कार्य बहिष्कार जारी रहेगा। इस संबंध में भारतीय मजदूर संघ के पदाधिकारियों को अवगत कराया गया, ताकि श्रमिकों के शोषण को रोका जा सके और उनकी समस्याओं का समय पर समाधान सुनिश्चित हो सके। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि बिरसा तहसील में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों की जानकारी भारतीय मजदूर संघ द्वारा शीघ्र ली जाएगी तथा श्रमिकों से जुड़े मामलों पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

इस दौरान बिजाटोला पंचायत के पूर्व सरपंच श्री खुशियाल सिंह परते ने भारतीय मजदूर संघ की सदस्यता ग्रहण की, जिसका सभी सदस्यों ने स्वागत किया।

बैठक में अध्यक्ष श्री रामचरण मरकाम, सचिव श्री मामराज शरणागत, श्री सुरेन्द्र ठाकुर, मीडिया प्रभारी श्री देवेन्द्र बलिये, उपाध्यक्ष श्रीमती भागन बाई, सह सचिव श्री शंकर धुर्वे, श्री गणेश राहंगडाले, श्री राजकुमार चौधरी, श्री तीर्थ बिसेन, उपाध्यक्ष श्रीमती शकुंतला क्षिरसागर, श्रीमती राधन पटले, सिन्धुरेखा राहंगडाले, श्रीमती कान्ति शोनी, सदस्य श्री खुशियाल सिंह परते (पूर्व सरपंच) सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने, श्रमिक हितों की रक्षा करने तथा क्षेत्रीय समस्याओं को प्रमुखता से उठाने का संकल्प लिया गया।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नहलेसरा मध्यम जलाशय की मुख्य नहर की सफाई एवं सिल्ट निकासी कार्य किया गया..





जगप्रेरणा बालाघाट।

***प्रदेश शासन द्वारा संचालित ÷जल गंगा संवर्धन अभियान÷ के अंतर्गत सिंचाई विभाग के वैनगंगा संभाग द्वारा जल संरक्षण एवं सिंचाई व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से लगातार कार्य किए जा रहे हैं।***

इसी क्रम में नहलेसरा मध्यम जलाशय की मुख्य नहर के चैन क्रमांक 92 से 240 और 240 से 403 के मध्य नहर सफाई एवं सिल्ट निकासी का कार्य सफलतापूर्वक किया गया।

विभागीय अधिकारियों ने बताया कि लंबे समय से नहर में जमा गाद एवं झाड़-झंखाड़ के कारण जल प्रवाह प्रभावित हो रहा था, जिससे किसानों को सिंचाई में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नहर की विशेष सफाई कर उसमें जमी सिल्ट को हटाया गया, जिससे अब नहर की जल वहन क्षमता में वृद्धि होगी और पानी का प्रवाह सुचारु रूप से हो सकेगा। इस कार्य से स्थानीय श्रमिकों को रोजगार भी मिला है।

इस कार्य से न केवल सिंचाई व्यवस्था बेहतर होगी, बल्कि जल संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। नहर की नियमित सफाई एवं रखरखाव से आसपास के किसानों को समय पर सिंचाई जल उपलब्ध हो सकेगा, जिससे कृषि उत्पादन में वृद्धि होने की संभावना है।

विभाग द्वारा अभियान के अंतर्गत विभिन्न जल संरचनाओं के संरक्षण, मरम्मत एवं सफाई कार्य लगातार किए जा रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि जल स्रोतों के संरक्षण एवं बेहतर प्रबंधन के माध्यम से किसानों को अधिकतम लाभ पहुंचाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

स्थानीय किसानों ने भी नहर सफाई कार्य की सराहना करते हुए कहा कि इससे खेतों तक पानी पहुंचने में आसानी होगी और आगामी फसलों के लिए सिंचाई व्यवस्था मजबूत बनेगी।

## जय बड़ा देव पूजा स्थल उकवा में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर संपन्न, 200+ मरीजों को मिला लाभ..







संजना मोनू बर्वे, जगप्रेरणा उकवा।

***उकवा 24 मई 2026: समाधान हॉस्पिटल बालाघाट एवं अल्बाकोर जीआरके हेल्थकेयर के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को जय बड़ा देव पूजा स्थल उकवा में विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया।***

सहयोगी संस्था के रूप में जय बड़ा देव एकता समिति व सर्व धर्म सेवा समिति उकवा का विशेष योगदान रहा।

सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक चले शिविर में 200 से अधिक मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवाइयां और ईसीजी की सुविधा दी गई।

### विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीमः

अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. अजीत गणवीर, डायबिटीज व थायराइड विशेषज्ञ डॉ. सत्यजित मेश्राम, डॉ. वाल्मीक बघेल, डॉ. प्रभात घुले के साथ डॉ. वेदप्रकाश लिल्हारे, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. निलिमा लिल्हारे व स्टाफ प्रमोद चौरागड़े, शैलेन्द्र कटरे, मनीषा मानेश्वर, ऋषिका सिक्का ने सेवाएं दीं।

हड्डी रोग, डायबिटीज, बीपी, थायराइड, लीवर रोग, दमा, एलर्जी, मोटापा, स्त्री व शिशु रोग सहित 25 से ज्यादा बीमारियों की जांच की गई।

### शुभारंभ पर अतिथि के रूप में ये रहे मौजूदः

सरपंच रामबती उइके, सर्व धर्म सेवा समिति अध्यक्ष जेम्स बारीक, उपसरपंच शिवशंकर तिवारी, जगनटोला सरपंच शिव कुमार उइके, जनपद सदस्य धारासिंह मर्सकोले, पंच जैक्शन सरभांग, जय बड़ा देव एकता समिति अध्यक्ष राजेंद्र तिलगाम, सचिव राजेंद्र टेकाम, सुशील मरकाम, अशोक इडपांचे, ऊषा गिरे, संतोष सोनी, अमन गौतम व समाधान हॉस्पिटल के गप्पू राहंगडाले, भास्कर जी।

आयोजकों ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के उद्देश्य से समय समय पर ऐसे शिविर आयोजित किए जाते रहेंगे।

## गर्रा और टुईयापार में कृषक संगोष्ठी का हुआ आयोजन

## किसानों को डीएसआर तकनीक, जैविक खेती एवं आधुनिक धान उत्पादन तकनीकों की दी गई जानकारी







जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट जिले में किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों से जोडने एवं कृषि उत्पादन बढ़ाने के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा लगातार कृषक संगोष्ठियों का आयोजन किया जा रहा है।***

इसी क्रम में 24 मई 2026 को वारासिवनी एवं खैरलांजी विकासखंड के ग्रामों में कृषक संगोष्ठियों का आयोजन किया गया, जिसमें किसानों को धान उत्पादन की नवीन तकनीकों, जैविक खेती एवं उन्नत बीजों की जानकारी दी गई। वारासिवनी विकासखंड के ग्राम गर्रा में आयोजित कृषक संगोष्ठी में किसानों को डीएसआर (डायरेक्ट सीडेड राइस) तकनीक के लाभों के बारे में विस्तार से बताया गया। कृषि विशेषज्ञों ने बताया कि डीएसआर पद्धति से धान की खेती करने पर पानी की बचत होती है, श्रम लागत कम आती है तथा फसल उत्पादन में भी वृद्धि होती है। इसके साथ ही किसानों को जैविक खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया गया और रासायनिक उर्वरकों के स्थान पर जैविक खाद एवं प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग के फायदे समझाए गए।

संगोष्ठी में बॉयर कंपनी के प्रतिनिधियों द्वारा किसानों को धान उत्पादन में उपयोगी ÷फुल पेज टेक्नोलॉजी÷ के बारे में जानकारी दी गई। किसानों को बताया गया कि इस तकनीक से फसल की गुणवत्ता बेहतर होती है तथा कीट एवं रोग नियंत्रण में सहायता मिलती है।

इसी प्रकार खैरलांजी विकासखंड के ग्राम टुईयापार में आयोजित कार्यक्रम में किसानों को डीएसआर तकनीक के माध्यम से धान की सीधी बोवाई करने की प्रक्रिया एवं उसके लाभों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में सवाना सीड्स कंपनी द्वारा धान की विभिन्न उन्नत किस्मों एवं फुल पेज टेक्नोलॉजी के संबंध में किसानों को विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में उपस्थित किसानों ने कृषि विशेषज्ञों से विभिन्न तकनीकी विषयों पर चर्चा कर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। कृषि विभाग द्वारा किसानों को आधुनिक एवं वैज्ञानिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया गया, ताकि कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त किया जा सके।

उप संचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय ने बताया कि जिले में किसानों को नई कृषि तकनीकों से अवगत कराने के लिए इस प्रकार की संगोष्ठियों का आयोजन निरंतर किया जा रहा है, जिससे कृषकों को आधुनिक खेती अपनाने में सहायता मिल सके।

## फिट इंडिया मूवमेंट के तहत 123 बटालियन भरवेली में निकली भव्य साइकिल रैली..



जगप्रेरणा बालाघाट।

स्वास्थ्य जागरूकता एवं पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 123 बटालियन भरवेली स्थित कैंप परिसर में 'फिट इंडिया मूवमेंट' के तहत भव्य साइकिल रैली का आयोजन किया गया। रैली में अधिकारियों, जवानों एवं स्थानीय युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर फिटनेस और स्वच्छ पर्यावरण का संदेश दिया।

साइकिल रैली का शुभारंभ कमाण्डेंट श्री हजारी लाल एवं वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस अवसर पर कमाण्डेंट श्री हजारी लाल ने कहा कि नियमित साइकिल चलाना शरीर को स्वस्थ रखने का सरल और प्रभावी माध्यम है। इससे हृदय मजबूत होता है, वजन नियंत्रित रहता है तथा मानसिक स्वास्थ्य भी बेहतर होता है। उन्होंने कहा कि साइकिल का उपयोग प्रदूषण कम करने और ईंधन की बचत में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

रैली के दौरान प्रतिभागियों ने फिटनेस अपनाने और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम के समापन पर सभी उपस्थित लोगों को प्रतिदिन कम से कम 30 मिनट शारीरिक गतिविधियों में भाग लेने एवं नियमित रूप से साइकिल चलाने का संकल्प दिलाया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य जवानों और आम नागरिकों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना तथा फिट इंडिया अभियान को जन-जन तक पहुंचाना रहा।










दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

पिंटू गुप्ता तिरोड़ी

मो. 8770664297


### बालाघाट जिले के खैरलांजी में पुलिस की बड़ी कार्रवाई..

## अवैध वसूली के आरोप में जिपं सदस्य के पति ऋषि शुक्ला एवं पत्रकार सहित 4 गिरफ्तार..

### लकड़ी व्यापारी से 90 हजार की वसूली करने का आरोप, तीन फरार की पुलिस कर रही तलाश..



देवी लिल्हारे, जगप्रेरणा खैरलांजी।

***खैरलांजी थाना पुलिस ने अवैध वसूली करने के आरोप में जिला पंचायत सदस्य के पति रिषि शुक्ला सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। इसमें फरार तीन आरोपितों की पुलिस तलाश कर रही है।***

पकड़े गए आरोपितगण प्रफुल चित्रीव रामपायली, अलीम खान बालाघाट, अभिषेक सोनी बालाघाट और ऋषि शुक्ला खैरलांजी निवासी शामिल है। बताया गया कि ऋषि शुक्ला, जिपं सदस्य मधु शुक्ला के पति हैं, जिसके कारण पुलिस ने उन्हें विशेष सुविधा देते हुए निजी कार से लेकर न्यायालय पहुंची थीं।

जानकारी के अनुसार, ग्राम खैरी निवासी हंसराज पिता गोपाल लिल्हारे 30 वर्ष ने बुधवार नौ मई को पुलिस अधीक्षक बालाघाट से शिकायत दर्ज थी कि 12 मार्च को सुबह 10 बजे ग्राम पिंडकेपार में किसानों के खेत की लकड़ी खरीद कर ट्रक में वह लोड करवा रहा था। तभी मौके पर प्रफुल चित्रीव, ब्रजेश मिश्रा दोनों निवासी ग्राम रामपायली, अलीम खान, अभिषेक सोनी, फारूख खान तीनों निवासी बालाघाट, संतोष सोनवाने ग्राम सोनझरा रामपायली निवासी, ये सभी मौके पर दो कार में आए। जिन्होंने पहले गाली गलौज देते हुए डरा धमका कर लकड़ी का चोरी से व्यापार करने की बात कही। प्रफुल्ल चित्रीव ने ऋषि शुक्ला वार्ड नंबर तीन खैरलांजी निवासी को मौके पर बुलाया गया। इस दौरान सभी ने मिलकर दो लाख रुपये की मांग की गई, लेकिन हाथ पैर जोड़े गए। तब जाकर ऋषि शुक्ला के माध्यम से 90 हजार रुपये ऑनलाइन फोन पे के माध्यम से लिए गए। जिसके बाद से पीड़ित मानसिक रूप से प्रताड़ित होने के साथ ही आर्थिक हालत खराब हो गई है।

पुलिस ने प्राप्त शिकायत के बाद जांच के आधार पर आरोपितों के खिलाफ धारा 308(5), 296(बी) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। रविवार को आरोपितगण प्रफुल चित्रीव रामपायली, अलीम खान बालाघाट, ऋषि शुक्ला खैरलांजी और अभिषेक सोनी बालाघाट निवासी को हिरासत में लेकर वारासिवनी न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया। इस मामले में ब्रजेश मिश्रा रामपायली, फारूख खान बालाघाट, संतोष सोनवाने सोनझरा रामपायली निवासी फरार है। हर गंभीर मामले की तरह इस गंभीर मामले में खैरलांजी पुलिस द्वारा कोई प्रेस नोट के साथ फोटो वीडियो आरोपियो को पेश करने से पूर्व नहीं लेने दिया गया।

### बोले थाना प्रभारी दिलीप गौतम..

खैरलांजी थाना प्रभारी दिलीप गौतम ने कहा कि ग्राम खैरी निवासी एक लकड़ी व्यापारी से सात लोगों ने मीडिया का डर बताकर डराया धमकाया और 90 हजार की अवैध वसूली की गई। मामले में शिकायत के आधार पर चार आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है, जिन्हें न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। तीन फरार आरोपितों की तलाश की जा रही है।

## 'हमारा गांव केवल गांव नहीं, सपनों और शिक्षा संस्कारों का तीर्थ है' - रविना जितेन्द्र गौतम..

### मेधावी छात्र सम्मान समारोह के भव्य महोत्सव में रवीना जितेंद्र गौतम ने शिक्षा का दिया संदेश, सहयोगियों व अतिथियों का जताया आभार








जगप्रेरणा कटंगी।

***ग्राम टटेकसा में आयोजित मेधावी छात्र सम्मान समारोह वार्षिक महोत्सव 2026 का पांचवां वर्ष ऐतिहासिक एवं प्रेरणादायी वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्र के मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान कर शिक्षा, संस्कार और सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया गया।***

समारोह में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, विद्यार्थी, अभिभावक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रवीना जितेंद्र गौतम ने कहा कि यह आयोजन केवल एक सम्मान समारोह नहीं, बल्कि गांव की उस जागरूक सोच और सामूहिक संकल्प का प्रतीक है, जो शिक्षा के माध्यम से समाज को नई दिशा देना चाहता है। उन्होंने कहा कि 'हमारा उद्देश्य केवल विद्यार्थियों को सम्मानित करना नहीं, बल्कि उनके भीतर आत्मविश्वास जगाना और यह विश्वास पैदा करना है कि उनकी मेहनत, लगन और प्रतिभा को पूरा समाज सम्मान दे रहा है।'

उन्होंने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी सहयोगियों, मार्गदर्शकों एवं ग्रामवासियों का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि गांव के लोगों के सहयोग, समर्पण और विश्वास के कारण ही यह महोत्सव निरंतर नई ऊंचाइयों तक पहुंच रहा है। उन्होंने कार्यक्रम के अध्यक्ष, आमंत्रित अतिथियों एवं सहयोगियों का भी विशेष रूप से आभार व्यक्त किया।

रवीना जितेंद्र गौतम ने 'मेरा गांव मेरा तीर्थ÷ की भावना को दोहराते हुए कहा कि ग्राम टटेकसा को शिक्षा, ज्ञान और संस्कार का आदर्श केंद्र बनाने का संकल्प लिया गया है। उन्होंने कहा कि ÷हमारा गांव केवल भौगोलिक स्थल नहीं, बल्कि हमारी आस्था, हमारी पहचान और हमारे सपनों का तीर्थ है। गांव का हर बच्चा शिक्षित और जागरूक बने, यही हमारे प्रयासों का उद्देश्य है।'

समारोह में उपस्थित अतिथियों एवं जनप्रतिनिधियों ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने वाली प्रेरणादायी पहल बताया। कार्यक्रम के अंत में आयोजन समिति द्वारा सभी अतिथियों, शिक्षकों, अभिभावकों, सहयोगियों एवं ग्रामवासियों का आभार व्यक्त किया गया।

## अरदास संकीर्तन 28 को




जगप्रेरणा कटंगी।

***नगर में भक्ति और श्रद्धा का माहौल निर्मित करने के उद्देश्य से आगामी 28 मई को श्री श्याम युवा मित्र मंडल एवं समस्त श्याम प्रेमी कटंगी के तत्वावधान में अरदास संकीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। यह धार्मिक आयोजन शाम साढ़े सात बजे से दुर्गा चौक छतेरा रोड कटंगी में आयोजित होगा।***

आयोजकों के अनुसार, संकीर्तन में प्रसिद्ध भजन कलाकार कनक मयंक इटारसी, दीपक जयपुर अपनी मधुर भजन प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर करेंगे। कार्यक्रम के दौरान भव्य दरबार, अलौकिक श्रृंगार, छप्पन भोग, अखंड ज्योति एवं सवामणी जैसे विशेष धार्मिक आकर्षण श्रद्धालुओं के लिए केंद्र रहेंगे। यह आयोजन तृतीय वर्ष के रूप में किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य श्रद्धालुओं को एक मंच पर जोड़कर भक्ति और आध्यात्मिकता का संदेश देना है।

### धार्मिक नगरी रामपायली का प्रवेश द्वार बना मौत का मोड़

## बस स्टैंड चौक पर बेतरतीब सब्जी बाजार से बढ़ा हादसों का खतरा, क्या प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है?





जगप्रेरणा रामपायली।

***रामपायली की पहचान एक धार्मिक और सांस्कृतिक नगरी के रूप में होती रही है। यहां आने वाले श्रद्धालु और पर्यटक वर्षो से इसकी परंपरा, संस्कृति और ऐतिहासिक वातावरण को देखने पहुंचते हैं,***

लेकिन अब नगर का मुख्य प्रवेश क्षेत्र - बस स्टैंड चौक - अव्यवस्था और दुर्घटनाओं का केंद्र बनता जा रहा है।

रामपायली का सदियों पुराना सब्जी बाजार, जिसे गांधी चौक अथवा गुजरी चौक के नाम से जाना जाता है, नगर की पारंपरिक पहचान रहा है। पहले यह बाजार सीमित क्षेत्र में संचालित होता था, लेकिन समय के साथ बस स्टैंड क्षेत्र में सब्जी दुकानों की संख्या लगातार बढ़ती गई। आज स्थिति यह है कि बस स्टैंड के आसपास सड़क किनारे एक के बाद एक सब्जी और फल दुकानों की श्रृंखला बन गई है, जिससे यातायात व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो रही है।

शाम 4 बजे के बाद यहां हालात और अधिक भयावह हो जाते हैं। बसों, ट्रकों, ऑटो, दोपहिया वाहनों और पैदल राहगीरों के बीच सड़क इतनी संकरी हो जाती है कि कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार वाहन चालकों को सड़क तक दिखाई नहीं देती क्योंकि बाजार सीधे सड़क तक फैल चुका है।

यह चिंता केवल आशंका नहीं बल्कि कई घटनाओं से साबित हो चुकी है। कुछ समय पहले होटल सुमित के सामने एक व्यक्ति की ट्रक की चपेट में आकर दर्दनाक मृत्यु हो गई थी। वहीं हाल ही में एक तेज रफ्तार चौपहिया वाहन फल दुकान में घुस गया, जिससे वहां मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। सौभाग्यवश उस घटना में बड़ा जनहानि नहीं हुई, लेकिन इसने प्रशासनिक व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए।

### बोले सरपंच संदीप वाघमारे..



सरपंच संदीप वाघमारे ने बताया कि ग्राम हित में सब्जी बाजार एक ही स्थान में सुनयोजित तौर तरीके से लगता आया है उसे हम लगाने का हर संभव प्रयास करते आ रहे हैं किंतु हटधर्मिता की मिसाल पेश करने वाले कुछ सब्जी व्यापारी बस स्टैंड के सड़क पर अपनी सब्जी दुकान फैलाकर अतिक्रमण की पराकाष्ठा लांग रहे हैं जिससे दुर्घटनाओं का सदैव अंदेशा बना रहता है और पूर्व में घटनाएं घटित हो चुकी है इन सब्जी दुकानों को अनेक अनेक बार नोटिस दिया गया कि वे सभी रामपायली के प्रमुख मुख्य बाजार गांधी चौक में अपनी दुकान लगाकर गुजरी चौक की शोभा बढ़ाएं किंतु इन्हें पंचायत के नोटिस को भी दरकिनार करने की आदत सी बन गई है जिसके लिए प्रशासनिक तौर पर ठोस कदम उठाने की माहिती आवश्यकता है।

### बोले उमाशंकर राणा..

ग्राम पंचायत के पंच उमाशंकर राणा ने बताया कि यह सब्जी बाजार यहां से हटकर गांधी चौक में लगाया जाना जनहित में होगा उपसरपंच बालाराम सहारे ने भी कहा कि पंचायत ने सारे प्रयास कर चुके हैं सुनियोजित बाजार पूर्व समय से रामपायली के गांधी चौक में लगता आया है अब जगह और पर्याप्त मात्रा में है यहां सब्जी बाजार लगता है तो एक स्थान पर सब्जी बाजार सुंदर और सुशोभित लगेगा, ग्राम के युवा नेता रजनीश नकासे ने बताया कि पूर्व समय से गांधी चौक में सब्जी बाजार लगता आया है इसी स्थान पर सभी लोगों के लिए सब्जी बाजार नियोजित तौर तरीके से लगेगा तो नगर की सुंदरता में चार-चांद लगेगा बस स्टैंड में सब्जी दुकान अव्यवस्थाओं को बढ़ाने के लिए पर्याप्त हैं जहां दुर्घटनाओं को सदैव अंदेशा रहता है।

## अवैध रेत परिवहन पर खनिज विभाग की कार्रवाई, दो ट्रैक्टर-ट्रॉलियां जप्त..





जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट जिले में अवैध खनिज उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध खनिज विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में दिनांक 24 मई 2026 को उप संचालक खनिज प्रशासन बालाघाट के मार्गदर्शन में खनिज निरीक्षक बसंत कुमार पाटिल,***

खनि सिपाही दिलशाद कुरैशी द्वारा तहसील कटंगी के ग्राम भजियापार में खनिजों के अवैध उत्खनन एवं परिवहन की जांच की गई। जांच के दौरान ग्राम भजियापार में ट्रैक्टर क्रमांक एमपी 50-एए-3244 को अवैध रूप से रेत परिवहन करते हुए पकड़ा गया। वाहन चालक राजेश राउत पिता राजकुमार राउत निवासी ग्राम भजियापार, तहसील कटंगी, जिला बालाघाट बताया गया। उक्त ट्रैक्टर को रेत सहित जप्त कर थाना कटंगी की अभिरक्षा में रखा गया है। इसके अलावा खनिज निरीक्षक बसंत कुमार पाटिल द्वारा 23 मई 2026 की रात्रि में तहसील कटंगी के ग्राम बाहकल में कार्रवाई करते हुए ट्रैक्टर-ट्रॉली क्रमांक एमपी 50-एए-4736 को अवैध रेत परिवहन करते हुए जप्त किया गया। वाहन मालिक का नाम दिनेश पिता नेतलाल बताया गया है। इस वाहन को भी थाना कटंगी की अभिरक्षा में रखा गया है। खनिज विभाग द्वारा बताया गया कि दोनों प्रकरणों में मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण का निवारण) नियम 2022 के तहत अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

***बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं। जगप्रेरणा के मो। 93290 33433 को किसी भी ग्रुप में जोड़ा जा सकता है।***

## ग्रीष्मकालीन मूंग एवं उड़द खरीदी के लिए 25 मई से शुरू होगा किसानों का पंजीयन..

### 15 जून 2026 तक करा सकेंगे पंजीयन..

### उड़द पर मिलेगा 600 रुपये प्रति क्विंटल बोनस

जगप्रेरणा बालाघाट।

***वर्ष 2026 में ग्रीष्मकालीन मूंग एवं उड़द फसल का समर्थन मूल्य पर उपार्जन करने के लिए किसानों का पंजीयन 25 मई 2026 से प्रारंभ किया जा रहा है।***

यह पंजीयन प्रक्रिया 15 जून 2026 तक चलेगी। मध्यप्रदेश शासन द्वारा प्रदेश के 36 जिलों में ग्रीष्मकालीन मूंग तथा 28 जिलों में ग्रीष्मकालीन उड़द की समर्थन मूल्य पर खरीदी किए जाने का निर्णय लिया गया है, जिसमें बालाघाट जिला भी शामिल है। उप संचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय ने जानकारी देते हुए बताया कि समर्थन मूल्य पर खरीदी की इस व्यवस्था से जिले के हजारों किसानों को लाभ मिलेगा। विशेष रूप से उड़द उत्पादक किसानों के लिए सरकार द्वारा प्रति क्विंटल 600 रुपये बोनस दिए जाने की घोषणा की गई है, जिससे किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य प्राप्त हो सकेगा।

उन्होंने बताया कि पंजीयन के लिए किसानों को आवश्यक दस्तावेजों के साथ निर्धारित केंद्रों पर पहुंचकर समय सीमा के भीतर अपना पंजीयन कराना होगा। किसानों से अपील की गई है कि वे अंतिम तिथि का इंतजार न करते हुए 25 मई से 15 जून के मध्य अपना पंजीयन अनिवार्य रूप से करा लें, ताकि खरीदी प्रक्रिया के दौरान किसी प्रकार की परेशानी न हो।

कृषि विभाग के अनुसार शासन की यह पहल किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने तथा दलहन उत्पादन को प्रोत्साहित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। समर्थन मूल्य पर खरीदी से किसानों को बाजार में होने वाले मूल्य उतार-चढ़ाव से राहत मिलेगी और उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। जिले के किसानों में इस निर्णय को लेकर उत्साह देखा जा रहा है। कृषि विभाग द्वारा पंजीयन प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं तथा किसानों को जागरूक करने हेतु लगातार जानकारी भी दी जा रही है।

जग प्रेरणा

# लांजी किरनापुर

● हिर्री ● भानेगांव ● मोहझरी ● बोलेगांव ● बहेला ● रिसेवाड़ा ● कारंजा ● साडरा



दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

संजय टेंभरे लांजी
मो. 7697505999

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

## संपन्न वर्ग को योजना का लाभः जरूरतमंद आवास योजना के लिए वर्षों से लगा रहे नपा के चक्कर..

जगप्रेरणा लांजी।

***प्रधानमंत्री आवास योजना का उद्देश्य उन गरीब परिवारों को पक्की छत देना था जिनकी जिंदगी बारिश में टपकती छतों, कच्ची दीवारों और बदहाल झोपडियोंके बीच गुजरती है।***













लेकिन नगर परिषद लांजी के नीमटोला वार्ड क्रमांक 14 और 15 में इस योजना की तस्वीर कुछ और ही कहानी बयां कर रही है। यहां वर्षों से कच्चे और जर्जर मकानों में रहने वाले गरीब परिवार 10 से 12 सालों से आवेदन पर आवेदन करते घूम रहे हैं, जबकि दूसरी ओर कई ऐसे लोगों को योजना का लाभ मिल चुका है जो बड़े शहरों में ठेकेदारी करते हैं, जीएसटी और आयकर रिटर्न भरते हैं, कई एकड़ जमीन के मालिक हैं और आलीशान भवनों में रह रहे हैं। ऐसे में अब वार्डवासियों का सवाल सीधा है -आखिर गरीब अपात्र कैसे और करोड़ों के मालिक पात्र कैसे बन गए ? नगर परिषद लांजी अंतर्गत आने वाले नीमटोला वार्ड क्रमांक 14 और 15 में लगभग एक दर्जन परिवार आज भी प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभ के लिए दर-दर भटक रहे हैं। लोगों का कहना है कि वे वर्षों से नगर परिषद के चक्कर काट रहे हैं,आवेदन कर रहे हैं, दस्तावेज जमा कर रहे हैं, लेकिन हर बार किसी न किसी कारण से उन्हें अपात्र घोषित कर दिया जाता है। इससे अब लोगों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। वार्डवासियों का कहना है की जब जीएसटी और आयकर भरने वाले, बड़े शहरों में ठेकेदारी करने वाले और कई एकड़ जमीन के मालिक पात्र' बन सकते हैं, तो बारिश में टपकती झोपडियों में रहने वाले गरीब आखिर किस कसौटी पर 'अपात्र' साबित हो रहे हैं ?

### बरसात आते ही घर बन जाते हैं तालाब, फिर भी नहीं सुन रहा परिषद..

वार्ड क्रमांक 14 निवासी सुनील मुसकोसरे का कहना है कि उनका मकान बारिश के समय सबसे ज्यादा प्रभावित होता है। सडक़ का पानी सीधे घर में घुस जाता है, दीवारें भीग जाती हैं और परिवार को पूरी रात जागकर गुजारनी पड़ती है। कई बार आवेदन देने के बावजूद आज तक उन्हें आवास योजना का लाभ नहीं मिला। वहीं आशाराम पाड़े आज भी छोटी सी झोपड़ी में रहने को मजबूर हैं। उनका कहना है कि वे पिछले दस-बारह वर्षों से आवेदन करते आ रहे हैं लेकिन हर बार किसी न किसी कारण से नाम काट दिया जाता है। इसी तरह गायत्रीबाई नेवारे का आवेदन भी वर्षों से लंबित पड़ा है। संजय कुमार भंडारकर का मकान पूरी तरह जर्जर हो चुका है। बरसात के मौसम में उनके परिवार के सामने जान का खतरा बना रहता है। रूपचंद नेवारे ने छह से सात बार आवेदन कियाए लेकिन हर बार उन्हें निराशा ही हाथ लगी। राजेंद्र सोनवाने का दर्द भी कम नहीं है। उनका कहना है कि उनके भाई दादन सोनवाने का आवास स्वीकृत हो गया, लेकिन वे स्वयं आज तक योजना से वंचित हैं। परिवार आर्थिक तंगी से जूझ रहा है और पति मजदूरी के लिए बाहर गया हुआ है।

### वोट चाहिए तो हम पात्र, मकान चाहिए तो अपात्र..

वार्डवासियों का कहना है कि उनके पास राशन कार्ड है, वे मकान टैक्स भरते हैं, चुनाव के समय वोटर सूची में उनका नाम रहता है, लेकिन जब प्रधानमंत्री आवास योजना की पात्रता तय होती है तो ऑनलाइन प्रक्रिया में उन्हें अपात्र घोषित कर दिया जाता है। लोगों का कहना है कि यदि दस्तावेजों में त्रुटियां हैं तो नगर परिषद और जिम्मेदार अधिकारी स्वयं शिविर लगाकर उन्हें सुधारें और जरूरतमंदों को योजना का लाभ दिलाएं। क्योंकि योजनाएं गरीबों के लिए बनाई जाती हैं, उन्हें तकनीकी उलझनों में फंसाने के लिए नहीं। आखिर शासन की योजनाएं जनता के लिए हैं या केवल कागजी प्रक्रिया के लिए ?

### पात्रता सूची पर उठ रहे गंभीर सवाल..

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नीमटोला क्षेत्र में ऐसे कई लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिला है जिनकी आर्थिक स्थिति किसी भी सामान्य गरीब परिवार से कहीं अधिक मजबूत बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि हैदराबाद में ठेकेदारी कार्य करने वाले दशरूलाल बड़घैया के पास लगभग 10 एकड़ जमीन है और वे जीएसटी व आयकर दोनों भरते हैं। ताराचंद पाड़े के पास लगभग 6 एकड़ जमीन, बोरवेल और तीन मंजिला भवन होने के बावजूद उन्हें योजना का लाभ मिला। रामचंद संतुकलाल पाड़े पर आरोप है कि वे करोड़ों का बंगला निर्माण करा रहे हैं, लगभग 20 एकड़ जमीन के मालिक हैं और चेन्नई में ठेकेदारी करते हैं, फिर भी प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ ले चुके हैं। इसी तरह मीरा बड़घैया के परिवार के सदस्य मुंबई में ठेकेदारी कार्य करते हैं और लगभग 25 एकड़ जमीन होने के बावजूद उन्हें भी योजना का लाभ मिल चुका है। इन नामों के सामने आने के बाद अब नगर परिषद की पात्रता जांच प्रक्रिया पर गंभीर सवाल खड़े होने लगे हैं। लोग पूछ रहे हैं कि जब आर्थिक रूप से संपन्न और व्यवस्थित लोग योजना के लाभार्थी बन सकते हैं तो वर्षों से जर्जर घरों में रहने वाले गरीब आखिर किस गलती की सजा भुगत रहे हैं?

### ऑनलाइन आवेदन करें, दस्तावेज सही होंगे तो जरूर मिलेगा लाभ- सीएमओ वाहने..



इस मामले में नगर परिषद लांजी के सीएमओ मयूर वाहने ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना का नया संस्करण 2.0 शुरू हो चुका है और अब पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन कर दी गई है। हितग्राही किसी भी एमपी ऑनलाइन या सीएससी सेंटर से आवेदन कर सकते हैं, जिसके बाद नगर परिषद स्तर पर दस्तावेजों की जांच होती है।

उन्होंने कहा कि हितग्राही के पास भूमि से संबंधित वैध दस्तावेज और स्वयं की भूमि होना आवश्यक है। साथ ही उन्होंने नगरवासियों से अपील की कि जो लोग अब तक योजना से वंचित हैं, वे जल्द आवेदन करें, जांच उपरांत पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ दिया जाएगा।

## एन.सी.सी युवाओं में एकता, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता करता है प्रदान..



### संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण संपन्न..

जगप्रेरणा बालाघाट (गोंगलई)।

***एन.सी.सी. का दस दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर (सीएटीसी-97) रविवार 24 मई को पूरे उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। शिविर के सफल आयोजन में जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग का विशेष सहयोग रहा।***

शिविर के समापन अवसर पर कैंप कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल विनीत कमल गुप्ता ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि एनसीसी युवाओं में एकता, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, चरित्र निर्माण एवं धर्मनिरपेक्ष दृष्टिकोण का विकास करती है। उन्होंने सभी कैडेट्स को अपने दैनिक जीवन में अनुशासन एवं राष्ट्रीय एकता के मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित किया।

इस शिविर के सफ्ल संचालन में जिला कलेक्टर मृणाल मीणा, सहायक आयुक्त श्रीमती शकुंतला डामोर, ट्राइबल विभाग तथा प्राचार्य शासकीय कन्या शिक्षा परिसर बालाघाट (गोंगलई) का विशेष योगदान रहा। शिविर हेतु 10 दिनों तक कन्या शिक्षा परिसर उपलब्ध कराया गया।

शिविर के दौरान कैडेट्स को विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन प्रदान किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा फायरिंग अभ्यास के लिए पुलिस बस उपलब्ध कराई गई। वहीं प्रातःकालीन योग सत्र में तनु काटेकर द्वारा योग प्रशिक्षण दिया गया। इसके अतिरिक्त एसडीआरएफटीम द्वारा आपदा प्रबंधन, एनपीसीआईएल टीम द्वारा परमाणु ऊर्जा, बैंकिंग जागरूकता तथा मेडिकल क्षेत्र में प्राथमिक उपचार संबंधी विशेष व्याख्यान आयोजित किए गए।

शिविर में बालाघाट, सिवनी, छिंदवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले के कुल 466 एनसीसी कैडेट्स ने सहभागिता की। शिविर को सफल बनाने में मेजर हेमंत कुमार मंडाले (कैंप एडजुटेंट), कैप्टन राजेन्द्र सिंह कुसराम, लेफ्टिनेंट गजानन कटरे, द्वितीय एनसीसी अधिकारी कल्पना थोंबरे, संदीप रामटेकर, अभिजीत महोबे, विश्वेश्वर रंगारे, नवीता मैथ्यू, सूबेदार तरसेम सिंह, हवलदार किरण कुमार, निमा संगी तमांग, रसपाल सिंह, रामदेव, नायक रजनीश कुमार एवं विनय कुमार सहित समस्त स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।




## शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी श्री लक्ष्मीकांता कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी महाविद्यालय में द्वितीय चरण का प्रवेश हुआ प्रारंभ..

जगप्रेरणा लांजी।

***म.प्र. शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए द्वितीय चरण की ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। इसी क्रम में लांजी क्षेत्र के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान***




श्री लक्ष्मीकांता कॉलेज ऑफटेक्नोलॉजी में स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश शुरू कर दिए गए हैं। महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार बी.एस.सी. जीवविज्ञान, बी.एस.सी. गणित, बी.एस.सी. कम्प्यूटर साइंस, बी.एस.सी. कम्प्यूटर एप्लीकेशन, बी.कॉम प्लेन, बी.कॉम कम्प्यूटर एप्लीकेशन, बी.ए. प्लेन, बी.ए. कम्प्यूटर एप्लीकेशन तथा एम.एस.सी. रसायनशास्त्र एवं प्राणीशास्त्र प्रथम वर्ष में प्रवेश जारी हैं।

प्रवेश प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन माध्यम से संचालित की जा रही है। इच्छुक विद्यार्थियों को निर्धारित समय सीमा के भीतर पोर्टल के माध्यम से पंजीयन कर महाविद्यालयवार, पाठ्यक्रमवार एवं विषय समूह के विकल्प भरना अनिवार्य होगा। विद्यार्थियों को अधिक से अधिक महाविद्यालयों के विकल्प देने की सलाह भी दी गई है, ताकि उन्हें किसी न किसी महाविद्यालय में प्रवेश मिल सके। महाविद्यालय प्रशासन ने बताया कि द्वितीय चरण में स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों हेतु ऑनलाइन पंजीयन 21 मई 2026 से 03 जून 2026 तक किया जाएगा।

दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया 22 मई 2026 से 04 जून 2026 तक चलेगी, जबकि सीट आवंटन जारी होने एवं प्रवेश शुल्क भुगतान की तिथि 07 जून 2026 से 13 जून 2026 निर्धारित की गई है। छात्राओं के लिए निःशुल्क पंजीयन सुविधा भी महाविद्यालय में उपलब्ध कराई गई है। महाविद्यालय में विद्यार्थियों के लिए आधुनिक शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। इनमें स्वयं का भवन, निःशुल्क पुस्तकालय, आधुनिक कम्प्यूटर प्रयोगशाला, जीवविज्ञान, वनस्पतिशास्त्र एवं रसायनशास्त्र प्रयोगशालाएं, प्रोजेक्टर युक्त स्मार्ट क्लासेस, नियमित कक्षाएं तथा अनुभवी प्राध्यापकों द्वारा कैरियर गाइडेंस शामिल हैं।

इसके साथ ही विद्यार्थियों को गांव की बेटी योजना, पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति, सेंट्रल सेक्टर छात्रवृत्ति, आवास योजना, अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति सहित म.प्र. शासन द्वारा संचालित विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं का लाभ भी उपलब्ध कराया जा रहा है।




## रेत ना मिलने से आम वर्ग परेशान, वहीं दूसरी ओर रेत माफिया कर रहे काला बाजारी

### अवैध रेत खनन करने वालों को आखिर किसका संरक्षण ?

जगप्रेरणा लांजी।

क्षेत्र में इन दिनों वैध रेत उपलब्ध नहीं होने से आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। घर निर्माण, शासकीय कार्य एवं निजी निर्माण कार्य रेत के अभाव में प्रभावित हो रहे हैं। दूसरी ओर रेत की कमी का फायदा उठाकर अवैध उत्खनन और चोरी का कारोबार तेजी से बढ़ रहा है, जिससे शासन को लाखों करोड़ो रुपये के राजस्व का नुकसान उठाना पड़ रहा है।





### कई निर्माण कार्य रूके..

जानकारी के अनुसार क्षेत्र के कई निर्माण कार्य रुकने की कगार पर पहुंच गए हैं। लोगों का कहना है कि वैध रूप से रेत नहीं मिलने के कारण उन्हें मजबूरी में महंगे दामों पर रेत खरीदनी पड़ रही है। कई स्थानों पर ट्रैक्टर और डंपरों के माध्यम से रात के समय अवैध रेत परिवहन किए जाने की शिकायतें भी सामने आ रही हैं।

ग्रामीणों एवं निर्माण कार्य से जुड़े लोगों का कहना है कि यदि प्रशासन द्वारा जल्द वैध रेत खदानों का संचालन शुरू नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में स्थिति और गंभीर हो सकती है। ग्रामीण जनों को अपने आशियाने बनाने के लिये रेत की आवश्यकता है लेकिन अवैध रेत के कारोबार के चलते ट्रैक्टरो से भी रेत लेना भारी पड़ रहा है। ग्रामीण जनों ने सरकार से पूछा है कि यह कैसी व्यवस्था है जो कई महिनों से वैध रूप से रेत का संचालन नही करा पा रही है। जिसके चलते अवैध रेत चोरी का कारोबार धडल्ले से फल फुल रहा है। रेत माफिया इस समय का जमकर फायदा उठा रहे और लाभ कमा रहे है जबकि यदि सरकार समय पर वैद्य रूप से रेत का संचालन प्रारंभ कर दे तो निश्चित रूप से सरकार को लाखों करोड़ो रूपये का फायदा होगा और आम जन को महंगे दामों मे रेत नही खरीदना पड़ेगा। वहीं अवैध उत्खनन से नदी-नालों के पर्यावरण पर भी विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि क्षेत्र में वैध रेत उपलब्ध कराई जाए तथा अवैध रेत उत्खनन और परिवहन पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके और शासन को हो रहे राजस्व नुकसान पर रोक लगाई जा सके।

### महाराष्ट्र से आ रहे रेत के डंपर..

लांजी क्षेत्र में वैध रूप से रेत नही मिलने का फायदा अब महाराष्ट्र से रेत का कारोबार कर उठाया जा रहा है। प्राप्त सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार लांजी के पडोंसी राज्य आमगांव महाराष्ट्र की ओर से रोजाना बहेला क्षेत्र, भाडरा अंचल सहित लांजी क्षेत्र के अनेकों ग्रामों में रेत से भरे डंपर देखे जा सकते है। अब यह डंपर किसके संरक्षण में चल रहे है यह तो जांच का विषय है लेकिन हजारों रूपये खर्च कर निर्माण कार्य करवाने वाले डंपरो से रेत बुलवा रहे है। दिन दहाड़े रेत से भरे डंपर देखे गये है तो रात्रि में और भी ज्यादा यह कारोबार फल फुल रहा होगा। इस संबध में पुलिस एवं खनिज विभाग को जांच कर इन रेत से भरे डंपरो पर कार्यवाही करनी चाहिये। क्योंकि यह रेत माफिया बडी मात्रा में मध्यप्रदेश शासन को लाखों रूपये का राजस्व का चुना लगा रहे है।

### क्षेत्र के रेत घाटों से भी रात्रि मे चोरी- अंधाधुंध ट्रैक्टरों की रफ्तार कर रही दुर्घटनाऐं..

जहां महाराष्ट्र से डंपरो से रेत का अवैध परिवहन हो रहा है वहीं लांजी क्षेत्र के कई रेत घाटों से रेत माफियाओं के द्वारा अवैध रूप से रेत का परिवहन कर रेत चोरी की जा रही है नतीजन क्षेत्र में सडक़ दुर्घटनाऐ भी बढ रही है रेत माफ्यिाओं को घाट से रेत निकालने और गंतव्यो तक पंहुचने में इतनी जल्दी रहती है कि वे यह नही देखते की हम रास्ते मे चल रहे जो आ रहा है उसके टक्कर मारते या कुचलते हुये आगे बढ जाते है हाल ही में मोहारा के पास घटना भी सामने आई थी जहा रेत से भरे ट्रैक्टर ने एक परिवार से उसकी खुशियॉ छीन ली। क्योंकि अवैध रूप से रेत का संचालन हो रहा था तो स्वाभाविक था उसे कही पंहुचने की जल्दी होगी यदि वैद्य रूप से रेत का संचालन होता तो यह कारोबार दिन मे चलते रहता और शायद इतनी बडी दुर्घटना से बचा जा सकता था। सरकार और जिले के अधिकारी इस विषय पर ध्यान देवे और अवैध रेत के कारोबार को पूर्णतः बंद कराया जाये तथा जल्द से जल्द वैद्य रेत का संचालन किया जाये।

लेख, लघु कथा, कविताएं एवं साहित्य सोमग्रीयां आमंत्रित है..
Email - jagprernaw@gmail.com
Whatsapp - 93290-33433





दैनिक जग प्रेरणा में साहित्य लेख रचनाएं प्रकाशन के लिये संपर्क करें..
एकता आशीष वर्मा
मो. 94070 33433

## गंगा दशहरा : नदियों को पवित्र और प्रवाहमान रखने का संदेश

भारत की सभ्यता और संस्कृति का विकास नदियों के किनारे ही हुआ है। यहाँ नदियाँ केवल जलधाराएँ नहीं, बल्कि जीवन, आस्था, संस्कृति और प्रकृति की आधारशिला के रूप में मान्य हैं। नदी छोटी हो या लंबी, उथली हो या गहरी, मौसमी हो या बारहमासी,सभी का अपना महत्व है और सभी वंदनीय हैं।

ज्येष्ठ शुक्ल दशमी को मनाया जाने वाला गंगा दशहरा पर्व माँ गंगा के पृथ्वी पर अवतरण का प्रतीक है। धार्मिक मान्यता है कि इसी दिन राजा भगीरथ की घोर तपस्या से प्रसन्न होकर माँ गंगा स्वर्ग से पृथ्वी पर अवतरित हुई थीं, जिससे मानवता का कल्याण हुआ।

गंगा दशहरा केवल एक धार्मिक अनुष्ठान का पर्व नहीं है और न ही यह केवल गंगा नदी तक सीमित है, बल्कि यह पर्व हमें देश की सभी नदियों की पवित्रता, स्वच्छता और अविरलता बनाए रखने का संदेश देता है। आज जब भीषण ग्रीष्म ऋतु में भारत के अधिकांश शहर पानी की किल्लत से जूझ रहे हैं और हमारी नदियाँ प्रदूषण, अतिक्रमण व अत्यधिक जल दोहन के संकट से ग्रसित हैं, तब यह पर्व हमें आत्ममंथन का अवसर देता है। यह समय विचार करने का है कि क्या हम अपनी जीवनदायिनी नदियों के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन सही ढंग से कर रहे हैं?

भारतीय परंपरा में गंगा, यमुना, नर्मदा, गोदावरी, कृष्णा, कावेरी और क्षिप्रा जैसी नदियों को 'माँ' कहकर संबोधित किया गया है। वेदों, पुराणों और महाकाव्यों में भी इनका विस्तृत गुणगान मिलता है। ऋग्वेद में नदियों को समृद्धि, शुद्धता और चेतना का स्रोत बताया गया है। भारतीय ज्ञान परंपरा में जल को पंचमहाभूतों में विशिष्ट स्थान प्राप्त है और ÷अपो हिष्ठा मयोभुवा÷ कहकर जल को सुख और कल्याण का आधार माना गया है।

वास्तव में नदियाँ केवल धार्मिक आस्था का केंद्र नहीं हैं, बल्कि वे कृषि, पेयजल, जैव विविधता, मत्स्य पालन, ऊर्जा उत्पादन और आजीविका का मुख्य आधार भी हैं। भारत की करोड़ों की आबादी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से इन्हीं नदियों पर निर्भर है।परंतु वर्तमान में नदियाँ बहुआयामी समस्याओं का सामना कर रही हैं। नगरों का अनुपचारित सीवेज, औद्योगिक अपशिष्ट, प्लास्टिक कचरा, रासायनिक खेती से बहकर आने वाले उर्वरक और कीटनाशक इन्हें विषैला बना रहे हैं। कई स्थानों पर धार्मिक आस्था के नाम पर भी पूजा सामग्री, मूर्तियाँ और अन्य कचरा नदियों में प्रवाहित कर दिया जाता है, जो चिंताजनक है।

आज स्थिति यह है कि अनेक नदियों का प्राकृतिक प्रवाह बाधित हो चुका है। बाँधों के अनियोजित निर्माण, अतिक्रमण और अत्यधिक दोहन के कारण कई बारहमासी नदियाँ अब मौसमी बनकर रह गई हैं और कई विलुप्त होने की कगार पर हैं। इसका सीधा असर भूजल स्तर पर पड़ रहा है और नदियों की जैव विविधता नष्ट हो रही है। अनेक जलीय जीव विलुप्ति की कगार पर पहुँच चुके हैं।

इन विषम परिस्थितियों में गंगा दशहरा का मूल संदेश केवल स्नान और अर्घ्य देने तक सीमित नहीं रह जाता। इसका वास्तविक उद्देश्य जल के प्रति श्रद्धा, प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता और पर्यावरण के प्रति उत्तरदायित्व का भाव जगाना है। यदि हम सचमुच नदियों का सम्मान करना चाहते हैं, तो हमें उन्हें प्रदूषण मुक्त रखने का दृढ़ संकल्प लेना होगा।नदियों की पूजा और उनके तटों पर होने वाली आरती तभी सार्थक होगी जब:नदियों में कचरा और प्लास्टिक डालना पूरी तरह बंद हो। सीवेज और औद्योगिक अपशिष्ट का शत-प्रतिशत उपचार सुनिश्चित किया जाए।

नदी तटों पर सघन वृक्षारोपण कर हरित पट्टी विकसित की जाए।

वर्षा जल संचयन और जल संरक्षण को एक जनआंदोलन का रूप दिया जाए।नदियों के प्राकृतिक और निर्बाध प्रवाह को अक्षुण्ण रखा जाए।

हमें यह समझना होगा कि नदियों की रक्षा केवल सरकार का दायित्व नहीं है, बल्कि यह समाज और प्रशासन की साझा जिम्मेदारी है। एक ओर जहाँ प्रशासन को प्रभावी सीवेज प्रबंधन, कड़े औद्योगिक नियमों और नदी संरक्षण कानूनों का सख्ती से पालन कराना होगा; वहीं दूसरी ओर समाज को अपनी जीवनशैली में बदलाव लाकर नदियों को मानव-जनित कचरे से मुक्त रखना होगा।

विद्यालयों, धार्मिक संस्थाओं, सामाजिक संगठनों और ग्राम सभाओं, साधु-संतों के धार्मिक सम्मेलनों आदि को नदी संरक्षण के लिए व्यापक जनजागरण अभियान चलाने की आवश्यकता है। हमारे तीर्थस्थलों पर ÷स्वच्छ स्नान, सुरक्षित स्नान और संवेदनशील स्नान÷ की संस्कृति विकसित करनी होगी। पूजा सामग्री के विसर्जन के लिए नदी तटों से दूर अलग संग्रह केंद्र बनाए जाने चाहिए और पर्यावरण-अनुकूल विकल्पों को बढ़ावा देना होगा।

पारिस्थितिकी विशेषज्ञों का मानना है कि नदी केवल जल का संचय नहीं, बल्कि एक जीवंत इकोसिस्टम है। जब नदी का प्रवाह रुकता है, तो उसका जीवन भी संकट में पड़ जाता है। इसलिए नदियों की÷निर्मलता÷ के साथ-साथ उनकी ÷अविरलता÷ भी उतनी ही आवश्यक है। भारतीय मनीषा में भी कहा गया है—÷नदी वेगेन शुद्धयति÷ अर्थात् नदी अपने वेग (प्रवाह) से ही शुद्ध रहती है।अत: आज हमें ऐसी सतत विकास नीतियों और आचरण की आवश्यकता है, जो प्रकृति और प्रगति के बीच एक आदर्श संतुलन स्थापित कर सकें।

गंगा दशहरा हमें यह स्मरण कराता है कि जल ही जीवन है और नदियाँ इस जीवन की धड़कन हैं। यदि नदियाँ स्वच्छ और प्रवाहमान रहेंगी, तभी मानव सभ्यता का भविष्य सुरक्षित रह सकेगा। वर्ष में केवल एक दिन, किसी एक नदी की पूजा करने से कर्तव्य की इतिश्री नहीं होगी; बल्कि प्रतिदिन सभी नदियों के संरक्षण का दायित्व निभाने से ही हमारी श्रद्धा सार्थक होगी।आइए, इस गंगा दशहरा पर हम सब यह सामूहिक संकल्प लें कि हम ÷नदियों को केवल पूजेंगे नहीं, बल्कि उन्हें स्वच्छ, निर्मल और अविरल भी बनाए रखेंगे।÷

लेखक



प्रो.मनमोहन प्रकाश

## अच्छे दिन का सपना जैसे टूट गया

अच्छे दिन का सपना जैसे टूट गया
ऊपर वाला जैसे की अब रूठ गया
बढ़ी महंगाई तेलों के है दाम बढ़े
आम आदमी जैसे की अब लूट गया
अच्छे दिन का..
नेताओं के भाषण सारे झूठे है
ख़्वाब हमारे सारे ही अब टूटे है
कमर हमारी टूटी है जेबें भी ढीली है
भाग्य हमारे जैसे की अब फूटे हैं
अच्छे दिन का..
महंगी शिक्षा बच्चे पढ़ाना मुश्किल है
अब समझे उनको बढ़ाना मुश्किल है
देख के अब हालात रोना आ जाता है
हॉस्पिटल दवा के खर्चे उठाना मुश्किल है
अच्छे दिन का..
आमदानी से खर्चा अब तो ज्यादा है
शोषण का ही चर्चा अब तो ज्यादा है
आम आदमी मरे यहाँ पर नेताओं का जलवा है
बड़े लोगो का दर्जा
अब तो ज्यादा है
अच्छे दिन का..
अच्छे दिन का
सपना जैसे टूट गया
ऊपर वाला जैसे
की अब रूठ गया
बढ़ी महंगाई तेलों
के हैं दाम बढ़े
आम आदमी जैसे
की अब लूट गया

लेखक



किशोर छिपेश्वर 'सागर', बालाघाट

## औकात..

भीषण गर्मी के बाद आती बरसात है।
जिन्दगी भी इस तरह होती शुरुआत है।
सहने पड़ते हैं जीवन मे कष्ट अनेकों-
तब कहीं जाकर सुख मिलता सौगात है।
आज की तपन, कल दिल को ठंडक देगी
कहेगा हर कोई क्या बात है, क्या बात है।
कोस लो आज सूरज को भले ही कितना-
वही सूरज देगा कड़कड़ाती ठंड को मात है।
यह आदमी ही है जो रोते जन्म लेता है
इसलिये रोना ही बस आदमी की औकात है।

शशि तिवारी

## दो मुक्तक..

जीवन में मेरे यातनाएं बहुत है,
फिर भी मन में संवेदनाएं बहुत है।
जिसकी वजह से बर्बाद जीवन है,
उसके लिए ही
प्राथनाएं बहुत है।


मूझे पता है उसके वजह से
बरबाद मेरा जीवन है
फिर भी उसे एक बार देखने
का होता मन है।
उसने भूला दिया है यकीन
मानो मै भी भूला दूंगा
बस उससे इतना पुछना है
क्या सूकून देता धन है?

लेखक



संजय अश्क
पुलपुट्टा, बालाघाट

## शब्दवर्गपहेली क्र.- 174



ck;s ls nk;s& 1) आलसी 2) बॉडीगार्ड 5) महिमा 7) एक राज्य जिसकी राजधानी शिलांग है 10) छाती के पंजर की गोलाकार हड्डी 13) मौलवीद्वारा धर्मसंबंधी किसी मामले में दिया गया लिखित आदेश 14) तैयार करना 16) श्रीरामचंद्रजी का एक नाम 17) वट का वृक्ष 18) किरण 19) प्राचीन कालीन आठ विवाहों में से एक 22) चुनाव 24) खड्ग 25) दमयंती का पति 26) निर्माण करना 27) भादो शुक्ल तृतीया, महाराष्ट्र में सधवा स्त्रियोंद्वारा मनाया जानेवाला एक व्रत 29) मनाना, राजी कराना 31) सम्मान 33) कयामत, विश्व का आखरी दिन 34) हमारा देश 35) कमल 37) चित्त 38) चारपाई 39) 'रामचरित मानस' के रचयिता 40) काटना 43) कुटूंब 45) अधिकार 46) फूल (उर्दू) 47) व्यक्ति का संबोधनवाची शब्द 48) रईस 50) पारिश्रमिक 53) अयोग्य 55) मूर्ख 57) मुसलमान 58) राजा, बादशाह 59) लगभग 62) नृप 64) कामयाब 65) हालत 67) आसानी 69) आनंद 71) प्राप्त होना 73) टुकड़ा टुकड़ा, बूंद बूंद 76) भक्षण करना, भोजन करना 77) जीभ 80) एक किस्म की सरसों 81) धेनु 82) सफेद रंग का एक पक्षी 84) मिट्टी का अपभ्रंश रुप 86) बनावटी दस्तावेज तैयार करने का कार्य 88) आसान 90) चुकता, नखरा 92) एक भूतपूर्व महिला मुख्यमंत्री का केवल नाम 93) अनुचित 96) प्रसूति 97) इटली की राजधानी 98) शंकर 99) पानी 100) एक खट्टा मीठा छोटा फल 101) एक वात रोग 103) सर्पिणी 105) तरीका 106) दु:ख, शोक 108) अन्नजल 109) राजप्रासाद 111) राजप्रासाद में नाचनेवाली नर्तकी 112) सप्ताह का एक दिन 113) कृतघ्न 114) गेहूं में लगनेवाला कीडा

Åij ls uhps& 1) स्वर्णकार 2) बीच का लंबा समय 3) खिड़की, झरोका 4) कराना 5) विवाह के बाद की एक रस्म जिसमे दूल्हा पहलीबार दुल्हन को अपने घर ले जाता है 6) प्राथमिकता 7) 'हमारा' का एकवचन 8) स्त्रियोंका एक वस्त्रप्रकार 9) रामायण में लक्ष्मण का एक भतिजा 10) पतंगा 11) एक सुर्यवंशी राजा जिसके नाम पर समुद्र सागर कहलाया 12) घोड़े की विष्ठा 15) इच्छा, रुचि 17) ताकतवर 20) शक्तिशाली21) गणेशजी का एक नाम 22) चरित्र का अपभ्रंश रुप 23) कमलिनी 24) लाक्षणिक दृष्टि से सर्वस्व 25) 'वैष्णव जन तो तेणे कहिये.......' इस भजन के रचयिता 27) चुराना 28) वह स्थान जहां चीजें तैयार की जाती है 30) बिहार की राजधानी 31) उत्सुक 32) समूह 33) खुशी 34) भारवाहक 36) जन्म देना 41) शिष्टाचार 42) घेरा, मंडल 44) वेश्या 46) एक फूल 49) नया, अनोखा 50) मेल मिलाप 51) पति की बहन 52) नासिका 53) स्त्री 54) इकरारनामा, करार पत्र 56) धब्बा 60) फिल्म कालीचरण में शत्रुघ्न सिन्हा की हीरोइन 61) कार्य, करतूत 63) फंदा 64) दंड 66) साग 67) मित्र 68) धातु का लंबा धागा 69) निषेध 70) नया जीवन 71) माधुर्य 72) खफा 74) तकाजा 75) रात को सुगंध देनेवाला एक पेड़ व उसके फूल 78) वक्ता 79) पानी की बड़ी धारा 83) सावधान 85) प्रसिद्ध उद्योगपति अनिल अंबानी की पत्नी का पूर्व नाम जो जानीमानी अभिनेत्री भी थी 87) पति की मां 89) बिलकुल 90) अमेरिका के रहिवासी 91) व्ही. शांताराम की एक पुरानी हिट फिल्म जिसका 'अरे जारे हट नटखट....' एक लोकप्रिय गीत रहा 94) प्राण 95) भूकंप (उर्दू) 100) एक उद्योगप्रधान देश 102) एक फूल 103) जुलूस में दी जानेवाली सामुहिक घोषणा 104) ईसाई साध्वी (अंग्रेजी) 107) नीर 109) रास्ता 110) छोटा (जवाब अगले अंक में )

### पिछ्ले अंक के शब्दवर्गपहेली का जवाब

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| इ | ला | ज | | टी | | | प्र | सा | द | | खा | क | | भ | ल | म | न | सा | ह | त |
| न | ज | रा | ना | | ना | | चं | | ल | ग | न | शी | ल | | | ह | र | | | र्क |
| क | | सा | म | दा | म | दं | ड | भे | द | | दा | दा | | सिं | घ | ल | | दा | न | |
| ला | त | | ज | ना | दे | श | | ज | ल | पा | न | | ता | | ब | | ग | म | गी | न |
| ब | र | बा | द | | व | | सू | ना | | न | | प | रे | श | रा | व | ल | | ना | ग |
| | ह | द | | पै | | अं | त | | उ | प | का | र | | र | ह | म | त | | | र |
| क | त | ल | क | र | ना | | | ख | | रा | जी | व | | म | ट | न | | अ | | नि |
| त | र | | ला | | | ज | ल | त | रं | ग | | रि | स | ना | | | अ | नु | रा | ग |
| रा | ह | | का | मि | नी | | प | रा | ग | | क | श | म | क | श | | | ज | | म |
| | के | स | र | | ल | | ट | | रे | व | डी | | त | | बा | व | न | | दि | |
| म | | रो | | प | | स | | न | ज | र | | सु | ल | ग | ना | | र | स | खा | न |
| दी | न | द | या | ल | उ | पा | ध्या | य | | | शो | क | | न्ना | | | गि | र | ना | |
| ना | ज | | च | ट | प | ट | | न | म | क | ह | रा | म | | म | सो | स | ना | | म |
| | दी | म | क | | हा | | म | स | ला | | र | त | ज | गा | | ना | | मा | यू | स |
| न | क | ल | | श | र | द | | लि | या | क | त | | दू | ज | का | चां | द | | थ | ल |
| फा | | ना | ह | क | | म | जा | ल | | र्ज | | श | री | र | | दी | वा | र | | ना |

anumeya-08446302691

## गाँव..

ना धूप में है ना छांव में है
असली मजा तो गांव में है

गांव आ जाने पर
शहर वालों की भी तबीयत खिलती है
गांव की मिट्टी में जो खुशबू है
वो शहर के इत्र में कहां मिलती है

शहरों में तो आजकल
बारूदों का मौसम चल रहा है
गांव में आकर देखो
यहां हर घर में आम फल रहा है

वक्त मिले तो घूमते -फिरते
आ जाना कभी गांव में
बैठना थोड़ी देर जामुन,आम
तो कभी गुलमोहर की छांव में

गांव ही है जिसने
संस्कृति को संजोए रखा है
शहर में कभी बच्चों को
धूप में पेड़ों के नीचे खेलते देखा है.?

अकील आर्ट सालेकसा

## व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

*बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं। जगप्रेरणा के मो. 9329033433 को किसी भी ग्रुप से जोड़ा जा सकता है।*





# भारतीय खेल इतिहास के लिए एक यादगार दिन, एथलीटों ने एक साथ तोड़े कई रिकार्ड्स..

डेस्क जगप्रेरणा।

***रांची के बिरसा मुंडा स्टेडियम में चल रहे नेशनल सीनियर फेडरेशन एथलेटिक्स टूर्नामेंट का दूसरा दिन बेहद ऐतिहासिक रहा। इस दिन भारतीय खिलाड़ियों ने दशकों पुराने कई रिकॉर्ड तोड़कर अपने नाम कर लिए।***



मेंस की 100 मीटर की रेस में गुरिंदरवीर सिंह ने एक नया नेशनल रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। वहीं, विशाल टीके 400 मीटर की रेस को 45 सेकंड से कम समय में पूरा करने वाले पहले भारत के पहले एथलीट बन गए। इनके अलावा भी इस टूर्नामेंट में कई नए रिकॉर्ड बने।

## गुरिंदरवीर सिंह ने 100 मीटर की दौड़ में किया कमाल..

गुरिंदरवीर सिंह ने 100 मीटर की दौड़ को 10.09 सेकंड में पूरा किया और इसके साथ ही उन्होंने एक नया रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। इस साल पूरे एशिया में सबसे तेज 100 मीटर का दौड़ पूरा करने वाले दूसरे सबसे खिलाड़ी बने हैं। इसके बाद विशाल टी.के. ने एक नया कमाल किया। उन्होंने 400 मीटर की दौड़ 44.98 सेकंड में पूरी की। वह 45 सेकंड से कम समय में यह रेस पूरा करने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं और इस साल एशिया में उनका यह प्रदर्शन सबसे बेहतरीन रहा है। गुरिंदरवीर के इस शानदार प्रदर्शन को देखने के बाद खेल और राजनीति जगत से उन्हें बधाई मिल रही है।

## डेकाथलॉन में तेजस्विन शंकर ने किया कमाल..

भारतीय एथलीट तेजस्विन शंकर डेकाथलॉन (10 खेलों की प्रतियोगिता) में 8000 से ज्यादा पॉइंट हासिल करने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने इस टूर्नामेंट में 8057 पॉइंट हासिल करके अपना ही पुराना रिकॉर्ड (7063 अंक) तोड़ दिया और एक नया नेशनल रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। इस शानदार प्रदर्शन के साथ ही उन्होंने पूरे एशिया में डेकाथलॉन में सातवां स्थान हासिल कर लिया है।

## विशाल टी.के ने कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए किया क्वालीफाई..

तमिलनाडु के 22 साल के एक मशहूर एथलीट विशाल टी.के ने भी इस टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने पिछ्ले साल चेन्नई में 45.12 सेकंड में रेस पूरी करके 400 मीटर दौड़ का भारतीय रिकॉर्ड तोड़ा था। अब उन्होंने शनिवार को उसी दौड़ को और भी तेजी से, यानी 44.98 सेकंड में पूरा किया। इसी के साथ वह 45 सेकंड से कम समय में यह रेस पूरी करने वाले पहले भारतीय एथलीट बन गए हैं। विशाल टी.के. ने 44.98 सेकंड में रेस पूरा करके 2026 कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए क्वालीफाई कर लिया है।

# फिर सोशल मीडिया पर छा गया ऐश्वर्या राय का कान्स वाला लुक, खूबसूरत ड्रेस में जमकर हो रही तारीफ..

डेस्क जगप्रेरणा।

***कान्स फिल्म फेस्टिवल हो और ऐश्वर्या राय की चर्चा न हो ऐसा कम ही होता है। कम से कम बीते कुछ साल से लगातार ऐसा ही रहा है। बीते रोज यानी 23 मई को कान्स फिल्म फेस्टिवल 2026 का समापन हो गया***



और यहां लॉरियल ब्रांड की ग्लोबल ब्रांड एंबेसडर ऐश्वर्या राय ने अपनी अदाओं का तड़का लगाया। मिस वर्ल्ड का खिताब हासिल करने वाली सुपरस्टार हीरोइन ऐश्वर्या ने कान्स फिल्म फेस्टिल के आखिरी दोनों दिनों हिस्सा लिया है। पहले दिन यानी 22 मई को उन्होंने एक ब्लू ड्रेस में अपनी खूबसूरती का कहर ढाया। वहीं समापन यानी 23 मई वाले दिन भूरा गाउन पहनकर वाहवाही बटोरी है। अब ऐश्वर्या की समापन ईवेंट की भी तस्वी

## किसने डिजाइन की थी ड्रेस?

ऐश्वर्या राय ने कान्स में अपने हालिया अपीयरेंस और इंटरव्यू के लिए, अभिनेत्री ने फ्ज़ोला नीला द्वारा डिजाइन किया गया एक खास गाउन पहना, जिसमें शाही शान, पुराने हॉलीवुड का ग्लैमर और रेड कार्पेट की ड्रामेटिक इमेजिनेशन का अद्भुत मिश्रण था। इस लुक ने तुरंत ऑनलाइन सबका ध्यान खींचा, फैशन प्रेमियों ने शानदार फेदर केप और क्रिस्टल से सजे गाउन की खूब तारीफ की, जो अलौकिक और प्रभावशाली दोनों लग रहा था। कान्स में नाटकीय फैशन को अपनाने के लिए मशहूर ऐश्वर्या ने इस बार भी हाई-फैशन ड्रामा को पूरी तरह से अपनाया, और इंटरनेट ने इसे खूब सराहा। फ्ज़ोला नीला का गाउन क्रिस्टल से सजा है, जो शरीर से सजी आकृति पर लहरों की तरह गिरते हैं, जिससे रोशनी में एक धात्विक और तराशा हुआ प्रभाव पैदा होता है। हालांकि, इस खूबसूरत लुक को पंखों से बने बड़े केप ने पूरा किया। गुलाबी रंग के मुलायम पंखों ने इस खूबसूरत ड्रेस को फैंटेसी कॉउचर का स्पर्श देते हुए कान्स का एक शानदार पल बना दिया।

## लॉरियल ब्रांड की ग्लोबल एंबेसडर हैं ऐश्वर्या..

बता दें कि ऐश्वर्या राय ब्यूटी प्रोडक्ट की टॉप कंपनी लॉरियल की ग्लोबल ब्रांड एंबेसडर हैं। कई सालों ने ऐश्वर्या यहां कान्स फिल्म फेस्टिवल में अपनी खूबसूरती का जलवा बिखेरती रही हैं। इस बार आलिया भट्ट को भी कान्स में इसी ब्रांड ने एंडोर्स किया था और उनकी तस्वीरें भी दीवारों पर नजर आई थीं। अब बीते रोज कान्स फिल्म फेस्टिवल का समापन हो गया है। 12 मई से शुरू हुआ ये फेस्टिवल करीब 11 दिनों तक चलता रहा और यूरोप में फिल्म मेकर्स के साथ फैशन दुनिया के कलाकारों का जमावड़ा लगा रहा। भारतीय फिल्म और ग्लैमर की दुनिया के लोगों ने यहां अपनी कला का प्रदर्शन किया।

# 20 हजार से ज्यादा बच्चों के लिए खास बना मुंबई इंडियंस का आखिरी मैच, नीता अंबानी ने बताया- 'कैसे शुरू हुई पहल'..

डेस्क जगप्रेरणा।

***आईपीएल 2026 में मुंबई इंडियंस का आखिरी मैच 20 हजार से ज्यादा बच्चों के लिए खास बन गया। ये बच्चे पहली बार स्टेडियम पहुंचे थे और इन्होंने शानदार मैच का लुत्फउठाया।***



इनमें 200 से ज्यादा दिव्यांग बच्चे थे और 100 से ज्यादा ऐसे बच्चे भी शामिल थे, जिनकी आंखों में परेशानी है। नीता अंबानी ने उम्मीद जताई कि बच्चे बहुत सारी प्यारी यादें लेकर वापस जाएंगे। रविवार को हुए इस मुकाबले में मुंबई की टीम को हार का सामना करना पड़ा, लेकिन नीता अंबानी की अगुआई वाले एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स फॉर ऑल के चलते टीम ने सैकड़ों बच्चों के दिल जीत लिए।

दिव्यांग बच्चे पूरे महाराष्ट्र से आए थे, उन्हें मैच दिखाने की सोच नीता अंबानी की थी। इस मैच को मुंबई इंडियंस ने रिलायंस फाउंडेशन के साथ पार्टनरशिप में होस्ट किया। बच्चों की जबरदस्त एनर्जी के बारे में बात करते हुए, रिलायंस फाउंडेशन की फाउंडर और चेयरपर्सन मिसेज नीता अंबानी ने कहा, 'सबसे पहले, मैं कहना चाहूंगी, खुशी देखिए। यहां का जोश महसूस करना बहुत ही शानदार है। यह मुंबई इंडियंस में हम सभी के लिए बहुत खास दिन है। हमने 16 साल पहले रिलायंस फाउंडेशन द्वारा ईएसए शुरू किया था और सबको साथ लेकर चलना हमेशा से हमारे उसूलों का हिस्सा रहा है।'

## कैसे शुरू हुई पहल?

नीता अंबानी ने बताया, 'मैं नेशनल एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड गई थी। मैं पिछले बीस सालों से उन बच्चों के साथ काम कर रही हूं। यह आईपीएल सीजन से ठीक पहले की बात है, और बच्चों ने मुझसे कहा, 'नीता मैम, क्या हम मुंबई का मैच देखने आ सकते हैं? हम पहले कभी स्टेडियम नहीं गए हैं और लाइव मैच का रोमांच महसूस करना चाहते हैं।' तो आज वे यहां हैं। उनमें से सैकड़ों। मुझे उम्मीद है कि वे यादगार यादें लेकर वापस जाएंगे।'

## 29 मिलियन बच्चों तक पहुंची रिलायंस फाउंडेशन..

आईओसी की मेंबर नीता अंबानी ने भारत के लिए रिलायंस फाउंडेशन के बड़े स्पोर्टिंग विजन के बारे में बात करते हुए कहा, 'हम अपने स्पोर्ट और एजुकेशन इनिशिएटिव के जरिए भारत के 28 राज्यों में 29 मिलियन से ज्यादा बच्चों तक पहुंच चुके हैं। हम पांच साल की उम्र से लेकर ग्लोबल स्टेज तक के बच्चों के साथ काम करते हैं, हम कोचिंग, स्पोर्ट्स साइंस और प्रैक्टिस की सुविधाएं देते हैं।

हमारे पास सिर्फ क्रिकेट में ही नहीं, बल्कि एथलेटिक्स, फुटबॉल और कई दूसरे स्पोर्ट्स में भी हाई परफॉर्मेंस सेंटर हैं। भारत के लिए हमारा लक्ष्य एक साझा सपना है जो हम सभी का है, एक दिन ओलंपिक गेम्स को अपने देश में लाना है। यह एक अरब भारतीयों का सपना है।'

## 550 से ज्यादा बसों से पहुंचे बच्चे..

इस साल के ईएसए गेम में मुंबई, महाराष्ट्र और सतारा, नासिक, वलसाड और इगतपुरी जैसे दूर-दराज के इलाकों के 40 से ज्यादा एनजीओ पार्टनर्स के बच्चे शामिल हुए। 200 से ज्यादा दिव्यांग बच्चों के साथ 100 से ज्यादा ऐसे बच्चे भी थे, जिन्हें देखने में दिक्कत है। 550 से ज्यादा बीईएसटी बसों ने शहर और राज्य भर में बच्चों को सुरक्षित तरीके से लाने-ले जाने में मदद की।

इसमें एनजीओ, रिलायंस और धीरूभाई अंबानी इंटरनेशनल स्कूल के 2,400 से ज्यादा वॉलंटियर्स, 100 से ज्यादा मेडिकल स्टाफ 92,000 फूड बॉक्स और बड़ी ऑन-ग्राउंड कोऑर्डिनेशन टीमों की टीम का सपोर्ट था।

## 550 से ज्यादा ट्रैफिक पुलिसकर्मियों का योगदान..


मुंबई पुलिस ने पूरे दिन बिना किसी रुकावट के काम चलाने के लिए 550 ट्रैफिक ऑफिसर और 450+ पुलिस ऑफिसर तैनात किए। पिछले 16 सालों में, रिलायंस फाउंडेशन के स्पोर्ट्स और एजुकेशन इनिशिएटिव ने पूरे भारत में 29 मिलियन से ज्यादा बच्चों और युवाओं की जिंदगी पर असर डाला है। इसमें स्पोर्ट्स और एजुकेशन को इनक्लूजन,

एस्पिरेशन और मौके के लिए टूल के तौर पर इस्तेमाल किया गया है। ईएसए का स्केल लगातार कलेक्टिव एक्शन और कम्युनिटी पार्टिसिपेशन को दिखाता है जो मुंबई इंडियंस की वन फैमिली फिलॉसफी को बताता है। इसका उद्देश्य हर बच्चे को वैल्यूड और इनक्लूडेड महसूस कराना है।

# दीपिका कक्कड़ पर टूटा दुखों का पहाड़, अब घर के मुखिया की तबीयत हुई खराब, ब्रेन स्ट्रोक के बाद ICU में कराए गए भर्ती..

डेस्क जगप्रेरणा।

***टीवी इंडस्ट्री के जाने-माने कपल दीपिका कक्कड़ और शोएब इब्राहिम पिछले कुछ समय से मुसीबतों से घिरे हुए हैं। पहले दीपिका के कैंसर की चपेट में होने की खबर आई थी।***



एक्ट्रेस अब भी ट्रीटमेंट ले रही हैं और इस बीच उनके परिवार पर एक और मुसीबत टूट पड़ी है। दीपिका कक्कड़ के ससुर को 23 मई की सुबह एक और ब्रेन स्ट्रोक आया है, जिसके चलते उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शोएब इब्राहिम ने खुद अपने इंस्टाग्राम पर यह खबर साझा की और बताया कि उनके पिता को एक और स्ट्रोक के बाद फिर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसी के साथ शोएब ने अपने फैंस से रिक्वेस्ट की कि वह उनके पिता के जल्द से जल्द ठीक होने की दुआएं करें।

## शोएब इब्राहिम के पिता को आया ब्रेन स्ट्रोक..

शोएब इब्राहिम ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी के जरिए अपने अब्बा का हेल्थ अपडेट साझा किया है। इसी पोस्ट में अभिनेता ने ये भी बताया कि उनके पिता के लिए अगले 24 घंटे काफी क्रिटिकल हैं।

अपने पोस्ट में अभिनेता ने लिखा, 'पापा के लिए आप सभी की प्रार्थनाओं और दुआओं की जरूरत है। पापा को आज सुबह फिर से स्ट्रोक आया है और उन्हें आईसीयू में भर्ती कराया गया है। प्लीज, प्लीज उनके लिए प्रार्थना करें। उनके लिए अगले 24 घंटे बेहद महत्वपूर्ण हैं।'

## पहले भी हुआ था ब्रेन स्ट्रोक..

इससे पहले शोएब के पिता को 2021 में भी ब्रेन स्ट्रोक हुआ था, यानी अब वह दोबारा इससे जूझ रहे हैं। शोएब अपने व्लॉग्स के जरिए भी अपने पिता के स्वास्थ्य के बारे में अपडेट देते रहे हैं। शोएब के माता-पिता उनके साथ ही रहते हैं।

यही नहीं, एक्टर ने अपने पिता के लिए केयरटेकर भी रखा है, जो उनकी देखभाल करता है। शोएब भी अक्सर उनकी सेहत को लेकर पॉजिटिव रहने की बात करते हैं। 2021 में आए ब्रेन स्ट्रोक में मस्तिष्क में खून का थक्का जमने के कारण शोएभ के पिता के शरीर का बायां हिस्सा आंशिक रूप से लकवाग्रस्त हो गया था।

## दीपिका कक्कड़ का हेल्थ अपडेट..

इब्राहिम परिवार इन दिनों सिर्फ एक नहीं कई मुश्किलों का सामना कर रहा है। 2025 में ही दीपिका कक्कड़ की ट्यूमर हटाने की सर्जरी हुई थी, जिसके बाद से उनकी सेहत स्थिर नहीं है। हाल ही में उनकी सिस्ट हटाने की सर्जरी भी हुई थी। दीपिका ने 2025 में सोशल मीडिया पर बताया था कि वह स्टेज 2 लिवर कैंसर से जूझ रही हैं। इसके बाद जून 2025 में उनकी ट्यूमर हटाने की सर्जरी हुई, जिसके बाद शोएब ने बताया कि दीपिका ट्यूमर-मुक्त हैं। बता दें, दीपिका और शोएब ने 2018 में निकाह किया था और 2023 में उनके बेटे का जन्म हुआ।

# ढलती उम्र ने मशहूर एक्ट्रेस से छीना काम, बेरोजगार होने पर हुईं भावुक, बोलीं- 'भगवान मुझे उठा लो, नहीं जीना चाहती'..

डेस्क जगप्रेरणा।

फिल्मों और टीवी जगत की दिग्गज अभिनेत्री अनीता कंवल इन दिनों चर्चा में हैं। एक समय था जब अनीता कंवल टीवी से लेकर फिल्मों तक की दुनिया पर राज कर रही थीं। उनके पास इतना काम था कि उनके पास सांस लेने का भी समय नहीं था। वह एक साथ 13 शोज में काम कर रही थीं और आज अनीता कंवल के पास कोई काम नहीं है। दिग्गज अभिनेत्री लंबे समय से काम के लिए ठोकरें खा रही हैं। 72 साल की उम्र में भी उन्हें ऑडिशन देने पड़ रहे हैं और उससे भी ज्यादा दुख की बात ये है कि उनके ऑडिशन को रिजेक्ट कर दिया जा रहा है, जिस पर अब उनका दुख छलक उठा है। अनीता कंवल ने इस बात पर दुख जताया कि वह 40-45 साल से काम कर रही हैं, इसके बाद भी उन्हें ऑडिशन देने पड़ रहे हैं। लोग उनसे पूछते हैं, क्या काम किया है और फिर ऑडिशन रिजेक्ट कर देते हैं।



## काम को भटक रहीं अनीता कंवल..

अनीता कंवल ने हाल ही में काम न मिलने पर अपना दुख जाहिर किया। अनीता कंवल ने सिद्धार्थ कनन के साथ बातचीत में काम न मिलने पर बात की और कहा कि कई बार उनके मन में ये ख्याल आता है कि खुद को बर्बाद कर लें। वह अक्सर भगवान से प्रार्थना करती हैं कि वह उन्हें उठा लें, क्योंकि वो अब बेमतलब की जिंदगी और नहीं जीना चाहतीं। अनीता कंवल ने बताया कि वह एक समय पर एक साथ 13 शोज में काम कर रही थीं और आज ये हालत है कि उनके पास काम ही नहीं है।

## काम न मिलने पर भावुक हुईं अनीता कंवल..

दिग्गज अभिनेत्री ने अपना दर्द साझा करते हुए कहा- 'मुझे 45 साल तक काम करने के बाद भी आज जब कहा जाता है कि आप आकर ऑडिशन दीजिए और फिर रिजेक्ट कर दी जाती हूं तो आप सोच सकते हैं कि मुझ पर क्या बीतती होगी। कई बार तो लोग ये भी कहते हैं- अपना इंट्रोडक्शन दीजिए। जब मुझसे पहली बार ये कहा गया तो मैंने कहा- मैं अनीता कंवल हूं और मैं तब से एक्टिंग कर रही हूं, जब आपमें से ज्यादातर लोग, जो ये ऑडिशन देख रहे हैं वो पैदा भी नहीं हुए थे। ये सुनकर सभी चुप रह गए थे।'

## 72 की उम्र में भी हो रहीं रिजेक्ट..

अनीता कंवल कहती हैं - 'मैं फिर भी ऑडिशन के लिए जाती हूं, लेकिन किसी को पसंद ही नहीं आ रही हूं। वो कहते हैं कि फेस बहुत ओवर एक्सपोज हो चुका है। हालांकि, मुझे टेलीविजन किए ही 8 साल बीत चुके हैं। ओटीटी पर मैंने 'रायसिंघानी' शो किया था, लेकिन वो टीवी शो नहीं है। मैं नाम नहीं लेना चाहूंगी, लेकिन ऐसे कई एक्टर हैं जो हर सीरीज, हर फिल्म में दिख रहे हैं। तो क्या वो ओवर एक्सपोज नहीं हो रहे? क्या सिर्फ अनीता कंवल ही ओवर एक्सपोज्ड है?

शायद समय ही ठीक नहीं है। एक समय था जब मैं एक साथ 13 शोज कर रही थी। अब कभी-कभी सोचती हूं तो लगता है खुद को खत्म कर लूं, बर्बाद कर लूं। मैं दो-तीन दिन पहले ही अपनी बेटी को कह रही थी- मैं क्यों जी रही हूं? मैं कला और समाज को क्या दे रही हूं?'

# अलीगढ़ बनेगा उप्र का नया 'स्पोर्ट्स पावर हाउस', तैयार हुआ ओलंपिक स्तर का परिसर..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***उत्तर प्रदेश में विश्व स्तरीय खेल सुविधाएं उपलब्ध कराने के प्रयासों के तहत अलीगढ़ जिले में ओलंपिक स्तर का इंडोर खेल परिसर बनकर तैयार हो चुका है और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जल्द ही इसका लोकार्पण कर सकते हैं।***



राज्य सरकार द्वारा रविवार को जारी एक बयान के मुताबिक 13 हजार वर्ग मीटर में 57 करोड़ से अधिक की लागत से बना ओलंपिक स्तर की सुविधाओं वाला इंडोर खेल परिसर अब लोकार्पण के लिए बिल्कुल तैयार है। बयान के अनुसार सिर्फ अलीगढ़ ही नहीं बल्कि पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश में खिलाड़ियों के लिए नई उम्मीद और नए अवसरों का केंद्र बनने जा रहे अत्यधिक सुविधाओं से लैस इस परिसर का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जल्द ही लोकार्पण करेंगे। नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने बताया कि यह मंडल का पहला ऐसा विश्वस्तरीय इंडोर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स है, जहां राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप खेल सुविधाएं विकसित की गई हैं।

उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा केवल स्टेडियम बनाना नहीं, बल्कि गांव, कस्बों और छोटे शहरों की प्रतिभाओं को ऐसा मंच देना है, जहां से वे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक अपनी पहचान बना सकें। मीणा ने बताया कि खेल परिसर को केवल अभ्यास केंद्र नहीं, बल्कि बड़े खेल आयोजनों के लिए एक सम्पूर्ण स्पोर्ट्स हब के रूप में विकसित किया गया है और दर्शकों की सुविधा के लिए अत्याधुनिक दीर्घा बनाई गई है, जहां बड़ी संख्या में लोग बैठकर प्रतियोगिताओं का आनंद ले सकेंगे।

उन्होंने बताया कि इसके अलावा वीआईपी रूम, मीडिया रूम और आधुनिक लाउंज क्षेत्र भी तैयार किए गए हैं, जिससे राष्ट्रीय स्तर के आयोजन आसानी से कराए जा सकेंगे। इससे अलीगढ़ भविष्य में बड़े खेल आयोजनों की मेजबानी के लिए भी तैयार माना जा रहा है। मीणा ने बताया कि इस विशाल खेल परिसर की सबसे बड़ी खासियत इसका राष्ट्रीय स्तर का स्विमिंग पूल है जो भविष्य में राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के आयोजन का केंद्र बन सकता है।



विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

जग प्रेरणा
व्यापार समाचार
● शेयर बाजार ● इलेक्ट्रॉनिक्स ● कपड़ा ● किराना ● लोहा ● सिमेंट ● सराफा ● आटोमोबाईल्स
सोमवार 25 मई 2026





# भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को जल्द अंतिम रूप दिए जाने की उम्मीद : रूबियो..

नई दिल्ली, (भाषा)।

***अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने रविवार को कहा कि भारत और अमेरिका बहुप्रतीक्षित व्यापार समझौते को जल्द ही अंतिम रूप दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह समझौता दोनों देशों के लिए ''लाभकारी'' और ''टिकाऊ'' होगा तथा भारत-अमेरिका के पारस्परिक हितों को आगे बढ़ाएगा।***

भारत की चार दिवसीय यात्रा पर आए रूबियो ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर के साथ व्यापक वार्ता के बाद यह टिप्पणी की। दोनों नेताओं के बीच व्यापार, दुर्लभ खनिज, ऊर्जा और रक्षा सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई।

अमेरिकी विदेश मंत्री की यह पहली भारत यात्रा ऐसे समय हो रही है जब पिछले एक वर्ष में व्यापार और शुल्क (टैरिफ) नीतियों को लेकर दोनों देशों के संबंधों में तनाव देखने को मिला।

रूबियो ने कहा, ''हमने काफी प्रगति की है और मुझे लगता है कि अमेरिका और भारत के बीच ऐसा व्यापार समझौता होगा जो लंबे समय तक कायम रहेगा, यह दोनों पक्षों के लिए लाभकारी होगा और राष्ट्रीय हितों को ध्यान में रखेगा।'' उन्होंने कहा कि (अमेरिकी राष्ट्रपति) डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन की व्यापार नीति किसी खास देश को निशाना बनाने के लिए नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य वैश्विक व्यापार व्यवस्था के प्रति अमेरिका के दृष्टिकोण को संतुलित करना है।

रूबियो ने कहा, ''राष्ट्रपति ने यह नहीं कहा कि भारत के साथ व्यापार को लेकर तनाव पैदा किया जाए। उन्होंने कहा कि अमेरिका की व्यापार व्यवस्था में असंतुलन है और इसे ठीक करने की जरूरत है।'' उन्होंने कहा कि यह मुद्दा केवल भारत तक सीमित नहीं है और दुनिया के लगभग हर देश के साथ बातचीत में व्यापार असंतुलन का विषय सामने आया है।



रूबियो ने कहा, ''अच्छी बात यह है कि इस संतुलन प्रक्रिया के जरिए हम ऐसे व्यापारिक समझौतों तक पहुंचना चाहते हैं जो अमेरिका के साथ-साथ हमारे व्यापारिक साझेदारों के लिए भी लाभकारी हों। हमें उम्मीद है कि भारत के साथ भी ऐसा समझौता जल्द होगा।''

उन्होंने कहा कि अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि बहुत जल्द भारत आ सकते हैं ताकि प्रस्तावित व्यापार समझौते पर बातचीत को आगे बढ़ाया जा सके। अमेरिकी विदेश मंत्री ने कहा कि अमेरिका के व्यापार संबंधी मुद्दे यूरोपीय संघ जैसे सहयोगी देशों के साथ भी रहे हैं।

रूबियो ने कहा, ''भारत दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है और अमेरिका का प्रमुख व्यापारिक साझेदार भी है। ऐसे बड़े और व्यापक व्यापारिक संबंध वाले देश के साथ व्यापार असंतुलन को दूर करने की प्रक्रिया अधिक जटिल और व्यापक है।''

उन्होंने कहा कि भारत-अमेरिका संबंध मजबूत बने हुए हैं और ट्रंप प्रशासन के कार्यकाल के अंत तक इनके और अधिक मजबूत होने की उम्मीद है।

रूबियो ने अमेरिका समर्थित 'पैक्स सिलिका' पहल का भी उल्लेख किया। यह पहल महत्वपूर्ण खनिजों और कृत्रिम मेधा (एआई) आधारित आपूर्ति श्रृंखला को सुरक्षित और मजबूत बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई थी। भारत इस पहल में फरवरी में शामिल हुआ था।

चीन और पाकिस्तान के साथ अमेरिका के बढ़ते संबंधों को लेकर पूछे गए सवाल पर रूबियो ने कहा कि अमेरिका अन्य देशों के साथ अपने संबंधों को भारत के साथ अपनी रणनीतिक साझेदारी की कीमत पर नहीं देखता।

रूबियो ने कहा, ''जहां तक अन्य देशों के साथ हमारे संबंधों का सवाल है, हम दुनिया के कई देशों के साथ विभिन्न स्तरों पर सहयोग और संपर्क रखते हैं। भारत भी ऐसा करता है। जिम्मेदार देश इसी तरह अपने राष्ट्रीय हितों के अनुसार विभिन्न देशों के साथ संबंध बनाए रखते हैं।''

उन्होंने कहा, ''लेकिन मैं दुनिया के किसी भी देश के साथ अमेरिका के संबंधों को भारत के साथ हमारी रणनीतिक साझेदारी की कीमत पर नहीं देखता। जैसा कि मैंने पहले भी कहा, भारत के साथ हमारे संबंध अपने आप में बेहद महत्वपूर्ण हैं।''

जयशंकर ने भी व्यापार समझौते पर शीघ्र सहमति की आवश्यकता को रेखांकित किया।

उन्होंने कहा, ''आर्थिक मोर्चे पर हमने पारस्परिक और दोनों पक्षों के लिए लाभकारी अंतरिम व्यापार समझौते के अंतिम मसौदे को जल्द पूरा करने के महत्व पर चर्चा की।''

विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि यह समझौता व्यापक द्विपक्षीय व्यापार समझौते की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा, जिसकी परिकल्पना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच फरवरी 2025 में वाशिंगटन में हुई वार्ता के दौरान की गई थी।

# जल्दबाजी में भर्ती करने के कारण पृष्ठभूमि सत्यापन प्रक्रिया से समझौता कर रही हैं कंपनियां : रिपोर्ट..

मुंबई, (भाषा)।

***देश में आधे से अधिक नियोक्ताओं का मानना है कि कर्मचारियों की जल्दबाजी में भर्ती करने के चक्कर में नियोक्ता कंपनियां 'पृष्ठभूमि जांच मानकों' से समझौता कर रही हैं। एक रिपोर्ट में यह बात सामने आई है।***




कार्यबल नियुक्ति और मानव संसाधन समाधान उपलब्ध कराने वाली कंपनी 'जीनियस एचआरटेक' की रिपोर्ट के अनुसार, 57 प्रतिशत प्रतिभागियों का मानना है कि संगठन तेजी से नियुक्ति पूरी करने के लिए पृष्ठभूमि सत्यापन मानकों में ढील दे रहे हैं।

''बिना सोचे-समझे भर्ती : क्या संगठन पृष्ठभूमि सत्यापन के जोखिमों को अनदेखा कर रहे हैं'' शीर्षक वाली यह रिपोर्ट एक अप्रैल से 30 अप्रैल के बीच विभिन्न क्षेत्रों के 1,647 मानव संसाधन पेशेवरों और कारोबारी दिग्गजों से प्राप्त प्रतिक्रियाओं पर आधारित है।

रिपोर्ट में कहा गया कि विभिन्न क्षेत्रों में बढ़ती प्रतिस्पर्धा के कारण कंपनियां तेजी से भर्ती करने और आवश्यक जांच प्रक्रिया के बीच संतुलन नहीं बना पा रही हैं। इससे यह स्थिति बन सकती है कि भर्ती किए गए कर्मचारियों की पृष्ठभूमि और योग्यता को लेकर संदेह पैदा हो और कंपनियों को लंबे समय में जोखिम का सामना करना पड़े।

रिपोर्ट के अनुसार, शैक्षणिक प्रमाणपत्रों में धोखाधड़ी एक बड़ी और लगातार बढ़ती समस्या बनकर उभरी है। सर्वेक्षण में शामिल हुए 33 प्रतिशत प्रतिभागियों ने कहा कि उन्हें सत्यापन प्रक्रिया के दौरान फर्जी या बढ़ा-चढ़ाकर पेश किए गए शैक्षणिक प्रमाणपत्र मिले। इतनी ही संख्या में प्रतिभागियों ने पहचान या पते से जुड़ी गड़बड़ियों की भी जानकारी दी।

इसके अलावा, 21 प्रतिशत प्रतिभागियों ने कहा कि उन्होंने दोहरी नौकरी या एक साथ कई जगह काम करने के मामले भी पकड़े हैं।

रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि पृष्ठभूमि सत्यापन में प्रौद्योगिकी आधारित प्रणालियों की ओर तेजी से रुझान बढ़ रहा है। करीब 63 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मानना है कि अगले तीन वर्षों में कृत्रिम मेधा आधारित पहचान सत्यापन, डिजिटल 'केवाईसी' और निरंतर निगरानी अधिकांश संगठनों में सामान्य भर्ती प्रक्रिया का हिस्सा बन जाएंगे।

'जीनियस एचआरटेक' के चेयरमैन आर. पी. यादव ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''आज भर्ती केवल तेजी का विषय नहीं रह गई है, बल्कि भरोसे, प्रामाणिकता और दीर्घकालिक कार्यबल विश्वसनीयता से भी जुड़ी है।''

# गंगा एक्सप्रेसवे से माल ढुलाई में समय कम लगेगा, लॉजिस्टिक्स पर 30,000 करोड़ की बचत होगी..

लखनऊ, (भाषा)।

***हाल ही में शुरू हुए 594 किलोमीटर लंबे गंगा एक्सप्रेसवे से पूरे उत्तर प्रदेश में माल ढुलाई का समय काफी कम होने की उम्मीद है। इससे सालाना लॉजिस्टिक्स पर 30,000 करोड़ रुपये तक की बचत होगी***



और एक दर्जन से ज़्यादा ज़िलों में औद्योगिक और भंडार गृह सुविधाओं के विकास को बढ़ावा मिलेगा। सरकारी अनुमानों और उद्योग जगत के जानकारों से यह जानकारी मिली है।

यह छह-लेन वाला एक्सप्रेसवे (जिसे आठ लेन तक बढ़ाया जा सकता है) 12 ज़िलों से होते हुए मेरठ को प्रयागराज से जोड़ता है। इसे पश्चिमी और पूर्वी उप्र को जोड़ने वाले एक प्रमुख लॉजिस्टिक्स और औद्योगिक गलियारे के तौर पर देखा जा रहा है।

उद्योग जगत के अनुमानों के मुताबिक, उत्तर प्रदेश में अभी सालाना लगभग 24.5-26 करोड़ टन माल की ढुलाई राज्य के भीतर ही होती है। इसमें मुख्य रूप से अनाज, निर्माण सामग्री और खुदरा सामान शामिल होता है। वहीं, राज्य से बाहर जाने वाले माल की मात्रा 13.5-15. करोड़ टन होने का अनुमान है, जिसमें इलेक्ट्रॉनिक्स, चमड़ा और कृषि उत्पाद प्रमुख हैं।

राज्य के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता ने पीटीआई-भाषा को बताया कि यह एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास, लॉजिस्टिक्स, कृषि, पर्यटन और रोज़गार सृजन को गति देकर राज्य की अर्थव्यवस्था में ÷एक नया अध्याय÷ लिखेगा।

गुप्ता ने बताया कि इस परियोजना का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 29 अप्रैल को हरदोई में किया था। इसके शुरू होने से मेरठ और प्रयागराज के बीच यात्रा का समय लगभग 10-12 घंटे से घटकर लगभग 5-8 घंटे रह गया है।

मंत्री ने कहा, ÷यह एक्सप्रेसवे सिर्फ़ एक सड़क परियोजना नहीं है, बल्कि एक एकीकृत विनिर्माण और लॉजिस्टिक्स गलियारा है। माल की तेज़ आवाजाही और परिवहन लागत में कमी से सालाना लॉजिस्टिक्स पर 25,000-30,000 करोड़ रुपये की बचत हो सकती है।÷

उन्होंने बताया कि इस गलियारे के किनारे राज्य को पहले ही लगभग 46,660 करोड़ रुपये के 987 निवेश प्रस्ताव मिल चुके हैं। इसके तहत 6,507 एकड़ ज़मीन पर 12 औद्योगिक केंद्र (नोड्स) विकसित किए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि विनिर्माण, कपड़ा, खाद्य प्रसंस्करण, दवा, इलेक्ट्रॉनिक्स, भंडार गृह और ई-कॉमर्स जैसे क्षेत्रों को इससे फ़ायदा होने की उम्मीद है। साथ ही, प्रस्तावित फ़ार्मा, कपड़ा और आईटी पार्क बड़े पैमाने पर रोज़गार के अवसर पैदा कर सकते हैं।

ब्लू डार्ट के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी दिपांजन बनर्जी ने कहा कि यह एक्सप्रेसवे पारंपरिक रूटिंग हब पर निर्भरता कम करके उत्तर प्रदेश में लॉजिस्टिक्स परिचालन को पूरी तरह से बदल देगा।

उन्होंने बताया, ÷जो कड़ी गायब थी, वह एक ऐसा निर्बाध उत्तरी गलियारा था जो राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर बेल्ट) को सीधे पूर्वी ज़िलों से जोड़ता। गंगा एक्सप्रेसवे इस कमी को प्रभावी ढंग से पूरा करता है।÷

बनर्जी ने कहा कि बढ़ती खपत, औद्योगिक क्लस्टर और दूसरी और तीसरी श्रेणी के शहरों में तेज़ी से हो रही वृद्धि के कारण यह राज्य एक प्रमुख लॉजिस्टिक्स बाज़ार के रूप में उभर रहा है। उन्होंने आगे कहा कि ई-कॉमर्स, फार्मास्युटिकल्स, कृषि उत्पाद जैसे क्षेत्रों को माल की तेज़ और अधिक अनुमानित आवाजाही से विशेष रूप से लाभ होगा।

ट्राइटन लॉजिस्टिक्स एंड मैरीटाइम के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) जितेंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि यह एक्सप्रेसवे आपूर्ति श्रृंखला के 'अनुमान' में सुधार करेगा और हवाई कार्गो तथा माल ढुलाई गलियारे के साथ संबंधों को मज़बूत करेगा।

उन्होंने कहा कि उत्तरी क्षेत्र में वर्तमान में भारत की कुल हवाई माल ढुलाई का लगभग 31.3 प्रतिशत हिस्सा आता है, और यह एक्सप्रेसवे हवाई अड्डों तथा बंदरगाहों की ओर माल की आवाजाही को सुव्यवस्थित करने में मदद करेगा।

उन्होंने कहा, ÷यह गलियारा खराब होने वाली वस्तुओं, कपड़ों और इलेक्ट्रॉनिक्स की आवाजाही में सुधार करेगा, और उत्तर प्रदेश की वैश्विक व्यापार प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाएगा।÷

मंत्री गुप्ता के अनुसार, इस परियोजना से लंबे समय में राज्य की अर्थव्यवस्था में एक लाख करोड़ रुपये से अधिक का योगदान होने की उम्मीद है, और यह प्रदेश के एक हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य का समर्थन करेगा। भविष्य में इस एक्सप्रेसवे का और विस्तार किया जाएगा ताकि इसे उत्तराखंड से जोड़ा जा सके। 29 अप्रैल को इस परियोजना के उद्घाटन के दौरान, प्रधानमंत्री मोदी ने बताया कि गंगा एक्सप्रेसवे–जिसकी आधारशिला दिसंबर, 2021 में रखी गई थी–पांच साल से भी कम समय में बनकर तैयार हो गया है और यह देश के सबसे बड़े एक्सप्रेसवे में से एक है।

प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि इसके विस्तार का काम भी शुरू हो चुका है और जल्द ही यह एक्सप्रेसवे मेरठ से आगे हरिद्वार तक बढ़ाया जाएगा। इसके अलावा, प्रस्तावित फर्रुखाबाद लिंक एक्सप्रेसवे के ज़रिये इसे अन्य एक्सप्रेसवे से भी जोड़ा जाएगा।

# अमेरिका-ईरान वार्ता से जुड़े घटनाक्रम, कच्चे तेल के दाम तय करेंगे स्थानीय शेयर बाजार की चाल..

नई दिल्ली, (भाषा)।

***अमेरिका और ईरान के बीच पश्चिम एशिया संकट को लेकर चल रही वार्ताओं से जुड़े घटनाक्रम, कच्चे तेल की कीमतें और विदेशी निवेशकों की गतिविधियां अगले सप्ताह स्थानीय शेयर बाजार की दिशा तय करेंगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है।***



विश्लेषकों का मानना है कि छुट्टियों के कारण कम कारोबारी सत्रों वाला यह सप्ताह उतार-चढ़ाव भरा रह सकता है। 'बकरीद' के अवसर पर बृहस्पतिवार को शेयर बाजार बंद रहेंगे। इसके अलावा निवेशकों की नजर रुपये-डॉलर की चाल और वैश्विक बाजारों के रुख पर भी रहेगी।

रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शोध अजित मिश्रा ने कहा, ''इस सप्ताह बाजार वैश्विक आर्थिक घटनाक्रम और मुद्रा बाजार की गतिविधियों के प्रति काफी संवेदनशील रहेगा। निवेशक कच्चे तेल की कीमतों, अमेरिका-ईरान वार्ता, अमेरिकी डॉलर और बॉन्ड प्रतिफल पर करीबी नजर रखेंगे, क्योंकि इनका असर विदेशी निवेश प्रवाह और निवेशकों की जोखिम लेने की क्षमता पर पड़ेगा।''

अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने शनिवार को कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत में कुछ प्रगति हुई है। इससे संकेत मिले हैं कि पश्चिम एशिया में जारी तनाव के समाधान की दिशा में चीजें आगे बढ़ रही हैं।

इस बीच, भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को मार्च, 2026 को समाप्त वित्त वर्ष के लिए केंद्र सरकार को रिकॉर्ड 2.87 लाख करोड़ रुपये का लाभांश देने की घोषणा की। माना जा रहा है कि इससे सरकार को बढ़ते आयात बिल और पश्चिम एशिया संकट के कारण आपूर्ति श्रृंखला पर पड़े असर से निपटने में मदद मिलेगी।

विश्लेषकों के अनुसार, बाजार भागीदार केंद्रीय बैंक के इस रिकॉर्ड लाभांश के प्रभाव का आकलन करेंगे, खासकर नकदी, सरकारी खर्च और राजकोषीय स्थिति पर इसके असर को लेकर।

ऑनलाइन ट्रेडिंग और संपदा कंपनी एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पोनमुडी आर ने कहा कि आने वाले सप्ताह में बाजार की दिशा मुख्य रूप से अमेरिका-ईरान स्थिति, कूटनीतिक वार्ताओं और कच्चे तेल की कीमतों से जुड़ी खबरों पर निर्भर करेगी। हालांकि, तनाव कम होने की उम्मीद से निवेशकों की धारणा में कुछ सुधार हुआ है, लेकिन वार्ता के अंतिम परिणाम को लेकर अनिश्चितता अब भी बनी हुई है।


उन्होंने कहा कि निवेशक रुपये की चाल, वैश्विक शेयर बाजारों के रुझान, संस्थागत निवेशकों के निवेश प्रवाह और व्यापक आर्थिक संकेतकों पर भी नजर बनाए रखेंगे।

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि बाजार में मजबूत सुधार के लिए कच्चे तेल की कीमतों में और गिरावट, विदेशी संस्थागत निवेशकों के निवेश में स्थिरता और कंपनियों के पहली तिमाही के नतीजे बेहतर रहने चाहिए। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 177.36 अंक यानी 0.23 प्रतिशत चढ़ा, जबकि एनएसई निफ्टी 75.8 अंक यानी 0.32 प्रतिशत मजबूत हुआ।

# नीति आयोग की सीईओ ने शिक्षा और कौशल विकास को बदलती आर्थिक जरूरतों के अनुरूप ढालने का आह्वान किया

नई दिल्ली, (भाषा)।

***नीति आयोग की मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) निधि छिब्बर ने अर्थव्यवस्था की बदलती जरूरतों के अनुरूप शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार प्रणालियों को सरेखित करने की दिशामें निरंतर प्रयासों के महत्व पर जोर दिया।***



एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। नीति आयोग ने छिब्बर की अध्यक्षता में 22 मई 2026 को 'शिक्षा से रोजगार और उद्यम स्थायी समिति' की पहली उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की।

छिब्बर ने बैठक में कहा कि अगर सही नीतियां बनाई जाएं, तो भारत में जनसांख्यिकीय का लाभ युवाओं को रोजगार और उद्यम के अवसर पैदा करने में मिल सकता है।

बयान के अनुसार, समिति ने उल्लेख किया कि सेवा क्षेत्र भारत के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा है और इसकी आर्थिक मजबूती, निर्यात प्रतिस्पर्धा, रोजगार की गुणवत्ता, वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में भागीदारी तथा 'विकसित भारत' के दृष्टिकोण में योगदान की क्षमता लगातार बढ़ रही है।

समिति ने यह भी निर्णय लिया कि वह नियमित अंतराल पर बैठक करेगी और रोजगार योग्यता बढ़ाने, उद्यमिता को बढ़ावा देने, उद्योग-उपयुक्त कौशल विकास को मजबूत करने तथा सेवा क्षेत्र में वृद्धि को गति देने के लिए व्यावहारिक सिफारिशों की पहचान पर ध्यान केंद्रित करेगी।

# उज्बेकिस्तान ने भारतीय निवेश बढ़ाने के लिए विशेष प्रोत्साहनों की पेशकश की..

नई दिल्ली, (भाषा)।

उज्बेकिस्तान ने भारत सहित विभिन्न देशों की वित्तीय प्रौद्योगिकी, कृत्रिम मेधा (एआई) और डिजिटल बुनियादी ढांचा कंपनियों के लिए लक्षित प्रोत्साहनों के साथ कारोबार-अनुकूल माहौल तैयार किया है। उज्बेकिस्तान के निवेश, उद्योग एवं व्यापार उप मंत्री शोखरुख गुलामोव ने यह जानकारी दी।

गुलामोव ने 'पीटीआई-भाषा' को दिए साक्षात्कार में कहा कि विशेष आर्थिक क्षेत्रों, संयुक्त उपक्रमों और डिजिटल बुनियादी ढांचा निवेश को समर्थन देने वाली सरकारी नीतियों ने उज्बेकिस्तान को निवेश के लिहाज से और आकर्षक बनाया है।

उन्होंने कहा कि इन फायदों का उपयोग करके भारतीय कंपनियां पारंपरिक दक्षिण एशियाई केंद्रों से आगे बढ़कर अपने कारोबार से जुड़ी सेवाओं और प्रक्रियाओं को दूसरे देशों में संचालित करने की व्यवस्था का विस्तार कर सकती हैं, लागत ढांचे को बेहतर बना सकती हैं और उच्च मूल्य वाली सेवाओं का समर्थन करने में सक्षम प्रतिभाशाली कार्यबल तक पहुंच बना सकती हैं।




उन्होंने कहा कि इससे उज्बेकिस्तान क्षेत्रीय प्रौद्योगिकी विस्तार के लिए रणनीतिक आधार के रूप में उभर रहा है और दोनों देशों के बीच आर्थिक सहयोग भी मजबूत हो रहा है।

गुलामोव ने कहा, ''उज्बेकिस्तान वित्तीय प्रौद्योगिकी , एआई और डिजिटल बुनियादी ढांचा कंपनियों को लक्षित प्रोत्साहन उपलब्ध करा रहा है। इनमें रियायती कर व्यवस्था, तैयार डिजिटल अवसंरचना वाले विशेष आर्थिक क्षेत्रों तक पहुंच और प्रायोगिक परियोजनाओं के लिए नियामकीय समर्थन शामिल हैं।'' उन्होंने कहा कि सरकार वित्तीय सेवाओं, ई-गवर्नेंस और स्मार्ट सिटी पहल में सार्वजनिक-निजी भागीदारी को बढ़ावा दे रही है, जिससे भारतीय कंपनियों के लिए एआई और वित्तीय प्रौद्योगिकी समाधान लागू करने के अवसर पैदा हो रहे हैं। गुलामोव ने कहा कि वर्ष 2025 तक दोनों देशों के बीच कुल द्विपक्षीय व्यापार 1.3 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जो 2024 की तुलना में 33.30 प्रतिशत अधिक है। इसमें निर्यात 16.46 करोड़ डॉलर रहा, जो 25.4 प्रतिशत अधिक है, जबकि आयात 1.15 अरब डॉलर रहा, जिसमें 34.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

उन्होंने कहा कि 2026 की शुरुआत में व्यापार मात्रा 30 करोड़ डॉलर रही, जो मौसमी उतार-चढ़ाव के बावजूद मजबूत रफ्तार को दर्शाती है।



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

# नदी में सीपियां इकट्ठा करते समय 7 महिलाओं समेत 8 की डूबने से मौत, 3 अभी भी लापता..

डेस्क जगप्रेरणा।

*उत्तर कन्नड़ जिले के थट्टे हक्कलू नदी में एक बड़ा हादसा हो गया। तेज बहाव के कारण सीपियां इकट्ठा करने की कोशिश कर रहे 8 लोगों की डूबकर मौत हो गई।*



भटकल तालुका के तत्तिहक्लू के पास वेंकटपुरा नदी में सीप इकट्ठा करने वाले 14 लोगों का एक समूह पानी के बहाव में बह गया। इस दुखद घटना में 8 लोगों की जान चली गई। इनमें 7 महिलाएं शामिल हैं। 3 लोग अभी भी लापता हैं, जबकि 3 अन्य को बचा लिया गया है। यह हादसा सुबह लगभग 10:30 बजे हुआ।

## अचानक से बढ़ गया नदी का जल स्तर..

रिपोर्ट्स के अनुसार, यह समूह (जो सभी सरदाहोल के रहने वाले थे) रोजाना सीप इकट्ठा करने के लिए नदी पर जाता था। जब वे नदी में उतरे, तो पानी केवल घुटनों तक गहरा था। हालांकि, पानी के स्तर में अचानक बढ़ गया। इसके चलते नदी में उतरे सभी लोग पानी के तेज बहाव में फंस गए।

## लापता लोगों की तलाश जारी..

उत्तर कन्नडा जिला पुलिस अधीक्षक ने पुष्टि की कि 8 शव (7 महिलाओं और 1 पुरुष के) बरामद कर लिए गए हैं। लापता तीन लोगों (जिनमें दो महिलाएं और एक पुरुष शामिल हैं) का पता लगाने के लिए तलाशी अभियान जारी है।

## जीवित बचे लोगों का चल रहा इलाज..

स्थानीय मछुआरे, जो सबसे पहले मदद के लिए पहुंचे थे। तीन महिलाओं को सुरक्षित बाहर निकालने में सफल रहे। जीवित बचे लोगों को शुरू में आपातकालीन इलाज के लिए भटकल सरकारी अस्पताल ले जाया गया और बाद में आगे के इलाज के लिए मणिपाल अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## पीएम ने किया मुआवजे का ऐलान..

इस हादसे पर पीएम मोदी ने दुख जताया है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति पीएम मोदी की गहरी संवेदनाएं हैं।' पीएम मोदी ने घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य की कामना की है। साथ ही पीएम मोदी ने इस हादसे पर मृतकों के परिजनों को **PMNRF** से 2-2 लाख रुपये और घायलों को 50,000 रुपये की आर्थिक सहायता दिए जाने का ऐलान किया।

## सीएम ने किया मुआवजे का ऐलान..

इस हादसे में मुख्यमंत्री सिद्धरामैया ने तत्काल राहत उपायों की घोषणा करते हुए कहा, 'मैंने निर्देश दिया है कि मरने वाले प्रत्येक व्यक्ति के परिवार को 5 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाए। जो भी घायल हुए हैं, उनके इलाज का पूरा खर्च हम उठाएंगे।' उन्होंने आगे कहा कि मत्स्य पालन मंत्री मानकल वैद्य को मुआवज़ा वितरण प्रक्रिया की देखरेख करने का निर्देश दिया गया है।

# 'गोमाता की तस्करी और कटाई किसी भी परिस्थिति में नहीं की जाएगी बर्दाश्त', बकरीद को लेकर महाराष्ट्र के मंत्री की चेतावनी..

डेस्क जगप्रेरणा।

*बकरीद के चलते महाराष्ट्र सरकार ने गोमाता की अवैध तस्करी, अवैध बूचड़खानों और पशुओं पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।*



राज्य के परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने चेतावनी देते हुए कहा कि गोमाता की तस्करी और अवैध कटाई किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## जांच अभियान चलाने के आदेश..

राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के निर्देशानुसार परिवहन विभाग ने पूरे राज्य में विशेष जांच अभियान चलाने के आदेश दिए हैं। सभी क्षेत्रीय परिवहन अधिकारियों, उप-क्षेत्रीय अधिकारियों, सीमा जांच चौकियों तथा परिवहन तंत्र को 25 मई से 28 मई 2026 तक युद्धस्तर पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

## देशी गाय को 'राज्यमाता' का दिया गया सम्मान..

मंत्री प्रताप सरनाईक ने कहा कि, 'उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के प्रयासों से राज्य ने देशी गाय को 'राज्यमाता' का सम्मान दिया है। हिंदू समाज के लिए गोमाता आस्था और संस्कृति का विषय है। ऐसी पवित्र गोमाता की हत्या कर उसकी अवैध तस्करी करने वालों को अब कानून का कड़ा सबक सिखाया जाएगा।'

## हिंदू समाज की आस्थाओं पर हमला..

उन्होंने आगे कहा, 'विशेष त्योहारों के दौरान गोमाता की तस्करी बढ़ जाती है। गोवंश को ठूंस-ठूंसकर, भूखा रखकर, अमानवीय तरीके से वाहनों में भरा जाता है। यह केवल कानून का उल्लंघन नहीं बल्कि हिंदू समाज की आस्थाओं पर हमला है। ऐसे गोतस्करों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।'

## जगह-जगह होगी विशेष नाकाबंदी..

परिवहन आयुक्त कार्यालय द्वारा जारी परिपत्र के अनुसार, राज्य के सीमावर्ती क्षेत्रों, मुंबई सहित प्रमुख शहरों और संवेदनशील मार्गों पर विशेष नाकाबंदी और वाहन जांच अभियान चलाया जाएगा। पशुओं की ढुलाई करने वाले प्रत्येक वाहन की गहन जांच की जाएगी तथा आवश्यक परमिट, प्रमाणपत्र और पशु कल्याण नियमों का पालन हुआ है या नहीं, इसकी जांच की जाएगी।

## वाहनों को सीधे किया जाएगा जब्त..

प्रताप सरनाईक ने स्पष्ट किया कि, 'मोटर वाहन अधिनियम, पशु क्रूरता निवारण अधिनियम और केंद्र सरकार के नियमों का उल्लंघन करने वालों को किसी भी प्रकार की राहत नहीं दी जाएगी। नियमों के खिलाफ परिवहन करने वाले वाहनों को सीधे जब्त किया जाएगा।'

## नियुक्त किए गए विशेष दल..

इस अभियान में परिवहन विभाग के साथ स्थानीय पुलिस, ट्रैफिक पुलिस, पशुपालन विभाग तथा विभिन्न गोसेवा और पशु कल्याण संस्थाओं का समन्वय किया जाएगा। अवैध बूचड़खानों तक पशुओं की आपूर्ति रोकने के लिए विशेष दल भी नियुक्त किए गए हैं।

## राज्य सरकार गोसंरक्षण के लिए प्रतिबद्ध..

प्रताप सरनाईक ने दृढ़ता से कहा, 'गोमाता संरक्षण केवल कानून का विषय नहीं बल्कि हिंदुत्व की अस्मिता का प्रश्न है।

बेजुबान पशुओं पर अत्याचार करने वालों के खिलाफ सरकार झुकेगी नहीं। राज्य सरकार गोसंरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है।' साथ ही उन्होंने इस विशेष अभियान के तहत की गई कार्रवाई की विस्तृत रिपोर्ट शासन को प्रस्तुत करने के आदेश संबंधित अधिकारियों को दिए गए हैं।

# आंधी-तूफान में गिरी 9 मंजिला निर्माणाधीन इमारत, कई मजदूर मलबे में दबे..



डेस्क जगप्रेरणा।

*इस वक्त की बड़ी खबर फिलीपीन से सामने आ रही है। यहां राजधानी मनीला के उत्तर में स्थित एक शहर में निर्माणाधीन 9 मंजिला इमारत अचानक गिर गई। हादसे के दौरान इमारत में कई मजदूर भी मौजूद थे, जो मलबे की नीचे दब गए हैं।*

हादसा रविवार तड़के का बताया जा रहा है। हालांकि कुछ मजदूरों को बाहर निकाल लिया गया है, लेकिन अभी भी दर्जनों की संख्या में मजदूर अंदर फंसे हुए हैं। मलबे में फंसे मजदूरों को बाहर निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है। बताया जा रहा है कि आंधी-तूफान में यह निर्माणाधीन इमारत गिर गई।

## आंधी-तूफान में गिरी इमारत

हादसे की जानकारी देते हुए पुलिस और अन्य अधिकारियों ने बताया कि 22 मजदूर बाहर निकलने में कामयाब रहे, लेकिन कई अन्य अब भी लापता हैं। जानकारी के मुताबिक मनीला के उत्तर में पम्पांगा प्रांत के एंजिल्स सिटी में यह हादसा हुआ। बताया जा रहा है कि आंधी-तूफान के दौरान यह इमारत भरभराकर ढह गई। वहीं पुलिस ब्रिगेडियर जनरल जेस मेंडेज ने बताया कि मलबे में फंसे लोगों को निकालने के लिए पुलिस और अन्य सरकारी विभागों के 100 से अधिक कर्मी बचाव अभियान में जुटे हैं।

## 30 मजदूरों के फंसे होने की आशंका..

हालांकि पुलिस ब्रिगेडियर जनरल जेस मेंडेज तत्काल यह नहीं बता पाये कि इमारत के मलबे में कितने मजदूर अभी भी फंसे हुई हैं। एंजिल्स सिटी के सूचना कार्यालय के प्रमुख जे पेलायो ने बताया कि कम से कम 30 मजदूरों के मलबे में फंसे होने की आशंका जताई जा रही है। उन्होंने यह जानकारी एक निर्माणकर्मी के हवाले से दी, जो इमारत गिरने के दौरान बाहर निकलने में कामयाब रहा था।

## रेस्क्यू ऑपरेशन जारी..

पुलिस और अन्य अधिकारियों ने बताया कि बचावकर्मियों को मलबे से 'आवाजें' सुनाई दे रही हैं, जबकि 24 श्रमिक सुरक्षित निकलने में कामयाब रहे या उन्हें बचा लिया गया। लोक निर्माण सचिव विंजोन डिजोन ने संवाददाताओं से कहा कि दमकलकर्मी, पुलिस और आपदा मोचन दलों सहित बचावकर्मी फंसे लोगों को स्वयं और खोजी कुत्तों की मदद से बेहद खतरनाक परिस्थितियों में खोज रहे हैं। डिजोन ने कहा, 'लोगों के जीवित होने के कुछ संकेत मिल रहे हैं। कुछ आवाजें सुनाई दे रही हैं।' उन्होंने कहा कि बचावकर्मी अत्यधिक सावधानी से आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा, 'यह स्थल अत्यंत अस्थिर है और लोगों को बाहर निकालना प्राथमिकता है।'

दरीयां, मेटींग्स, कार्पेट्स, डोरमेट्स, शॉल, ब्लैंकेट्स, स्कूल की भोजन पट्टियां, ताड़पत्री, मच्छरदानी, ग्रीन नेट, चादरें, बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता
रमनकुमार मेठी हैंडलुम हाऊस
मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया 9890696200

# राष्ट्रीय सेवा योजना मध्य प्रदेश के स्वयं-सेवकों ने एम्स भोपाल में किया रक्तदान..

डेस्क जगप्रेरणा।

*राष्ट्रीय सेवा योजना (रा.से.यो.) मध्य प्रदेश के स्वयंसेवकों द्वारा एम्स भोपाल में स्वैच्छिक रक्तदान कर मानव सेवा एवं सामाजिक उत्तरदायित्व का प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान करते हुए समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाने तथा जरूरतमंद मरीजों की सहायता करने का संदेश दिया।*





रक्तदान करने वाले स्वयंसेवकों में वैशाली रघुवंशी, आयुषी सिन्हा, आंचल शर्मा एवं राहुल लोधी शामिल रहे। स्वयंसेवकों द्वारा दान किया गया रक्त आपातकाल एवं आवश्यकता के समय जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवनदायिनी सहायता साबित होगा। सभी स्वयंसेवकों ने युवाओं से अपील की कि वे नियमित रूप से रक्तदान कर मानवता की सेवा में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें, क्योंकि एक यूनिट रक्त किसी व्यक्ति को नया जीवन दे सकता है।

विशेष रूप से आयुषी सिन्हा ने बारहवें रक्तदान, राहुल लोधी ने पांचवां रक्तदान, वैशाली रघुवंशी ने चौथा रक्तदान एवं आंचल शर्मा ने तीसरा रक्तदान पूर्ण किया। स्वयंसेवकों की यह निरंतर सेवा भावना समाज के लिए प्रेरणादायी है।

एम्स भोपाल के चिकित्सकीय दल द्वारा स्वयंसेवकों के इस सराहनीय योगदान की प्रशंसा की गई। रक्तदान के दौरान सभी आवश्यक स्वास्थ्य मानकों एवं सुरक्षा प्रक्रियाओं का पालन किया गया।

राष्ट्रीय सेवा योजना सदैव समाज सेवा, मानव कल्याण एवं जनजागरूकता से जुड़े कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाती रही है। स्वयंसेवकों का यह सेवा कार्य युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है तथा समाज में सकारात्मक संदेश प्रदान करता है।

# शराब की लत के लिए फटकार लगाने पर व्यक्ति ने मां की हत्या की, गिरफ्तार..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

*ओडिशा के केंद्रपाड़ा जिले में रविवार को एक व्यक्ति को अपनी 70 वर्षीय मां की हत्या करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी।*



पुलिस ने कहा कि बिजय साहू शनिवार रात नशे की हालत में पटुनी गांव स्थित अपने घर लौटा और उसे अपने माता-पिता से डांट पड़ी। अधिकारियों के अनुसार, गुस्से में आकर साहू ने कथित तौर पर अपने 74 वर्षीय पिता नबघन साहू (सीआरपीएफ के सेवानिवृत्त जवान) पर हमला करने की कोशिश की। हालांकि,

उसकी मां हीरामानी साहू ने बीच-बचाव किया और इस दौरान उनके सिर पर लकड़ी के तख्ते से चोट लग गई। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण घर की ओर दौड़े और घायल महिला को राजकनिका स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने बताया कि आरोपी ने घटना के बाद गांव से भागने की कोशिश की, लेकिन ग्रामीणों ने उसे काबू कर लिया और पुलिस को सूचना दी। राजकनिका थाने के प्रभारी संजय कुमार ने कहा, 'आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और उसके खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया है।'

# मौत के 12 दिन बाद ट्विशा शर्मा का अंतिम संस्कार

# मेजर हर्षित ने दी बहन को मुखाग्नि, पुलिस ने मौत वाली जगह जाकर की जांच..

डेस्क जगप्रेरणा।

*मध्य प्रदेश के भोपाल में मौत के 12 दिन बाद ट्विशा शर्मा का अंतिम संस्कार हुआ। भदभदा विश्राम घाट पर मेजर हर्षित ने बहन को मुखाग्नि दी।*



इससे पहले रविवार सुबह दिल्ली एम्स के 4 डॉक्टरों की टीम ने ट्विशा के शव का दूसरा पोस्टमॉर्टम किया। इसमें चार घंटे लगे। दोपहर में पोस्टमार्टम पूरा होने के बाद पुलिस ने ससुराल जाकर मौत वाली जगह जांच की। पुलिस के साथ एम्स डॉक्टर्स की टीम भी मौजूद थी। इस दौरान आत्महत्या वाली जगह का परीक्षण किया गया। पुलिस और डॉक्टर्स की टीम ने स्पॉट वेरिफिकेशन भी किया।

33 वर्षीय ट्विशा मिस पुणे रह चुकी हैं। इनका शव 12 मई को भोपाल के कटारा हिल्स इलाके में ससुराल वालों के मकान में फंदे से लटका हुआ मिला था। चिता को मुखाग्नि दिए जाते ही परिवार के सदस्य फूट-फूटकर रोने लगे।

## क्यों हुआ दूसरा पोस्टमार्टम..

ट्विशा के परिजनों ने आरोप लगाया था कि शुरुआती जांच में उसके शरीर में मौजूद कई चोटों को नजरअंदाज किया गया था। इसके साथ ही उन्होंने दोबारा पोस्टमार्टम कराने की अपील की थी, जिसे मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने स्वीकार कर लिया था। इसी वजह से अंतिम संस्कार में देरी हुई। इस दौरान मुख्य रूप से साक्ष्यों को सुरक्षित रखने और उन चोटों की जांच पर फोकस किया गया, जिन्हें लेकर परिजनों ने आरोप लगाया था। ट्विशा के पिता नवनीधि शर्मा ने बेटी को श्रद्धांजलि देते हुए कहा, ''वह मां की तरह हमारी देखभाल करती थी। उसके बिना कैसे जी पाएंगे, पता नहीं। यह मामला आने वाले समय में एक उदाहरण बनेगा। उच्चतम न्यायालय द्वारा स्वतः संज्ञान लिए जाने से न्याय की उम्मीद जगी है।''

## अंतिम संस्कार के दौरान बेसुध हुई मां..

अंतिम संस्कार की मां बेसुध होने की स्थिति में पहुंच गई थीं। पास में मौजूद महिलाओं ने उन्हें पास के लॉन में ले जाकर चेहरे पर पानी छिड़का। ट्विशा के परिवार ने कहा कि इंतजार के कारण उन्हें हिंदू परंपराओं का उल्लंघन करना पड़ा।

हिंदू परंपराओं के अनुसार मौत के 13 दिन के अंदर अंतिम संस्कार और तेरहवीं कर दी जाती है। मेजर हर्षित शर्मा ने कहा कि ट्विशा भावुक, स्नेही और देखभाल करने वाली लड़की थी। उन्होंने बहन की तुलना सुबह की पहली किरण से की, जो पूरे दिन को रोशन कर देती है। 'वर्दी फाउंडेशन' के संस्थापक सेवानिवृत्त मेजर जनरल श्याम श्रीवास्तव ने कहा, ''हम आखिरी सांस तक लड़ाई लड़ेंगे।''

## ससुराल पक्ष पर आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप..

ट्विशा के परिवार ने ससुराल पक्ष पर दहेज प्रताड़ना और आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया है। वहीं, ससुराल पक्ष का दावा है कि ट्विशा नशे की लत से जूझ रही थीं। ट्विशा की सास गिरिबाला सिंह पूर्व जज हैं और पति समर्थ वकील हैं। इस वजह से यह मामला पूरे देश में चर्चा का विषय बना हुआ है। गिरिबाला सिंह पर बेटे और खुद को बचाने के लिए अपनी पहचान का दुरुपयोग करने के आरोप हैं।

उच्चतम न्यायालय ने भी मामले का स्वतः संज्ञान लिया है। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली तीन न्यायाधीशों की पीठ सोमवार को इस मामले की सुनवाई करेगी।

इसी दिन हाईकोर्ट में गिरिबाला सिंह की जमानत पर भी मध्य प्रदेश हाईकोर्ट में सुनवाई होगी। गिरिबाला सिंह को निचली अदालत से अग्रिम जमानत मिल गई थी, जिसका मध्य प्रदेश सरकार ने विरोध किया है। वहीं, समर्थ सिंह पुलिस रिमांड में हैं।

लेटेस्ट सामग्रीयों की अधिकतम रेंज के साथ..
प्रो. पियुष सिंह बैस
फैशन फैक्ट्री
For Boys & Girls
वॉच, बेल्ट, कैप, फैशनेबल मफलर, मंकी कैप, गॉगल्स (सन ग्लास), इरींग, चैन, की चैन, वॉलेट, परफ्यूम, फैंसी लायटर..
मेन रोड, महावीर चौक, ब्यूटी कॉर्नर के सामने, बालाघाट (म.प्र.) मो.8827333882










दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

लक्ष्मीनारायण दुबे तिरोड़ा
मो. 9404304226




# देवरी में हड़कंप: जि. पं. सदस्य उषाताई शहारे के घर सशस्त्र डकैती का प्रयास विफल..

## 10 डकैत सीसीटीवी में कैद, पुलिस की रात्रिकालीन गश्त पर नागरिकों ने उठाए सवाल..

जगप्रेरणा देवरी।

*जिला परिषद सदस्य उषाताई शहारे के देवरी स्थित चिचगढ़ रोड पर बने आवास पर शनिवार की आधी रात को हथियारबंद डकैतों ने डकैती डालने का सनसनीखेज प्रयास किया।*

हालांकि, परिवार के सदस्यों की सूझबूझ और सतर्कता के कारण चोरों की यह साजिश पूरी तरह से नाकाम हो गई। इस घटना से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है और नागरिकों में भारी डर का माहौल पैदा हो गया है।

### आधी रात का रोमांच: 10 डकैत सीसीटीवी में कैद..

मिली जानकारी के अनुसार, शनिवार की आधी रात के आसपास जब सभी लोग गहरी नींद में थे, तब चिचगढ़ की दिशा से आई एक जाइलो कार नगरसेविका पिंकी कटकवार के घर के सामने रुकी। कुछ ही देर में उस कार से अज्ञात, हथियारबंद डकैतों के एक गिरोह ने उषाताई शहारे के आवास को निशाना बनाया। करीब 10 डकैतों का यह समूह घर के आस-पास संदिग्ध रूप से घूम रहा था। उनके हाथों में घातक हथियार भी थे। वे करीब 90 मिनट तक उषा शहारे के घर की छत (स्लैब) पर मौजूद थे। अनुमान लगाया जा रहा है कि डकैतों का इरादा बगल में रहने वाली नगरसेविका पिंकी कटकवार और ठेकेदार पारस कटकवार के घर में भी घुसने का रहा होगा।

90 मिनट तक रुकने के बाद जब डकैतों ने उषाताई शहारे के घर के सामने का बिजली का स्विच बंद किया, तब शहारे के घर का कुत्ता भौंकने लगा। कुत्ते की आवाज सुनकर उषाताई की सास ने खिड़की खोलकर देखा, तो उन्हें दो चोर भागते हुए दिखाई दिए। उन्होंने जैसे ही ह्यचोर-चोर' चिल्लाना शुरू किया, वैसे ही दसों डकैत वहां से रफू चक्कर हो गए। सुबह सास ने उषाताई को रात में चोर आने की बात बताई। इसके बाद, रात में डकैतों द्वारा की गई यह साजिश बगल में रहने वाले पारस कटकवार के सीसीटीवी कैमरे में कैद पाई गई।

### नागरिकों में दहशत, पुलिस की गश्त पर सवालिया निशान..

रात के समय भी चिचगढ़ मार्ग पर वाहनों की आवाजाही जारी रहती है। साथ ही, पुलिस स्टेशन से महज 500 मीटर की दूरी पर जि. पं. सदस्य उषाताई का घर चिचगढ़ मार्ग के किनारे ही स्थित है। ऐसे में रात को इसी सड़क पर डकैतों की कार डेढ़ घंटे तक खड़ी रही, लेकिन एक बार भी पुलिस की गश्ती गाड़ी वहां से नहीं गुजरी?

इस दुस्साहसिक डकैती के प्रयास के कारण देवरी शहर के नागरिकों में भारी घबराहट फैल गई है। नागरिकों द्वारा अब यह आक्रोशित सवाल पूछा जा रहा है कि यदि जनप्रतिनिधियों के ही घर पर इस तरह सशस्त्र डकैती का प्रयास हो सकता है, तो आम जनता की सुरक्षा का क्या? शहर में अपराध का ग्राफबढ़ रहा है और जनप्रतिनिधि इस पर अक्सर चुप्पी साधे रहते हैं। लेकिन शनिवार की रात को जि. पं. सदस्य और उनके घर से ही सटे नगरसेविका के घर के पास 90 मिनट तक घात लगाकर बैठे डकैतों की इस साजिश के पीछे, क्या डकैती के अलावा कोई और बड़ी साजिश तो नहीं थी? ऐसी चर्चाएं अब जोर पकड़ने लगी हैं।

### बोले स्थानीय नागरिक..

शहर में चोरों का हौसला इतना बढ़ गया है कि उन्हें पुलिस का कोई डर ही नहीं रह गया है। रात के समय पुलिस प्रशासन आखिरकार क्या करता है?

इस घटना के कारण पुलिस की रात्रिकालीन गश्त (Night Patrolling) पर बड़ा सवालिया निशान खड़ा हो गया है, और लोग चर्चा कर रहे हैं कि क्या पुलिस केवल कागजों पर ही गश्त कर रही है।

### पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज..

इस चौंकाने वाली घटना के बाद, जि. पं. सदस्य उषाताई शहारे ने रविवार को देवरी पुलिस स्टेशन पहुंचकर आधिकारिक शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए मामला दर्ज कर लिया है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर डकैतों की तलाश शुरू कर दी है।

इलाके में बढ़ते अपराधों को देखते हुए उषाताई शहारे और स्थानीय नागरिकों ने मांग की है कि पुलिस रात की गश्त को और सख्त करे तथा इस गिरोह का पर्दाफाश कर आरोपियों को तुरंत जेल की सलाखों के पीछे भेजे। आगे की जांच पुलिस द्वारा की जा रही है।

# पेट्रोल-डीजल के दामों में लगातार बढ़ोत्तरी से आम आदमी बेहाल..

**पेट्रोल डीजल के बढ़ते दामो से आम आदमी बेहाल, चौतरफा महंगाई..**

## किसान संकट मे रबी फसल की कटाई एवं कुटाई हुई मंहगी तो खरीफ हंगाम पर भी होगा बड़ा असर..

**गणेश भदाडे जगप्रेरणा आमगांव।**

*देशभर में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में हो रही लगातार बढ़ोतरी ने आम नागरिक की कमर तोड़ दी है। आमगांव शहर में आज पेट्रोल की कीमत 109.54 रुपये और डीजल 96.07 रुपये प्रति लीटर तक पहुंच गई है।*

ईंधन के इस रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने से न केवल वाहन चालक परेशान हैं, बल्कि अब बाजार में चौतरफा महंगाई का खतरा भी मंडराने लगा है इस पेट्रोल डिझेल की बढते दामो का सिधा असर किसान भाईयो पर होते दिखाई दे रहा जहाँ एक ओर खेती मे मजदुर की कमी से किसान यांत्रिक खेती को ओर बढ रहा है वहां पेट्रोल डिझेल की बढते दामो के चलते जंहा एक ओर रबी हंगाम की कटाई एवं कुटाई मंहगी हो गई है वंही खरीफ हंगाम की मशागत मंहगी होने वाली है

### सब्जियों और राशन पर दिखेगा सीधा असर..

स्थानीय ट्रांसपोर्टर्स का कहना है कि डीजल महंगा होने से मालभाड़े (Transportation Cost) में 15 से 20 फीसदी तक की बढ़ोतरी हो सकती है। इसका सीधा असर दूसरे राज्यों और शहरों से आने वाले फल, सब्जियों, दूध और रोजमर्रा के राशन पर पड़ेगा। थोक व्यापारियों के मुताबिक, अगर कीमतें इसी तरह बढ़ती रहीं, तो अगले कुछ ही दिनों में रसोई का बजट पूरी तरह बिगड़ जाएगा।



### बोले वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. टी डि कटरे..

कमाई सीमित, खर्चे असीमित÷स्थानीय निवासी किसी नागरिक संजय बहेकार ने बताया, 'सैलरी बढ़ नहीं रही है, लेकिन पेट्रोल और घर के खर्च लगातार बढ़ रहे हैं। अब मोटरसाइकिल निकालना भी भारी पड़ रहा है।' वहीं गृहिणी उषा देशाई का कहना है कि एलपीजी सिलेंडर के बाद अब डीजल-पेट्रोल की मार से घर चलाना मुश्किल हो गया है।

आर्थिक मामलों के जानकारों का मानना है कि ईंधन की कीमतों में तेजी से बाजार में 'क्रूड इन्फ्लेशन' (कच्चे तेल से जनित महंगाई) का चक्र शुरू हो जाता है। इससे मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की लागत बढ़ती है, जिससे अंततः हर छोटी-बड़ी वस्तु महंगी हो जाती है। जनता अब सरकार से एक्साइज ड्यूटी (उत्पाद शुल्क) और वैट (VAT) कम कर तुरंत राहत देने की गुहार लगा रही है।

# बकरी ईद के दरम्यान जाणीवपूर्वक गोवंश हत्या पर रोक लगाये - विश्व हिंदू परिषद आमगांव ने सौपा निवेदन..

जगप्रेरणा आमगांव।

*विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल की तरफसे आमगांव के पुलिस इंस्पेक्टर तिरुपति राणे को निवेदन दिया गया, जिसमें बकरीद के दौरान जानबूझकर गायों को मारने पर रोक*



लगाने की मांग की गई। भारत में खेती, अर्थव्यवस्था पर्यावरण और संस्कृति की रीढ़ गाय है कितु गायों को बड़े पैमाने पर मारा जा रहा है। यह मामला बहुत गंभीर है और कानून, समाजव्यवस्था और भारत के संविधान के सिद्धांतों के खिलाफ है।

संवैधानिक तौर पर, भारत के संविधान के आर्टिकल 48 के अनुसार, गायों की रक्षा करना राज्य की जिम्मेदारी है, और भारत के संविधान के आर्टिकल 51 A (c) के अनुसार, हर नागरिक का कर्तव्य है कि वह सभी जीवित प्राणियों के प्रति दया रखे। कानूनी तौर पर, महाराष्ट्र एनिमल प्रोटेक्शन एक्ट 1976 (1995 में बदला गया) के तहत गायों को मारने पर पूरी तरह से रोक है और इसका उल्लंघन एक सज़ा वाला अपराध है। साथ ही, प्रिवेंशन ऑफ क्रुएल्टी टू एनिमल्स एक्ट 1960 के अनुसार, जानवरों के साथ क्रुरता करना कानून के तहत एक अपराध है। इसके अलावा, 'गुजरात राज्य बनाम मिजापुर मोती कुरैशी कसाब' केस में सुप्रीम कोर्ट ने साफकिया है कि गोरक्षा जनता के हित में है। इस फैसले में कोर्ट ने कहा, 'गाय की हत्या एक संवैधानिक अपराध है, एक धार्मिक पाप है। गोरक्षा और संरक्षण सिर्फ प्रशासन का ही नहीं, बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है।' अब तक जो संवैधानिक कर्तव्य थे, उनमें अब 'गौ रक्षा' का कर्तव्य भी जुड़ गया है।

भारतीय मवेशी पुराने समय से ही हमारी संस्कृति, सभ्यता और खुशहाली का मुख्य आधार रहे हैं। भारत खेती-बाड़ी वाला देश है। आज के समय में मवेशियों की सुरक्षा बहुत जरूरी हो गई है, नहीं तो केमिकल खेती की वजह से हमारी जमीन खत्म होने की कगार पर है।

बजरंग दल की तरफ से पुलिस इंस्पेक्टर तिरुपति राणे को एक निवेदन दिया गया जिसमें मांग की गई कि ईद के दिन गायों की हत्या न की जाए और शहर में सामाजिक शांति बनी रहे। वक्तव्य देते समय प्रांत संयोजक नवीन जैन, जिला गोरक्षा प्रमुख बालाराम व्यास, ब्लॉक संयोजक प्रणय मेश्राम, नगर अध्यक्ष राजेश मिश्रा, पंकज पारधी, भैरव ढेकवार, राजू बावनथड़े, गौरव पवार, आयुष बेतवाल, गुडू टेभंरे, कोमल पवार आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## जिला स्वास्थ्य अधिकारी का आश्वासन..

# गांधीटोला की डॉ. दोनोडे का बिजेपार का अतिरिक्त प्रभार दो दिनों में हटेगा

### जिला स्वास्थ्य अधिकारी से जि. प. सदस्य श्रीमती विमल कटरे सहित सरपंचों ने की मुलाकात..

राकेश रोकडे जगप्रेरणा सालेकसा।




*सालेकसा तहसील के गांधीटोला स्थित आयुर्वेदिक दवाखाने की स्वास्थ्य सेवा वर्तमान में पूरी तरह से अस्त-व्यस्त हो चुकी है, जिससे नागरिकों में तीव्र नाराजगी व्यक्त की जा रही है। हालांकि इस गंभीर*

मामले को संज्ञान में लेते हुए जिला स्वास्थ्य अधिकारी ने गांधीटोला की वैद्यकीय अधिकारी डॉ. स्नेहा दोनोडे के पास मौजूद बिजेपार का अतिरिक्त प्रभार अगले दो दिनों में हटाने का स्पष्ट आश्वासन दिया है, जिससे नागरिकों को कुछ हद तक राहत मिली है।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बिजेपार की स्वास्थ्य सेवा सुचारु रखने के लिए गांधीटोला की वैद्यकीय अधिकारी डॉ. स्नेहा दोनोडे को अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई थी। लेकिन गांधीटोला दवाखाने में अन्य कोई वैद्यकीय अधिकारी अथवा कर्मचारी उपलब्ध न होने के कारण उनके बिजेपार जाने पर गांधीटोला दवाखाना बंद रहता था, यह वास्तविकता सामने आई। इससे परिसर के ग्रामीण मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था।

विशेष रूप से वृद्ध, महिलाएं, छोटे बच्चे तथा गरीब परिवारों को उपचार के लिए कई किलोमीटर दूर दूसरे गांव के दवाखाने में जाना पड़ रहा था, जिससे नागरिकों में आक्रोश की लहर फैल गई थी। 'सरकारी दवाखाना है या सिर्फ शोभा की वस्तु?' तथा 'एक को बचाने के लिए दूसरे की बलि क्यों?' जैसे सवाल ग्रामस्थों द्वारा उठाए जा रहे थे। इस गंभीर विषय को लेकर जिला स्वास्थ्य अधिकारी से मुलाकात कर विस्तृत चर्चा की गई। चर्चा के दौरान गांधीटोला की स्वास्थ्य सेवा पूरी तरह ठप्प होने की बात उनके संज्ञान में लाई गई। इसके बाद जिला स्वास्थ्य अधिकारी ने तत्काल संज्ञान लेते हुए डॉ. स्नेहा दोनोडे के पास मौजूद बिजेपार का अतिरिक्त प्रभार दो दिनों में हटाने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर जिला परिषद सदस्या श्रीमती विमलताई कटरे, पंचायत समिति सभापति श्रीमती विनाताई कटरे, गांधीटोला सरपंच श्रीमती दिपिकाताई मेंढे, युवा पत्रकार पवन पाथोडे, तिरखेडी सरपंच श्रीमती प्रियाताई शरणागत तथा गिरोला सरपंच रविताताई मेंढे उपस्थित थे।

### बोली श्रीमती विमल कटरे..

उक्त विषय को लेकर जिला स्वास्थ्य अधिकारी से मुलाकात कर मामले की गंभीरता उनके ध्यान में लाई गई। इस पर जिला स्वास्थ्य अधिकारी ने डॉ. दोनोडे का बिजेपार स्थित अतिरिक्त प्रभार दो दिनों में हटाने का आश्वासन दिया। इससे यह समस्या जल्द ही हल होने की उम्मीद है।

## ट्रैक्टर की चपेट मे आये मोटर सायकल चालक पिता की मौत बेटा जखमी मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के गोरेगाव पुलिस थाना अंतर्गत`क्सीडेंट मौत का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 23/ 5/ 2026 के 9 बजे के दरम्यान तुमसर के रोड पर फर्यादी संध्या विरेन्द्रकुमार कासिम उम्र 45 वर्ष निवासी ककोडी के पती और बेटा अपनी मोटरसायकल क्रमांक सी जी 24 यु 5047 से ककोडी आ रहे थे। रास्ते मे तुमसर के रोड पर ट्रॅक्टर क्रमांक एम एच 35 ए डब्ल्यू 7843 के चालक ने अपना वाहन लापरवाही से चलाकर मोटरसायकल को ठोस मारी फर्यादी के पती को गंभीर चोट लगने से उनकी मौत हो गई। और पीछे बैठा बेटा जख्मी होने से दिये शिकायत पर ट्रॅक्टर चालक के खिलाफ पोस्टे गोरेगाव मे अपराध क्रमांक 365/2026 धारा 281,106,1,125, ए, 125, बी, भान्यास 2023 सहकलम 134, ए, बी, मोवाका के तहत अपराध दर्ज कर जॉच सपोनी पोटे पोस्टे गोरेगाव कर रहे है।

## खेत मे सागवान के झाड़ को गमछा बांधकर लगाई फांसी मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के ग्रामीण पुलिस थाना अंतर्गत अकस्मात मौत का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 22/ 5/ 2026 के रात पुरगाव मे कन्हैय्यालाल मंशाराम चायलाटे उम्र 64 वर्ष निवासी पुरगाव ने अपने खेत मे सागवान के झाड को गमछा बांधकर फांसी लगाई है। फर्यादी मोरेश्वर कन्हैय्यालाल चामलाटे के बयान पर पोस्टे गोंदिया ग्रामीण मे अकस्मात मौत क्रमांक 17/2026 धारा 194, भान्यासुस 2023 के तहत मर्ग दर्ज कर जॉच पोहवा कटरे 582 पोस्टे गोंदिया ग्रामीण कर रहे है।

## गोंदिया पुलिस डायरी।।

संजीव बापट, शहर प्रतिनिधि मो। 9922607145

### बहोत बड़ा प्रापर्टी डिलर बनता बोलकर बंदुक से डराकर मारने की दि धमकी मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के ग्रामीण पुलिस थाना अंतर्गत जान से मारने की धमकी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 22/5/2026 के रात 10 बजे के दरम्यान फुलचुर पेठ मे फर्यादी आबिद रमझान पठान उम्र 47 वर्ष निवासी फुलपुर पेठ अपने चाचा के घर से भोजन कर वापस आ रहा था। रास्ते मे रोककर आरोपी ने कहा तु जो प्रापर्टी का धंदा कर रहा है , उसमे मेरा भी हिस्सा रहेगा और अपने पास से बंदुक निकालकर कहा नही तो तेरे सहित पुरे परिवार को जान से मार दूंगा पुलिस मेरा कुछ बिगाड नही सकती धमकी देने से फर्यादी की शिकायत पर पोस्टे गोंदिया ग्रामीण मे अपराध क्रमांक 297/2026 धारा 296,126,2, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाँच पोऊपनी प्रित्तम येरमे पोस्टे गोंदिया ग्रामीण कर रहे है।

### जहर पीने से तबियत खराब हुवे युवक की उपचार के दौरान मौत मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के गोरेगांव पुलिस थाना अंतर्गत अकस्मात मौत का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 20/ 5/ 2026 के रात 10 बजे के दरम्यान घनश्याम जगदिश पारधी उम्र 35 वर्ष निवासी गोरेगाव मे अपने घर मे जहर पिया, उसकी तबीयत खराब होने से उसे ग्रामीण अस्पताल गोरेगाव ले गये जहा प्राथमिक उपचार कर उसे गोंदिया केटीएस रेफर किया गया गोंदिया केटीएस मे उसे उपचार के लिये भर्ती कराया गया जहा उपचार के चलते उसकी मौत हो गई। डाक्टर के मेमो और मर्ग के कागज पोस्टे गोरेगाव मे प्राप्त होने से पोस्टे गोरेगाव मे अकस्मात मौत क्रमांक 16/2026 धारा 194, भानासुस 2023 के तहत मर्ग दर्ज कर जॉच सफौ राजकुमार पवार 418 पोस्टे गोरेगांव कर रहे है।

# सफलता की उड़ान: 10 वीं में आस्था अग्रवाल ने देवरी तहसील में पाया पहला और जिले में तीसरा स्थान..

### अग्रवाल समाज ने किया भव्य सत्कार..

जगप्रेरणा देवरी।

*तहसील की मुल्ला गाव निवासी होनहार छात्रा कु. आस्था शिल्पा मुकेश अग्रवाल ने 10वीं (एसएससी) कक्षा के परीक्षा परिणामों में*



अभूतपूर्व सफलता हासिल करते हुए पूरे क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। आस्था ने 97 प्रति. अंक प्राप्त कर देवरी तहसील में प्रथम क्रमांक तथा संपूर्ण गोंदिया जिले में तृतीय (तीसरा) स्थान हासिल किया है। इस शानदार कामयाबी से उन्होंने अग्रवाल समाज सहित अपने परिवार का नाम रोशन किया है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के उपलक्ष्य में कल, शनिवार (23 मई) को देवरी में अग्रवाल समाज की ओर से आस्था बेटी का उनके घर जाकर पुष्पगुच्छ देकर अत्यंत आत्मीयता के साथ भव्य सम्मान एवं सत्कार किया गया।

### समाज के गणमान्य नागरिकों की रही प्रमुख उपस्थिति..

इस सत्कार समारोह में अग्रवाल समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी और नगर के प्रमुख व्यवसायी मुख्य रूप से उपस्थित थे। सभी ने आस्था के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उसकी इस सफलता को अन्य छात्र-छात्राओं के लिए प्रेरणादायी बताया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पवन अग्रवाल (सचिव, अग्रवाल समाज, देवरी), श्रीराम (बाला) अग्रवाल (कोषाध्यक्ष, अग्रवाल समाज, देवरी), रामगोपाल अग्रवाल (बालाजी हार्डवेयर, देवरी), रामप्रसाद अग्रवाल (गुरुकृपा मोबाइल, देवरी), कमल अग्रवाल (महालक्ष्मी राइस मिल, देवरी), संजय अग्रवाल(मां भगवती राइस मिल, देवरी), सुजीत अग्रवाल (अध्यक्ष, अग्रवाल युवा समिति, देवरी)आदी उपस्थित थे।

### क्षेत्र में हर्ष का माहौल..

आस्था की इस बड़ी सफलता पर उनके माता-पिता, परिजनों और पूरे अग्रवाल परिवार को बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। उपस्थित गणमान्य जनों ने कहा कि ग्रामीण व आदिवासी बहुल क्षेत्र से निकलकर जिले की प्राविण्य सूची (मेरिट लिस्ट) में स्थान पाना बेहद गर्व की बात है। आस्था ने अपनी कड़ी मेहनत और लगन से यह साबित कर दिया है कि यदि संकल्प दृढ़ हो, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है।







जग प्रेरणा
# गोंदिया भंडारा
तिरोड़ा • गोरेगांव • आमगांव • सालेकसा • देवरी • मोरगांव अर्जुनी • तुमसर • साकोली • लाखांदूर



दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
संजीव बापट गोंदिया
मो. 9922607145

महावीर डेवलपर्स गोरेगांव
1 महावीर कॉम्पलेक्स
एन.एच.रोड, बस स्टंड के पास
2. अष्ट विनायक अपार्टमेंन्ट
2 बीचके फ्लेट रेडी पजेशन, लिफ्ट, पार्किंग, बैंक लोन सुविधा.. 3) एनए किये हुए प्लॉट उपलब्ध..
संपर्क-नायरा पेट्रोल पंप मो. 9372316555

# व्यापारी गुमराह होने से बचे, नही कराई जायेगी किसी की भी दुकाने खाली.. नगराध्यक्ष सचिन शेंडे

## शासन के निर्देशानुसार दुकानों के नूतनीकरण हेतु जारी किये गए नोटिस..




जगप्रेरणा गोंदिया।

***गोंदिया नगर परिषद के अध्यक्ष सचिन शेंडे ने नगर परिषद द्वारा 1092 व्यापारियों को दुकान खाली करने संबंधी नोटिस जारी किये जाने पर इसे शासन की प्रक्रिया करार देते हुए व्यापारियों से गुमराह नहीं होने की अपील की है, तथा कहा है कि किसी भी व्यापारी से दुकान नहीं खाली कराई जायेगी।***

नगर परिषद अध्यक्ष सचिन शेंडे ने बयान जारी कर कहा कि राज्य सरकार का 04 नवंबर 2025 का शासन निर्णय है जिसमें यह उल्लेखित है कि जिन दुकानदारों ने विगत 9 वर्षों से दुकानों का रिनीवल (नूतनीकरण) नहीं कराया गया है, उनका नूतनीकरण आवश्यक है जिसके तहत नगर परिषद के ऐसे दुकानदार जिन्होंने अपनी दुकानों का रिनीवल नहीं कराया है, उन दुकानों का रिनीवल कराये जाने के संदर्भ में नोटिस जारी किया गया है। सचिन शेंडे ने आगे यह भी कहा कि राज्य शासन के निर्णय के अनुसार व्यापारियों को 30 साल के लिये दुकानों का रिनीवल प्रदान किया जा सकता है, जबकि वहीं शासन द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का उल्लंघन करते हुए जिन दुकानदारों ने एक मंजिल की अनुमति के बावजूद तीन मंजिला दुकानें बना ली है, ऐसे व्यापारियों को नोटिस जारी किया जाना शासन निर्णय है, जिसके तहत कार्यवाही अग्रेषित की जा रही है।

सचिन शेंडे ने व्यापारियों से अपील की कि किसी भी दुकान को खाली नहीं कराया जायेगा, तथा सभी व्यापारियों को शासन निर्देशों के तहत दुकानों को रिनीवल कराने सहयोग प्रदान किया जायेगा, हमारी अपील है कि व्यापारी नगर परिषद में संपर्क कर अपनी प्रक्रिया जल्द से जल्द पूर्ण करा लें। किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर व्यापारी मुख्याधिकारी या नगर परिषद अध्यक्ष सचिन शेंडे से भी संपर्क कर सकते हैं।

### 24 दिसंबर 2019 के प्रस्ताव पर भी किया जा रहा अमल..

नगर परिषद अध्यक्ष सचिन शेंडे ने यह भी बताया कि गोंदिया नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष अशोक इंगले की अध्यक्षता में 24 दिसंबर 2019 को एक प्रस्ताव नगर परिषद द्वारा लिया गया था, जिसमें प्रस्ताव में सभापति घनश्याम पानतवने और बंटी पंचबुद्धे प्रस्ताव बने थे, जिसके तहत आगामी समय में यह कार्यवाही किया जाना आवश्यक था, जिसके चलते इसी कार्यवाही को आगे बढ़ाते हुए दुकानों के रिनीवल के साथ ही नियम विरुद्ध दुकानों के निर्णय पर कार्यवाही किये जाने के शासन निर्देशों का पालन किया जा रहा है।

### 03 जून से की जायेगी अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही..

नगर परिषद अध्यक्ष सचिन शेंडे ने आगे यह भी बताया कि नगर परिषद अंतर्गत जो भी अतिक्रमण किये गए हैं, उन्हें हटाने की कार्यवाही 3 जून से की जायेगी, लेकिन इस कार्यवाही के साथ ही किसी की भी रोजी रोटी पर आंच ना आए, इसका ध्यान रखते हुए कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित किया गया है।

### व्यापारी नगर विकास की रीढ़ की हड्डी..

नगर परिषद अध्यक्ष सचिन शेंडे ने आगे यह भी कहा कि गोंदिया नगर के विकास एवं संवर्धन के लिये हमेशा ही नगर के व्यापारीयों का सहयोग रहा है तथा व्यापारी नगर विकास की रीढ़ की हड्डी है। सचिन शेंडे ने आगे यह भी अपील की कि नगर विकास के लिये नगर परिषद को सभी प्रकार के कर का समय पर लोग भुगतान करेंगे तो निश्चित ही नगर का विकास तीव्रता से हो सकेगा।

हमारी अपील है कि नगर को स्वच्छ, सुंदर बनाने के लिये नगर के सभी कर दाता जिनके भी कर बकाया हैं, वे अतिशीघ्र अपने कर जमा कर नगर परिषद को सहयोग प्रदान करें।

# आज से शुरु होगी गोंदिया भंडारा विधान परिषद चुनाव की नामांकन प्रक्रिया..

## 01 जुन को है नामांकन की अंतिम तारीख..
## मुंबई और नागपुर से होगा उम्मीदवार का फैसला..
## 31 मई तक उम्मीदवार घोषित कर सकते है राजनीतिक दल..








जगप्रेरणा गोंदिया।

***गोंदिया भंडारा विधानसभा परिषद के चुनाव 18 जून को संपन्न होंगे, तथा 22 जून को चुनाव का फैसला आयेगा। गोंदिया भंडारा विधान परिषद चुनाव की तारीखों का चुनाव आयोग द्वारा ऐलान किये जाने के बाद से चुनावी सरगर्मी बढ़ गई है, तथा आज 25 मई से चुनावी नामांकन फॉर्म भरने का सिलसिला शुरु हो सकेगा।***

गोंदिया भंडारा विधान परिषद चुनाव में खड़े होने के लिये उम्मीदवार 01 जून तक अपना नामांकन फॉर्म जमा कर सकेंगे, तथा इसके बाद फिर चुनाव प्रचार की प्रक्रिया शुरु होगी, और मतदान 18 जून को होगा।

### उम्मीदवार के लिये महायुति में भीड़.. कांग्रेस तलाश में..

गौरतलब है कि गोंदिया भंडारा विधान परिषद चुनाव में बतौर उम्मीदवार चुनाव लड़ने की चाहत रखने वालों की एक बहुत बड़ी संख्या दिखाई दे रही है। गोंदिया के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं संगठन मंत्री वीरेन्द्र अंजनकर (बाळाभाऊ), दिनेश दादरीवाल, सुमित (कालु) भालोटिया, महिलाओं में श्रीमती भावना दीपक कदम आदि का नाम प्रमुखता से लिया जा रहा है, जबकि वहीं नागपुर से भी भाजपा द्वारा उम्मीदवार बनाये जाने के संबंध में चर्चाएं व्याप्त है।

इसी के साथ भाजपा और राष्ट्रवादी कांग्रेस की महायुति में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की ओर से गोंदिया भंडारा विधान परिषद चुनाव में दावा किया जा रहा है, तथा राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की ओर से प्रमुख रुप से पूर्व विधायक राजेन्द्र जैन को उम्मीदवार बनाये जाने के संदर्भ में भी चर्चाएं हो रही है। दावेदारों की लंबी कतार के बावजूद माना जा रहा है कि गोंदिया भंडारा विधान परिषद के इस चुनाव में अंतिम फैसला भाजपा और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रमुख नेताओं में मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस, उप मुख्यमंत्री सुनेत्रा अजीत पवार, सांसद प्रफुल पटेल मिलकर फैसला करेंगे, तथा जो सहमति वरिष्ठ नेताओं के बीच तय होगी, उसके अनुरुप उम्मीदवार का नाम फाईनल किया जायेगा। गौरतलब है कि भाजपा के विपरित कांग्रेस की ओर से विधिवत तौर पर प्रफुल गोपालदास अग्रवाल का नाम संभावित माना जा रहा है, जबकि कांग्रेस की ओर से प्रफुल गोपालदास अग्रवाल के अतिरिक्त कोई नाम संभावित प्रत्याशी के रुप में सामने आता दिखाई नहीं दे रहा है।

### कांग्रेस नही होने देगी निर्विरोध निर्वाच - बोल चुके नाना पटोले..

गौरतलब है कि गोंदिया भंडारा विधान परिषद चुनाव में भाजपा एवं राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के मतदाताओं की संख्या के अनुरुप यह तय है कि गोंदिया भंडारा विधान परिषद चुनाव भाजपा ही जीतेगी, तथा इस स्थिति में कांग्रेस की ओर से कोई उम्मीदवार मैदान में नहीं होगा, और बड़े नेताओं के बीच समन्वय स्थापित कर भाजपा के दिग्गज सफल रणनीति बनाकर चुनाव को निर्विरोध संपन्न कराने में सफल होंगे, ऐसे दावे किये जा रहे हैं, लेकिन इसके विपरित कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने यह स्पष्ट कर दिया है कि कांग्रेस की ओर से गोंदिया भंडारा विधान परिषद क्षेत्र से उम्मीदवार अवश्य मैदान में होगा। कांग्रेस चुनाव को निर्विरोध संपन्न कराने की कोशिश को सफल नहीं होने देगी, ऐसे में देखना होगा कि आगामी विधान परिषद चुनाव कितनी रोचकता से संपन्न होगा, और भाजपा तथा कांग्रेस की ओर से आखिरकार उम्मीदवार के रुप में कौन मैदान में होगा।

TYRE WORLD
(अपोलो टायर्स के अधिकृत विक्रेता)
★टायर ★अलाईनमेन्ट
★बैलेंसिंग ★नाइट्रोजन
हिंदुस्थान ऑटोमोबाईल के पास, रामनगर, गोंदिया
79991 54494, 98233 95921

मराठा स्पोर्ट्स
9284744867
9112026507
7006748047
T-shirt
Lower
Short
Shoes etc.
All Sports Items Available
नारायण लॉन के सामने क्रिडा संकुलन मरारटोली, गोंदिया


# प्रभाग क्रमांक 14 से संजय महेश शर्मा संहित 8 बने विशेष कार्यकारी अधिकारी..



जगप्रेरणा गोंदिया।

***महाराष्ट्र शासन द्वारा बुधवार 04 मार्च को असाधारण प्राधिकृत परिपत्र के अंतर्गत गोंदिया के 126 युवकों को 05 वर्ष हेतु कार्यकारी*** अधिकारी मनोनित किया है, जिसमें गोंदिया के प्रभाग क्रमांक 14 से 08 व्यक्तियों को विशेष कार्यकारी अधिकारी मनोनित किया गया है, जिसमें गोंदिया के प्रभाग क्रमांक 14 से 08 व्यक्तियों में श्री गणेश कड़व, श्री प्रदीप ठवरे, श्री संजय महेश शर्मा, श्री नईम खान, श्री गुणवंतराव चंदनकर, श्री रमेश श्रीवास्तव, श्री संदीप कोसमकर, श्री रमेश सहारे, श्री प्रेमलाल बावनथड़े को विशेष कार्यकारी अधिकारी महाराष्ट्र शासन मनोनित किया गया है। इन सभी ने अपने मनोनयन पर सांसद श्री प्रफुलभाई पटेल, पूर्व विधायक राजेन्द्र जैन तथा जिला राष्ट्रवादी कांग्रेस महामंत्री अशोक सहारे का आभार माना है।

# गोंदिया भंडारा विधान परिषद चुनाव में भाजपा महिला को बनाए उम्मीदवार.. - छैलबिहारी अग्रवाल



जगप्रेरणा गोंदिया।

***गोंदिया भंडारा विधान परिषद के चुनाव आगामी 18 जून को संपन्न होने जा रहे हैं, जिसमें संख्या बल के अनुरुप भाजपा महायुति के उम्मीदवार की जीत तय मानी जा रही है, ऐसे में महायुति और भाजपा का उम्मीदवार गोंदिया का स्थानीय चेहरा ही होना चाहिये, और यह उम्मीदवार महिला होनी चाहिये, यह मांग गोंदिया के*** वरिष्ठ विदर्भवादी नेता छैलबिहारी अग्रवाल ने की है। छैलबिहारी अग्रवाल ने कहा कि गोंदिया भंडारा संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधि लगातार भंडारा के स्थानीय नेताओं के पास दिया जा रहा है, तथा इस तरह से गोंदिया की उपेक्षा की जा रही है। सांसद सुनिल मेंढे भी भंडारा के निवासी थे, जबकि विधायक परिणय फुके का भी अधिकांश ध्यान भंडारा पर ही केन्द्रित रहा, जिसके कारण गोंदिया अपेक्षित विकास में पिछड़ रहा है, इस स्थिति में गोंदिया भंडारा विधान परिषद में अब भाजपा महायुति का संयुक्त उम्मीदवार गोंदिया का स्थानीय उम्मीदवार हो, तथा जिस तरह से भाजपा महिला आरक्षण की बात करती है, गोंदिया भंडारा विधान परिषद की विधायक अब एक महिला को होना चाहिये, जिससे कि गोंदिया भंडारा के बीच समन्वय की स्थिति बन सके और महिलाओं को प्रतिनिधित्व भी दिया जा सके।

श्री अग्रवाल ने कहा कि गोंदिया भंडारा विधान परिषद में भाजपा के पास जुझारु और सक्षम नेताओं की कमी नहीं है, तथा महिला नेतृत्व में अच्छी छबी के साथ जमीनी स्तर पर कार्य करने वाली भावना कदम जैसी सशक्त महिला नेत्री भी भाजपा के पास है, इसलिये भाजपा के दिग्गज नेता गोंदिया को तथा महिला नेतृत्व को प्राथमिकता दें, ऐसी मेरी मांग है, तथा यदि भाजपा महायुति में महिला नेतृत्व को अवसर प्रदान करती है, तो इससे महिला सशक्तिकरण की दिशा में यह भाजपा का सशक्त कदम होगा।

### व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

*बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। पाठक अपने ग्रुप में जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं।*

### - सूचना -

यदि आपको प्रतिदिन दैनिक जगप्रेरणा समाचार पत्र नही मिल रहा हो तो कृपया दिनेश उके से मोबाईल नंबर 9860558902 पर संपर्क करें।

एक अच्छी माँ सौ शिक्षकों के बराबर होती है, इसीलिए, उसका हर हाल में सम्मान करना चाहिए ...
प्रोग्रेसिव्ह इंग्लिश स्कूल
AFFILIATED TO CBSE BOARD SCHOOL
चुलोद रोड, गोंदिया (महा.)
प्रवेश प्रारंभ २०२६-२७
इंग्रजी माध्यमांच्या नामांकित योजने अंतर्गत गोंवारी समाजाच्या विद्यार्थ्यांना CBSE बोर्डाचे वर्ग 1 ली पासुन वर्ग 12 वी पर्यंत मोफत शिक्षण देणे या योजने अंतर्गत प्रवेश प्रक्रिया सुरु आहे.
प्रवेशाचे वर्ग 1 ली ते 5 वी व प्रवेशासाठी लागणारे कागदपत्रे
वर्ग 1 ली करीता
• आंगनवाडीचा दाखला
• जन्माचा दाखला
• आधार कार्डची झेरॉक्स
• वडीलांचे जात प्रमाणपत्र Caste cer.
• उत्पन्नाचा दाखला (2 लाख पर्यंत)
• विद्यार्थ्यांची फोटो (दोन)
• रहिवासी प्रमाणपत्र
वर्ग 2 री ते 5 वी करीता
• शाळेचे बोनाफाईड
• जन्माचा दाखला
• आधार कार्डची झेरॉक्स
• वडीलांचे जात प्रमाणपत्र Caste cer.
• उत्पन्नाचा दाखला (2 लाख पर्यंत)
• विद्यार्थ्यांची फोटो (दोन)
• रहिवासी प्रमाणपत्र
सोयी सुविधा
• निसर्गरम्य वातावरणात संपूर्ण सुविधासह शाळा व वस्तीगृह
• चांगली शिस्त, प्रेमळ आणि काळजी घेणारे शिक्षक
• अत्याआधुनिक संगणक कक्ष, संगीत कक्ष, वाचनालय, प्रयोग शाळा
• योगा, खेळ, सांस्कृतिक कार्यक्रम, सहल इत्यादी
• वर्ग 1ली ते 5वी च्या विद्यार्थ्यांकरीता देखरेखी साठी विशेष काळजीवाहक
• विद्यार्थ्यांच्या आंघोळी करीता गरम पाण्याची व्यवस्था
• पिण्याच्या पाणीसाठी R.O. ची व्यवस्था
• संपूर्ण परिसर सी.सी.टी.व्ही. च्या देखरेखिंत
• निवासी विद्यार्थ्यांना विशेष वेगडे वाचनकक्ष व अतिरिक्त वर्गाची सुविधा
• निवासी विद्यार्थ्यांना गणवेश, शालेय साहित्य, नाईट ड्रेस, स्पोर्टस ड्रेस,
• जोडे व इतर साहित्य देण्यात येतील.
अधिक माहिती आणि प्रवेश करीता संपर्क -
प्रोग्रेसिव्ह इंग्लिश स्कूल - चुलोद रोड, गोंदिया (महा.)
- संपर्क क्रमांक - 8788818958 / 7666420255
9673180645 / 8793884385

अंकुर टेस्ट ट्युब बेबी एंड रिसर्च सेंटर
बंधत्व पीड़ितों के लिये एक आशा की किरण
उपलब्ध सुविधाऐं..
■ टेस्ट ट्युब बेबी (IVF ET)
■ इक्सी टेस्ट ट्युब बेबी (ICSI)
■ (IUI) आय.यू.आय.
■ अधिक उम्र में मातृत्व
■ ओव्हम डोनेशन द्वारा
■ बंद फॉलोपियन ट्युब खोलना
■ पुरुष बंधत्व निदान व उपचार
■ शुक्राणु बैंक सुविधा
■ सोनोग्राफी
■ हार्मोंस की जांच
■ हार्मोंस की गड़बड़ी की ईलाज
■ दुरबीन द्वारा ऑपरेशन
डॉ. संजीव चिटणवीस
अस्थि रोग विशेषज्ञ
डॉ.सौ.प्रणिता चिटणवीस
प्रसुति, स्त्रीरोग व बंधत्व चिकित्सा विशेषज्ञ
एक्सीडेंट हॉस्पीटल व अंकुर क्लिनिक
गणेश नगर, गोंदिया फोन - 07182 - 236692 मो. 9823970754

गोंदिया शहर में दैनिक जगप्रेरणा की प्राप्ति हेतु संपर्क करें..
जग प्रेरणा
चौरसिया पान सेंटर
जय स्तंभ चौक बस स्टॉप, गोंदिया
मो. 08806083231

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक - स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक - आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल - jagprernaw@gmail.com